सुप्रभात

रांची, बुधवार

13.09.2023

* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 64




12 फसल विविधता के सच्चे संरक्षक कृषक : द्रौपदी मुर्मु




कांग्रेस-झामुमो पर आम लोगों को गुमराह करने का आरोप

# भाजपा की सरकार बनी तो जीएम लैंड का मिलेगा मालिकाना हक : बाबूलाल मरांडी

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि महागठबंधन सरकार जान-बूझकर बहाली प्रक्रिया में डाल रही विघ्न



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/सिमरिया।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि कांग्रेस-झामुमो आम जनता को गुमराह कर रहे हैं। श्री मरांडी मंगलवार को सिमरिया विधानसभा क्षेत्र में संकल्प सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार बनी तो जीएम लैंड का मालिकाना हक दिया जायेगा। उन्होंने फायरिंग रेंज मामले में कहा कि मोदी जी लोगों को बसाने का कार्य करते हैं, उजाड़ने का नहीं। विपक्ष का काम है लोगों को भड़काना। उन्होंने कहा कि सीएए हो या कृषि कानून या अन्य मामलों में दुष्प्रचार किया गया। उन्होंने कहा कि चतरा-हजारीबाग समेत प्रदेश के कई इलाके में जीएम लैंड की बंदोबस्ती कर लोग घर व खेत बनाकर खेती बाड़ी कर रहे हैं। जीएम लैंड का अधिग्रहण हेमंत सरकार में बिना मुआवजा के हो रहा है, जो की सरासर गलत है।

उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार में अपराधियों में कानून का डर समाप्त हो गया है। झारखंड में प्रत्येक दिन पांच से ज्यादा हत्या, दुष्कर्म, अपहरण की घटना से जनता भयभीत है। हेमंत सोरेन जान-बूझकर ऐसी नियमावली बना रहे हैं ताकि बहाली प्रक्रिया बाधित रहे। उन्होंने कहा कि मौजूदा महागठबंधन सरकार ने पंचायत चुनाव में पिछड़ों के आरक्षण को नजरअंदाज कर चुनाव कराया। ट्रिपल टेस्ट नहीं कराकर कोर्ट के आदेश की अवहेलना भी की। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने कोर्ट में पिछड़ा आयोग बनाकर ट्रिपल टेस्ट करवाने की बात कही थी जो अब तक अधूरी है।

संकल्प यात्रा के जनसभा में ज़िलाध्यक्ष अशोक शर्मा, सांसद सुनील सिंह, विधायक किशून दास, बालमुकुन्द सहाय, जय प्रकाश भोक्ता, जनार्दन पासवान, युगल किशोर, योगेन्द्र प्रताप सिंह सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कार्यों की समीक्षा की

# झारखंड में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने का रखें सामूहिक लक्ष्य: के रवि कुमार

2024 में होने वाले चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए आवश्यक कदम उठाने के दिये निर्देश



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए सामूहिक लक्ष्य रखना होगा। श्री रवि कुमार मंगलवार को अपने कार्यालय स्थित सभागार में 13 विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों की ओर से चलाये जा रहे टर्न आउट इंप्लीमेंटेशन प्लान की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने बताया कि पिछले चुनाव में झारखंड राज्य का मतदान प्रतिशत राष्ट्रीय मतदान प्रतिशत से थोड़ा कम था। इसे बढ़ाने के लिए कार्य योजना तैयार कर जोर-शोर से काम करना होगा।

उन्होंने कहा कि पिछले चुनाव में राज्य के 9 शहरी एवं 42 ग्रामीण विधानसभा क्षेत्रों में मतदान का प्रतिशत राष्ट्रीय मतदान प्रतिशत से कम था। **कोई मतदाता छूटे ना**, के लक्ष्य के साथ सभी अधिकारियों को समर्पित भाव से कार्य करना है। उन्होंने निर्वाचक निबंधन पदाधिकरियों से कहा कि अपने क्षेत्र में बूथ लेवल तक जाकर वहां के मतदान प्रतिशत कम होने के कारणों को जाने और योजना बनाकर उन्हें दूर करने का कार्य करें।

इस अवसर पर 13 विधानसभा क्षेत्रों से आये निर्वाचक निबंधन पदाधिकारीयों ने पीपीटी के माध्यम से अपने क्षेत्र में मतदाता जागरूकता एवं नये मतदाताओं के पंजीकरण के लिए चलाये जा रहे कार्यों के बारे में बताया । उन्होंने अपने क्षेत्र में आने वाली कुछ व्यवहारिक समस्याओं को भी रखा।

बैठक में केके गुप्ता, प्रेम कुमार तिवारी, राजेश्वर नाथ आलोक, कमलेश्वर नारायण, मुमताज अली अहमद, मुमताज अंसारी, सुरजीत कुमार सिंह, शैलेश कुमार, पूनम कुजूर, राजेश कुमार साह,नीत निखिल सुरीन के अलावा अवर सचिव देव दास दत्ता, संजय कुमार एवं निर्वाचन कार्यालय के अन्य संबंधित पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

# भाजपा के सुनील तिवारी और अनुरंजन अशोक को दें सुरक्षा

## बाबूलाल मरांडी ने लिखा डीजीपी को पत्र, कहा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने डीजीपी अजय कुमार सिंह को पत्र लिखा है। ईमेल के जरिये भेजे गये पत्र में उन्होंने अपने सलाहकार सुनील तिवारी और अनुरंजन अशोक, साहिबगंज खनन घोटाला मामले में शिकायतकर्ता को सुरक्षा देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में सुनील तिवारी और उन्होंने भी मुख्य सचिव को विस्तारपूर्वक मामले की जानकारी दी है। हाल के दिनों में ऐसे कई मामले सामने आये हैं, जिसमें खतरे के आशंका को लेकर पीड़ितों ने पुलिस को लिखित सूचना दी। लेकिन पुलिस ने कुछ नहीं किया। जिससे पीड़ित की हत्या हो गई। सुनील तिवारी और अनुरंजन अशोक के मामले में इस तरह की स्थिति आने से पहले उन्हें सुरक्षा मुहैया कराई जाये।

### अनुरंजन अशोक को भी पांच दिन पहले धमकी दी गयी



उन्होंने कहा कि साहिबगंज खनन घोटाला के खिलाफ एफआइआर के लिये थाने में लिखकर देने वाले अनुरंजन अशोक को भी पांच दिन पहले मोबाइल पर जान से मारने की धमकी दी गई। उन्होंने कहा कि डीजीपी की यह जिम्मेदारी है कि राज्य में अमन चैन कायम रहे। सत्ता पोषित या कोई दूसरे गुंडे-मवाली राज्य में उत्पात नहीं मचायें और राजनैतिक द्वेष से किसी के खिलाफ पुलिस कोई फर्जी पीड़क कार्रवाई न करे।

## बाबूलाल आज जायेंगे छत्तीसगढ़ कई जनसभा में होंगे शामिल

**तीन विधानसभा क्षेत्र के कार्यक्रम में होंगे शामिल**

**बाबूलाल मरांडी की आज पलामू की संकल्प सभा कार्यक्रम स्थगित**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी 13 सितंबर बुधवार को सुबह 8 बजे चार्टर्ड प्लेन से छत्तीसगढ़ के लिए रवाना होंगे। इस कारण से पलामू जिले में आयोजित संकल्प सभा स्थगित रहेगी। श्री मरांडी 11 बजे पूर्वाह्न छत्तीसगढ़ के बकावंड में बस्तर विधानसभा क्षेत्र की जनसभा को और 2.30 बजे अपराह्न मानपुरी में नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र की जनसभा को संबोधित करेंगे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अपराह्न 4.30 बजे कोंडागांव में विधानसभा क्षेत्र स्तरीय रोड शो में हिस्सा लेंगे। देर शाम श्री मरांडी छत्तीसगढ़ से रांची लौट आयेंगे।

ईडी की विशेष अदालत में विजय हांसदा की दर्ज हुई गवाही

# ₹1000 करोड़ के खनन घोटाला मामले में ईडी का गवाह अपने पूर्व के बयान से मुकरा

**ईडी को लगा झटका**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में मंगलवार को पंकज मिश्रा के 1000 करोड़ रुपये के अवैध खनन से जुड़े मामले में विजय हासंदा की गवाही दर्ज की गई। वह पूर्व के बयान से मुकर गया। इससे ईडी को झटका लगा है। उसकी गवाही बुधवार को भी जारी रहेगी। विजय हांसदा मंगलवार को बगैर किसी पूर्व सूचना के अचानक गवाही देने कोर्ट पहुंच गया था। ईडी ने उसको गवाही के लिए समन नहीं किया था। जानकारी के अनुसार बचाव पक्ष के कहने पर गवाही देने पहुंचा था। जबकि, ईडी ने गवाही कराने के लिए राजमहल के सब-रजिस्ट्रार को बुला रखा था। गवाह सब-रजिस्ट्रार गवाही बॉक्स में चढ़ते। तब तक अचानक विजय हांसदा गवाही देने कोर्ट आ धमका। कोर्ट के निर्देश पर विजय हांसदा की गवाही प्रांरभ हुई। इससे ईडी के वकील की परेशानी बढ़ गई। कारण उसने गवाह सब-रजिस्ट्रार को तैयार कर रखा था। गवाही के दौरान विजय हांसदा पलटी मार दिया। जिसके आधार पर ईडी ने केस दर्ज किया है। वही अदालत में गवाही के दौरान मुकर गया। सब-रजिस्ट्रार को लौटना पड़ा। मामले की सुनवाई ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में चल रही है। विजय हांसदा की गवाही पूरी नहीं हो सकी। बुधवार को बचाव पक्ष के वकील विजय हांसदा का जिरह करेंगे।

# 28 न्यायिक अफसरों को दिया गया प्रमोशन

## रांची, दुमका, देवघर, पाकुड़, रामगढ़, गुमला, कोडरमा, गढ़वा, हजारीबाग और जमशेदपुर के सीजेएम को मिला लाभ



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के 28 न्यायिक सेवा के पदाधिकारियों को प्रमोशन मिला है। राज्य सरकार ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। वर्तमान में झारखंड के अलग-अलग जिलों में सब जज (अवर न्यायाधीश) रैंक में पदस्थापित न्यायिक पदाधिकारियों को जिला जज रैंक में प्रोन्नत किया गया है। जिन न्यायिक सेवा के पदाधिकारियों को प्रोन्नति दी है। उसमें - सत्यपाल, धर्मेंद्र सिंह, कुमार कांति प्रसाद, संजीव कुमार वर्मा, प्रफुल्ल कुमार, कुसुम कुमारी, निरुपम कुमार, शैलेंद्र कुमार, सूरज प्रकाश ठाकुर, शंकर कुमार महाराज, मिथिलेश कुमार सिंह, अशोक कुमार (3), शेखर कुमार, संजय कुमार (3), फहीम किरमानी, आनंद मणि त्रिपाठी, मनोज कुमार शर्मा, सूर्य मणि त्रिपाठी, कुमारी वैशाली श्रीवास्तव, लक्ष्मीकान्त, संतोष आनंद प्रसाद, कुलदीप, ऋचा श्रीवास्तव, सुनील दत्त द्विवेदी, निशांत कुमार, पुरुषोत्तम कुमार गोस्वामी, मंजु कुमारी और नीरज कुमार का नाम शामिल है।

साइबर अपराधियों का गढ़ बन रही है राजधानी रांची, हर 100 में 25वां पीड़ित रांची का

# 5 साल में रांची में 1376 साइबर ठगी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी रांची साइबर अपराधियों का गढ़ बन रहा है। पुलिस के आंकड़ों पर गौर करें तो झारखंड में 100 में से हर 25वां व्यक्ति जो साइबर अपराधियों के द्वारा ठगी का शिकार होता है वह राजधानी रांची का होता है। पांच साल में सबसे ज्यादा ठगी की घटना को अंजाम साइबर अपराधियों ने राजधानी में ही दिया है। साइबर अपराध के मामले में रांची एक नंबर पर है। साल 2019 से अगर हम साइबर अपराध के आंकड़ों पर गौर करें तो 2019 में मात्र राजधानी में मात्र 481 मामले रिपोर्ट हुए। 2020 में ये मामले घट कर 286 हो गए। 2021 में 257, 2022 में 257 और साल 2023 में अब तक 138 मामले दर्ज किए गये हैं। 2019 से लेकर 2023 तक कुल 1376 मामले दर्ज हुए हैं।

**कहां-कहां दर्ज हुए हैं मामले**



| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रांची- | 1376 | पलामू- | 179 | चाईबासा- | 94 |
| धनबाद- | 416 | लातेहार- | 164 | गुमला - | 92 |
| देवघर - | 391 | सरायकेला- | 157 | पाकुड़- | 87 |
| जामताड़ा- | 338 | बोकारो- | 149 | साहिबगंज- | 86 |
| जमशेदपुर- | 385 | दुमका - | 121 | कोडरमा - | 74 |
| हजारीबाग- | 335 | गोड्डा - | 119 | लोहरदगा - | 46 |
| गिरिडीह- | 289 | चतरा - | 114 | खूंटी- | 45 |
| रामगढ़- | 183 | गढ़वा- | 99 | सिमडेगा - | 43 |

### सबसे ज्यादा लंबित मामले भी रांची में

राजधानी रांची में 1376 साइबर मामले दर्ज हुए है जिनमें से 1045 मामले अभी भी लंबित हैं। राज्य के दूसरे जिलों में धनबाद के 416 मामलों में 287 मामले लंबित हैं।

वहीं देवघर में 119 जमशेदपुर में 246, हजारीबाग में 279, जामताड़ा में 149, गिरिडीह में 103, रामगढ़ में 43, पलामू में 155, लातेहार में 124, सरायकेला में 127, बोकारो में 93, दुमका में 111, गोड्डा में 40, चतरा में 65, चाईबासा में 41, गुमला में 51, पाकुड़ में 67, साहिबगंज में 75, कोडरमा में 48, लोहरदगा में 29, खूंटी में 30, सिमडेगा में 14, रेल थाना जमशेदपुर में एक और रेल धनबाद में एक मामले लंबित हैं।

# विधायक ढुल्लू महतो की माता के निधन से भाजपा मर्माहत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने विधायक ढुल्लू महतो की माता के निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है। श्री मरांडी ने आत्मा की शांति केलिये प्रार्थना करते हुये कहा कि परम पिता परमेश्वर ढुल्लू महतो की माता की आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें तथा परिजनों को दुख की बेला में धैर्य और साहस प्रदान करें। पार्टी के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, कर्मवीर सिंह, सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय सहित प्रदेश के सभी पदाधिकारियों ने उनके निधन पर शोक जताया है।

# झारखंड राज्य पुलिस शिकायत प्राधिकार के अध्यक्ष बनाये गये पीआरके नायडू

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** रिटायर्ड आईपीएस पीआरके नायडू झारखंड राज्य पुलिस शिकायत प्राधिकार के अध्यक्ष नियुक्त किये गये हैं। इससे संबंधित अधिसूचना मंगलवार की देर शाम गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से जारी कर दी गई है।

**कौन हैं पीआरके नायडू :** झारखंड में पूर्व पदस्थापित आइपीएस पीआरके नायडू मानवाधिकार आइजी समेत कई महत्वपूर्ण पदों पर रहे। इसके बाद उन्हें रक्षाशक्ति विवि में वीसी का पद दिया गया था। उनकी नियुक्ति तत्कालीन राज्यपाल और कुलाधिपति (वर्तमान में राष्ट्रपति) द्रौपदी मुर्मू ने की थी। राज्य सरकार के परामर्श के बाद इनकी नियुक्ति को लेकर अधिसूचना जारी की गयी थी।

आगामी चुनाव को लेकर झारखंड के लोकसभा क्षेत्रों में प्रभारी एवं संयोजकों की नियुक्ति की घोषणा

# प्रदेश कांग्रेस ने जारी की सूची : रांची लोकसभा प्रभारी बनाये गये सुबोधकांत सहाय, संयोजक अनादि ब्रम्ह व केशव महतो कमलेश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन कर लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर झारखंड के अंतर्गत आने वाले लोकसभा क्षेत्रों में प्रभारी एवं संयोजकों की नियुक्ति की घोषणा की है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव सह झारखंड प्रभारी अविनाश पांडेय के अनुमोदन के बाद प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने इसकी सूची जारी की है। इस मौके पर मुख्य रूप से प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, जलेश्वर महतो, शहजादा अनवर, प्रदेश महासचिव सह प्रवक्ता राकेश सिन्हा, डॉ एम तौसीफ उपस्थित थे।

## लोकतंत्र व संविधान की मर्यादा के लिए मजबूती से लड़ना है लोस चुनाव : राजेश



इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि लोकतंत्र एवं संविधान की मर्यादा की मजबूती कांग्रेस एवं इंडिया गठबंधन को करना है। सभी लोग एकजुट होकर महंगाई, बेरोजगारी, एवं नफरत से लोगों को निजात दिलाने के लिए संकल्पित हैं। ऐसे में आनेवाले लोकसभा चुनाव को मजबूती से लड़ने की आवश्यकता है। इसको ध्यान में रखते हुए झारखंड के प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं मंत्री, विधायक, सांसद एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेतागण को लोकसभावार जिम्मेवारी सौपी गयी है, जो लोकसभा क्षेत्रवार स्थानीय एवं प्रमुख मुद्दों को प्रमुखता देते हुए झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी को रिपोर्ट करेंगे।

## प्रदेश अध्यक्ष द्वारा जारी सूची के अनुसार प्रभारी और संयोजक



**रांची- लोकसभा** संयोजक अनादि ब्रम्ह एवं केशव महतो कमलेश, लोकसभा प्रभारी सुबोधकांत सहाय।

**राजमहल- लोकसभा** संयोजक मणिशंकर, लोकसभा प्रभारी प्रदीप यादव।

**दुमका-लोकसभा** संयोजक सुलतान अहमद, लोकसभा प्रभारी दीपिका पांडेय सिंह।

**गोड्डा-लोकसभा** संयोजक केएन झा, लोकसभा प्रभारी आलमगीर आलम।

**चतरा-लोकसभा** संयोजक जयशंकर पाठक, लोकसभा प्रभारी धीरज प्रसाद साहू।

**कोडरमा-लोकसभा** संयोजक अनवर अंसारी, लोकसभा प्रभारी बादल पत्रलेख।

**गिरिडीह-लोकसभा** संयोजक ब्रजेन्द्र प्रसाद सिंह, लोकसभा प्रभारी शहजादा अनवर।

**धनबाद-लोकसभा** संयोजक अजय दुबे, लोकसभा प्रभारी जलेश्वर महतो एवं बन्ना गुप्ता।

**जमशेदपुर-लोकसभा** संयोजक रमा खलखो, लोकसभा प्रभारी डॉ अजय कुमार।

**सिंहभूम-लोकसभा** संयोजक डीएन चाम्पिया, लोकसभा प्रभारी गीता कोड़ा।

**खूंटी-लोकसभा** संयोजक कालीचरण मुण्डा, लोकसभा प्रभारी बन्धु तिर्की।

**लोहरदगा-लोकसभा** संयोजक प्रदीप तुलस्यान, लोकसभा प्रभारी सुखदेव भगत।

**पलामू-लोकसभा** संयोजक भीम कुमार, लोकसभा प्रभारी डॉ रामेश्वर उरांव।

**हजारीबाग-लोकसभा** संयोजक अशोक चौधरी, लोकसभा प्रभारी डॉ प्रदीप बलमुचू।

# धनबाद-डेहरी ऑनसोन इंटरसिटी का परिचालन सासाराम तक

**जारी होगा शेड्यूल**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** धनबाद से डेहरी ओन-सोन तक चलने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस अब सासाराम तक जायेगी। इस संबंध में रेलवे बोर्ड ने डेहरी ओन-सोन से सासाराम तक इस ट्रेन के परिचालन पर मुहर लगा दी है। जल्द ही ट्रेन के सासाराम तक चलने का शेड्यूल जारी किया जायेगा। धनबाद रेल मंडल ने इस साल फरवरी में ही इस ट्रेन के सासाराम तक विस्तार का प्रस्ताव रेलवे बोर्ड को भेजा था। जिसके बाद अब रेलवे बोर्ड ने सासाराम तक विस्तार को हरी झंडी दी है। ट्रेन के विस्तार से बिहार के कई शहरों तक पहुंचने की राह आसान होगी।

बता दें कि धनबाद-डेहरी ऑन सोन इंटरसिटी धनबाद से सुबह 5:30 बजे खुलकर दोपहर 12:25 पर डेहरी ऑनसोन पहुंचती है। डेहरी ऑनसोन में तीन घंटे 25 मिनट रुकने के बाद शाम 3:50 पर खुलकर रात 10:20 पर धनबाद आती है। डेहरी ऑनसोन में लगभग साढ़े तीन घंटे तक ठहरने से इस ट्रेन के सासाराम तक विस्तार में अड़चन नहीं है। परिचालन विस्तार के साथ ही धनबाद से डेहरी ऑनसोन के लिए अभी 284 किमी की दूरी तय करनी पड़ती है। सासाराम तक विस्तार से अब 18 किमी की दूरी बढ़ेगी। धनबाद से सासाराम के लिए 302 किमी का फासला तय होगा।

सुप्रभात
रांची, बुधवार
13.09.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ



khabarmantra.net | भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 64

12 अरगोड़ा पूजा पंडाल में दिखेगी झारखंडी संस्कृति की झलक

## झारखंड को मिली पहली विस्टाडोम कोच वाली ट्रेन की सौगात

### आज सुबह रांची में भी उदघाटन समारोह

- जयंत सिन्हा, अन्नपूर्णा, अंबा ने उठाया नये कोच का आनंद

**खबर मन्त्र टीम**

**गिरिडीह, कोडरमा।** आखिरकार लंबे इंतजार के बाद गिरिडीह, कोडरमा, हजारीबाग और रामगढ़ के लोगों को विस्टाडोम कोचवाली इंटरसिटी एक्सप्रेस की सौगात मिल ही गयी। मंगलवार को न्यू गिरिडीह-रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन गिरिडीह से हरी झंडी दिखाकर केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह कोडरमा की सांसद अन्नपूर्णा देवी ने रांची के लिए रवाना किया। बुधवार से इसका नियमित रूप से परिचालन शुरू हो जायेगा। भारतीय रेल ने झारखंड की हसीन वादियों का लुत्फ उठाने के लिए यात्रियों को विस्टाडोम कोच से लैस इस ट्रेन की सौगात दी है। विस्टाडोम कोच में सवार होकर अन्नपूर्णा देवी कोडरमा पहुंचीं। सांसद जयंत सिन्हा हजारीबाग से ही बरकाकाना जंक्शन पहुंचे थे। कार्यक्रम में गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार, बरकट्ठा विधायक अमित यादव, जमुआ विधायक केदार हाजरा और गांडेय विधायक सरफराज अहमद भी मौजूद थे। इससे पहले भारतीय रेल द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें वक्ताओं ने कई महत्वपूर्ण बातों से वहां मौजूद लोगों को अवगत करवाया। बरकाकाना स्टेशन से सांसद जयंत सिन्हा और विधायक अंबा प्रसाद ने हरी झंडी दिखाकर आगे रवाना किया।

**150 साल में पहली दफा गिरिडीह से चली सीधी ट्रेन :** विस्टाडोम कोच वाली इस ट्रेन लोगों के लिए खासा आकर्षण का केंद्र है और इसे लेकर वो उत्साहित भी हैं। ट्रेन के चलने से गिरिडीह के लोगों में काफी खुशी है। 150 साल में गिरिडीह के इतिहास में यह पहला मौका है, जब गिरिडीह से कोई सीधी ट्रेन चली है।

(शेष पेज 11 पर)

### अन्नपूर्णा देवी ने गिरिडीह से झंडी दिखा किया रांची रवाना

#### ये है ट्रेन का रूट

यह ट्रेन गिरिडीह, जमुआ, धनवार, महेशपुर, कोडरमा, हजारीबाग टाउन, बरकाकाना, मेसरा, टाटी सिल्वे होते हुए रांची तक का सफर तय करेगी। रांची से यह ट्रेन सुबह 6 बजे खुल कर टाटी सिल्वे, मेसरा, बरकाकाना, हजारीबाग टाउन, कोडरमा, महेशपुर हॉल्ट, धनवार, जमुआ होते हुए दोपहर 01 बजे न्यू गिरिडीह स्टेशन पहुंचेगी। एक घंटा के बाद दोपहर 02:00 बजे न्यू गिरिडीह से ट्रेन वापस रांची के लिए खुलेगी। पुनः उसी रूट से चल कर देर शाम 9:30 बजे रांची पहुंचेगी।




पहली विस्टाडोम कोच वाली ट्रेन को रवाना करते कोडरमा व गिरिडीह सांसद व उपस्थित अन्य।

#### यह अविस्मरणीय सौगात है : सांसद जयंत सिन्हा

इंटरसिटी ट्रेन में सवार होकर सांसद जयंत सिन्हा हजारीबाग से ही बरकाकाना जंक्शन पहुंचे थे। पूरे रास्ते उन्होंने हसीन वादियों का लुत्फ उठाया। उन्होंने कहा कि रेल मंत्रालय ने झारखंड वासियों को जो सौगात दी है वह अविस्मरणीय है। आज लोग जंगल सफारी और जू में विस्टाडोम की तरह ओपन जीप और छोटी कर में घूमते हैं। लेकिन हर दिन गिरिडीह से रांची तक के सफर को यादगार बनाने के लिए यह इंटरसिटी ट्रेन अपने आप में अनोखी है।

### न्यूज डायरी

#### गुरुजी की सेहत में सुधार अस्पताल से शीघ्र छुट्टी संभव

**रांची।** दिल्ली के गंगाराम अस्पताल में भर्ती झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन की तबीयत में सुधार हो रहा है। उनकी हालत अब काफी बेहतर बतायी जा रही है। डॉक्टरों के अनुसार उन्हें जल्द असपताल से छुट्टी मिल सकती है। कुछ महीने पहले भी उन्हें गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में इलाज चला था।

#### संत आसाराम बापू की जमानत अर्जी खारिज

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने एक नाबालिग से दुष्कर्म के जुर्म में उम्रकैद की सजा काट रहे स्वयंभू धर्मगुरु आसाराम बापू की जमानत याचिका मंगलवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति एस वी एन भट्टी की पीठ ने संक्षिप्त सुनवाई के बाद कहा कि याचिकाकर्ता उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटा सकता है।

#### आज विष्णु अग्रवाल की जमानत पर सुनवाई

**रांची।** ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत में जमीन घोटाले मामले के आरोपित व्यवसायी विष्णु अग्रवाल की जमानत याचिका पर अब बुधवार को सुनवाई होगी। ईडी के विशेष लोक अभियोजन शिव कुमार ने बताया कि न्यायाधीश के छुट्टी में रहने की वजह से मामले में 13 सितम्बर को सुनवाई होगी।

#### पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन 15 तक

**नयी दिल्ली।** पद्म पुरस्कारों के वास्ते नामांकन या सिफारिशें 15 सितंबर तक ऑनलाइन की जा सकती हैं। विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों के लिए दिये जाने वाले देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कारों में शामिल पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री शामिल है। इसकी शुरुआत वर्ष 1954 में की गयी थी और इनकी घोषणा हर वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर की जाती है।

#### भगवान का मुकुट और अष्टधातु की मूर्ति चोरी

**मेदिनीनगर।** जिला मुख्यालय मेदिनी नगर के शिवाला घाट स्थित प्राचीन शिव मंदिर में चोरी हो गयी है। अष्टधातु से बनी लड्डू गोपाल की मूर्ति और भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी जी का मुकुट और कान का हिस्सा चोरी हो गया है। अष्टधातु की मूर्ति लाखों की है।

#### पाकुड़ में गला रेतकर नाबालिग लड़के की हत्या

**पाकुड़।** जिले एक नाबालिग की निर्मम हत्या कर दी गयी। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र की है। गंधाईपुर अंजना के पास अपराधियों ने सोमवार देर रात गला रेतकर एक नाबालिग की हत्या कर दी।

#### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 55,500 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 73,000 रु./प्रति किलो |

### चाकुलिया में शहीदों को नमन कर सीएम ने बांटी परिसंपत्ति, कहा

## केंद्र नहीं दे रहा आवास हम अपने स्तर से देंगे

- राज्य को आगे बढ़ा कर ही दम लेंगे
- झारखंड के साथ केंद्र का सौतेला व्यवहार

**खबर मन्त्र टोली**

**जमशेदपुर/ रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने ज्यादातर बातें संथाली भाषा में कही। इस दौरान उन्होंने कहा कि *नोआ दिशोम रे अबुआ सरकार, दिल्ली रे उपुल बाहा सरकार।* (यहां हम सबकी सरकार है जबकि दिल्ली में कमल फूल वाली सरकार है) वह हमारे साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। केंद्र की सरकार ने आवास देना बंद कर दिया है, अब हम अपने स्तर पर आपको आवास देने जा रहे हैं।

उनकी सरकार शहीदों और उनके परिजनों को मान-सम्मान और हक-अधिकार देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। श्री सोरेन मंगलवार को पूर्वी सिंहभूम के चाकुलिया के कुरुकोचा में शहीदों की स्मृति में आयोजित श्रद्धांजलि सभा सह परिसंपत्ति वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि देश की रक्षा और जल, जंगल, और जमीन की खातिर शहादत देने वाले वीर-शहीदों को नमन है। कार्यक्रम के दौरान सीएम ने जनजातीय पारंपरिक शासन व्यवस्था के पदाधिकारी मानकी, मुंडा, माझी, जोग, गोड़ेत, परगनैत आदि को आवास देने की घोषणा की।

(शेष पेज 11 पर)

#### युवा राइस मिल खोलें, सरकार पूरी मदद देगी



सीएम ने युवाओं से राइस मिल लगाने में आगे आने की अपील की और कहा, सरकार उनके लिए विशेष व्यवस्था करेगी। उन्होंने कहा कि चाकुलिया-बहरागोड़ा और घाटशिला जैसा इलाकों में कभी कई राइस मिल थे। पर आज हालात अच्छे नहीं है। सरकार ने राइस मिलों को बढ़ावा देने की दिशा कई निर्णय लिये हैं। एक दर्जन से ज्यादा राइस मिल खोलने की अनुमति दी गयी है और जल्द ही ये सभी चालू हो जायेगी। उन्होंने कहा कि राइस मिल खोलने वालों को 40 प्रतिशत अनुदान सरकार दे रही है।

#### झारखंडी न कभी झुकता है और न ही रुकता है

सीएम ने कहा कि झारखंड के आदिवासी-मूलवासी न कभी झुके हैं और न कभी रुके हैं। हर मोर्चे पर संघर्ष करते रहे हैं। इतिहास गवाह है कि यहां के अनेक वीरों ने समाज और देश की खातिर अपनी कुर्बानी दी है। भगवान बिरसा मुंडा, सिदो-कान्हू, तिलका मांझी और नीलांबर पीतांबर जैसे अनेक वीर शहीद अंग्रजों और शोषण तथा अन्याय के खिलाफ संघर्ष का नेतृत्व करते अपनी शहादत दे दी। आज भी कई ऐसे वीर शहीद गुमनाम हैं। उनकी पहचान कर उन्हें सम्मान देने की दिशा में सरकार लगातार प्रयास कर रही है। शहीदों और उनके परिजनों को पूरा मान सम्मान देना हमारा संकल्प है।

## लालू का संकट बढ़ा, सीबीआइ को मिली केस चलाने की अनुमति

### जमीन के बदले नौकरी : तीन रेलवे अफसरों पर भी चलेगा केस

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** लैंड फॉर जॉब घोटाला मामले में लालू यादव की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। इस मामले में अब पूर्व रेल मंत्री लालू यादव पर केस चलेगा। केंद्र सरकार से सीबीआइ को इसकी इजाजत मिल चुकी है। सीबीआइ ने कोर्ट को भी इस बारे में सूचित कर दिया है। मंगलवार को राउज एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई के दौरान सीबीआई ने कोर्ट को सूचित किया कि केंद्र सरकार ने लालू यादव सहित तीन अन्य रेलवे अधिकारियों के खिलाफ केस चलाने की अनुमति दे दी है।

(शेष पेज 11 पर)



**अगली सुनवाई 21 को :** इसके साथ ही विशेष सीबीआइ जज गीतांजलि गोयल ने मामले को अगली सुनवाई के लिए 21 सितंबर को सूचीबद्ध करने का आदेश दिया। लैंड फॉर जॉब मामले में तीन जुलाई को पेश की गयी इस नयी सप्लीमेंट्री चार्जशीट में तेजस्वी यादव, लालू यादव, राबड़ी देवी सहित अन्य लोग भी आरोपित हैं। इस मामले में लालू, राबड़ी और मीसा भारती पहले ही जमानत पर हैं। उल्लेखनीय है कि इस घोटाले में तत्कालीन रेल मंत्री लालू प्रसाद के साथ-साथ पश्चिम मध्य रेलवे (डब्ल्यूसीआर) के तत्कालीन जीएम, डब्ल्यूसीआर के दो सीपीओ और निजी व्यक्तियों सहित कुल 17 आरोपियों के खिलाफ सीबीआइ ने तीन जुलाई को दूसरी चार्जशीट दाखिल की थी। लालू, उनकी पत्नी, दो बेटियों और अज्ञात लोक सेवकों और निजी व्यक्तियों सहित 15 अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

## इडी के समन को मुख्यमंत्री की चुनौती पर 15 को सुनवाई संभव

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** जमीन घोटाला मामले में इडी के समन को सीएम हेमंत सोरेन ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। रिट पिटीशन दायर कर मुख्यमंत्री ने ईडी के अधिकार को चुनौती दी है। संभव है सुप्रीम कोर्ट में इस मामले की 15 को सुनवाई हो। इडी की ओर से 24 अगस्त को दोबारा समन जारी कर पूछताछ के लिए बुलाने के खिलाफ सीएम की ओर से 23 अगस्त को डायरी संख्या 34686/ 2023 फाइल की गयी थी। उस आधार पर 24 अगस्त को रिट पिटीशन संख्या 000378/ 2023 रजिस्टर्ड हुआ था। वेरिफिकेशन भी 11 सितंबर को हो चुका है। अब केस की संभावित तारीख 15 सितंबर तय हुई है। हालांकि सीएम की अधिवक्ता श्वेता सिंह परिहार का कहना है कि अभी पुख्ता तौर पर नहीं कहा जा सकता है कि 15 सितंबर को सुनवाई हो ही जाये। समन मिलने के बाद सीएम ने इडी के अधिकार को चुनौती देते हुए केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय और प्रवर्तन निदेशालय को प्रतिवादी बनाया है। इस मामले में प्रवर्तन निदेशालय के अधिवक्ता मुकेश कुमार मरोरी की ओर से कैविएट फाइल किया जा चुका है।

(शेष पेज 11 पर)

### चाईबासा में फिर धमाका, ट्रैक्टर चालक और खलासी हुए घायल

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम में नक्सलियों का आतंक जारी है। इस बार सीआरपीएफ जवानों के लिए राशन ले जाने वाले ट्रैक्टर को माओवादियों ने उड़ाने का प्रयास किया। हमले में चालक और खलासी गंभीर रूप से घायल हो गये। गोईलकेरा थाना क्षेत्र स्थित कुईड़ा गांव के पास नक्सलियों ने जवानों को क्षति पहुंचाने आइइडी लगा रखा था। हाथिबुरु सीआरपीएफ कैंप के लिए सामग्री लेकर जा एक ट्रैक्टर उसकी चपेट में आ गया। जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर का पहिया आइइडी पर चढ़ गया, जिससे जोरदार विस्फोट हुआ। चालक बबलू बोदरा और खलासी लोबो गोप गंभीर रूप से घायल हो गये। (शेष पेज 11 पर)

### रांची में 15 को ईस्टर्न रीजनल पुलिस कोऑर्डिनेशन कमेटी की बैठक

## साइबर, नक्सल जैसे मुद्दों पर बनेगी साझी रणनीति

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** 15 सितंबर को झारखंड पुलिस मुख्यालय में ईस्टर्न रीजनल पुलिस को-ऑर्डिनेशन कमेटी की बैठक रखी गयी है। इस अहम बैठक में बिहार, बंगाल, ओड़िशा और छत्तीसगढ़ के पुलिस अधिकारी शामिल होंगे। जिसमें नारकोटिक्स, नक्सल, साइबर और तस्करी जैसे मामलों पर आपसी सहयोग को बढ़ाने की रणनीति पर चर्चा की जायेगी। बैठक की अध्यक्षता झारखंड पुलिस प्रमुख अजय कुमार सिंह करेंगे। पिछली बार को-ऑर्डिनेशन कमेटी की बैठक पटना में हुई थी।

**आपसी सहयोग जरूरी :** झारखंड में नक्सलवाद के खात्मे के लिए दो पड़ोसी राज्य बंगाल और छत्तीसगढ़ बेहद महत्वपूर्ण हैं। छत्तीसगढ़ से ही झारखंड में नक्सलवाद को पोषण मिल रहा है। स्पेशल ब्रांच की सूचना के अनुसार कोल्हान इलाके में छत्तीसगढ़ के नक्सलियों की तादाद लगातार बढ़ रही है। ऐसे में कोऑर्डिनेशन कमेटी की बैठक बेहद महत्वपूर्ण है। खुफिया सूचनाओं के रियल टाइम जानकारी के लिए इस बार पुलिस संगठन में हर राज्य से नोडल अफसर बनाये जाने की तैयारी की जा रही है। (शेष पेज 11 पर)

#### पुलिस मुख्यालय में होगी बैठक

झारखंड पुलिस मुख्यालय में होनेवाली बैठक में पांच राज्यों की पुलिस एक साथ साइबर अपराध से लेकर नक्सली अभियान और खुफिया सूचनाओं के रियल टाइम शेयरिंग को लेकर रणनीति बनायेगी। इसमें आइबी के ज्वाइंट डायरेक्टर स्तर के अधिकारी भी शामिल होंगे।



स्पीड न्यूज़

## बारी और धावाडीह मुखिया ने की डीडीसी से मुलाकात



सतबरवा पलामू। प्रखंड क्षेत्र के बारी गांव के मिडिल स्कूल में मैट्रिक की पढ़ाई शुरू कराने की मांग को लेकर मंगलवार को बारी पंचायत की मुखिया निरोतमा कुमारी और धावाडीह पंचायत की मुखिया रिंकी यादव ने डीडीसी पलामू से मुलाकात की और उन्हें एक आवेदन भी सौंपा। जिसमें बताया गया है कि पंचायत में मैट्रिक की पढ़ाई के लिए एक भी विद्यालय नहीं है, जबकि मिडिल स्कूल में 5 साल पहले हाई स्कूल तक पढ़ाई के लिए भवन बनकर तैयार है। मैट्रिक तक पढ़ाई नहीं होने के कारण छात्रों को कई किमी दूर पैदल जाकर पढ़ने जाना पड़ता है। इसमें ज्यादा कठिनाई छात्राओं को होती है। मुखिया के अनुसार हाईस्कूल का भवन है,चारदीवारी नहीं होने के कारण विद्यालय के जमीन को अतिक्रमण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि राज्यपाल के नाम से रजिस्ट्री स्कूल के जमीन को कुछ लोगों के द्वारा बिक्री कर दी गई है। मुखिया रिंकी यादव ने बताया कि डीडीसी ने बालिकाओं के पढ़ाई की समूचित व्यवस्था कराने के मुखिया के पहल पर विचार करने का आश्वासन दिया।

## पाटन एमओ ने किया लक्ष्मी समूह पीडीएस दुकान का निरीक्षण



पाटन पलामू। पाटन एमओ सखी चन्द दास के द्वारा लक्ष्मी समुह पीडीएस दुकान का जांच किया गया। जांच के दौरान टंडवा ग्राम के सैकड़ों लाभुकों ने तीन माह से डीलर के द्वारा राशन नहीं दिये जाने की शिकायत की। पाटन एमओ ने कहा कि लाभुकों द्वारा किये गये शिकायत के आलोक में जांच में शिकायत सही पाये जाने पर कारवाई के लिए लिखा जायेगा। बीकुआ ग्राम के लोगों ने बताया कि हमलोग राशन लगभग तीन किलोमीटर जाकर लक्ष्मी समुह पीडीएस से राशन लेते हैं। उनलोगों ने पाटन एमओ से पास के ही पीडीएस दुकान के पास से राशन दिलाने की मांग की। सगुना पंचायत मुखिया प्रतिनिधि रंजीत सिंह ने भी बीकुआ के ग्रामीणों की परेशानी को देखते हुए पास के पीडीएस दुकान से लोगों को राशन दिलवाने के लिए कहा। जांच के दौरान लाभुक सुजंति देवी, सुमत देवी, नगीया कुंवर, जाफो देवी, शांति देवी, अनुज भुईयां, शीला देवी, ललिता देवी, कबुतर देवी, विमला देवी व ग्रामीण उपस्थित थे।

## भाजपा नगर मंडल ने किया मिट्टी संग्रह



मेदिनीनगर। भाजपा नगर मंडल मेदिनीनगर द्वारा वार्ड नंबर 11 नगर निगम क्षेत्र में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम चलाकर घर-घर जाकर लोगों से उनके घर की मिट्टी मांगकर संग्रह किया। कार्यक्रम में भाजपा नेता मनोज सिंह, मंगल सिंह, नरेंद्र पांडे, भोला सिंह, शिवकुमार मिश्र, अविनाश वर्मा, छोटू सिन्हा, दीपक सिंह, नंदलाल गुप्ता, सुशील श्रीवास्तव, विकास सिंह, अनिल सोनी, दीपक सिंह, जीवन लाठ, बंशी सिंह, संजीव पेंटर, सतीश कुमार, देवकी प्रसाद, पप्पू कुमार, अजीतआनंद दुबे,नारायण साव, अजय ठाकुर, मनदीप प्रजापति, किशोर सिन्हा, पिंकू सिंह सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया मिट्टी संग्रह



मोहम्मदगंज पलामू। मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत मोहम्मदगंज प्रखंड क्षेत्र में मंडल अध्यक्ष नीरज कुमार सिंह के नेतृत्व में कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसमे घर घर घूमकर मिट्टी को घड़े में संग्रहित किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश नेता कामेश्वर प्रसाद कुशवाहा के अलावा सांसद प्रतिनिधि महेन्द्र प्रसाद सिंह, सी बी रमण सिंह, कामेश्वर मेहता, नर्वदेश्वर सिंह, प्रभु प्रसाद, विश्वनाथ चौधरी, रौशन कुमार, सुशील कुमार मेहता, राजीव मेहता सहित कई कार्यकर्ता शामिल है। इस मौके पर कुशवाहा ने कहा कि तिरंगा देश के शहीदों की बदौलत मिला है, शहीदों का लहू देश की मिट्टी के कण कण में है, पूरे देश मे यह कार्यक्रम जारी है। मंडल अध्यक्ष नीरज कुमार सिंह ने कहा कि 17 सितंबर तक प्रखंड क्षेत्र में यह कार्यक्रम चलेगा, जिसमे घर घर घूमकर मिट्टी को संग्रहित किया जाएगा।

## हनुमान मंदिर परिसर में किया गया पौधरोपण



उंटारी रोड पलामू। प्रखंड के मुरमा खुर्द ग्राम स्थित हनुमान मंदिर के प्रांगण में स्वच्छ भारत अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी के द्वारा आम का पौधा लगाया गया। साथ ही इच्छुक लोगों के बीच पौधा का वितरण भी किया गया। साथ ही लोगों को पेड़ बचाने एवं गांव को स्वच्छ रखने का शपथ दिलाया गया। वही भाजपा के प्रदेश सह संयोजक रवीद्र नाथ उपाध्याय ने लोगों को बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत, समृद्ध भारत के लिए आपको भारी पैमाने पर पेड़ लगाना होगा। इस अवसर पर स्वच्छ भारत अभियान के जिला संयोजक शंभू शरण सिंह, बिफन मेहता, भिखारी शर्मा, बैजनाथ सिंह, अर्जुन मेहता, उमेश चौधरी,सेवा अवकाश प्राप्त शिक्षक कोदू राम,मंदिर के पुजारी श्याम मूरत पाठक,मंदिर के सेवक राम जी राम, विजय बैठा, महेंद्र चंद्रवंशी, विनोद यादव, राम केसर चौहान, प्रभु प्रजापति, संतोष रजक, कमलेश चौधरी, समिनदर चौधरी, रामचंद्र मेहता, सहित कई लोग मौजूद थे।

## उदेश बने चक दुर्गा पूजा कमेटी के अध्यक्ष



मनातू पलामू। चक दुर्गा पूजा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी धूमधाम से मनाने को लेकर चक देवी मंदिर प्रांगण में बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता अशोक अग्रवाल ने की। बैठक में दुर्गा पूजा को धूमधाम से मनाने पर विस्तार से सभी बिंदुओं पर चर्चा किया गया। जिसमें पिछले वर्ष की भांति भक्ति मनोरंजन कार्यक्रम करने की बात कही गई। बैठक में कमिटी गठित की गई। जिसमें दुर्गा पूजा कमिटी के अध्यक्ष उदेश यादव, सचिव विनोद प्रजापति, कोषाध्यक्ष संतोष यादव प्रमुख पति को सर्वसम्मति से बनाया गया।

## खेल से बच्चों में नेतृत्व क्षमता का विकास होता है : बीपीएम रेखा





हरिहरगंज पलामू। स्थानीय सीता प्लस टू उच्च विद्यालय स्टेडियम में मंगलवार को दो दिवसीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता आरंभ हुई। कार्यक्रम का उदघाटन बीपीएम रेखा कुमारी, सीता प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक अजय कुमार राय सहित अन्य शिक्षकों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। बीपीएम ने कहा कि खेल से बच्चों में एकजुट होकर प्रयास करने का गुण तथा नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। उन्होंने बताया कि दो दिवसीय प्रतियोगिता में प्रखंड के सभी स्तर के सरकारी विद्यालय के छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं। प्रखंड स्तर के विजेता खिलाड़ी जिला स्तरीय प्रतियोगिता में खेलने जाएंगे। आयोजित प्रतियोगिता में छात्राओं के कबड्डी जूनियर के लिए राजकीय कन्या मध्य विद्यालय हरिहरगंज तथा सीनियर वर्ग में बालिका उच्च विद्यालय के खिलाड़ियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं छात्र जूनियर वर्ग में स्तरोन्नत उच्च विद्यालय खड़गपुर तथा सीनियर वर्ग में सीता प्लस टू उच्च विद्यालय हरिहरगंज के खिलाड़ी अव्वल रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाध्यापक हरिद्वार प्रसाद सिंह ने किया। इस अवसर पर शिक्षक नीतीश कुमार, प्रणव कुमार, नवीन कुमार, संजीव कुमार, पूजा कुमारी, ममता कुमारी, रिंकू कुमार, मोहम्मद कौशर आलम, पीयूष कुमार, आलोक कुमार, भरदुल पासवान, ओरेंद्र यादव, अब साद, राजकुमार रवि, सलमा लकड़ा, विवेक कुमार, नीरज कुमार, उदय कुमार, नरेंद्र रवि सहित बड़ी संख्या में छात्र व लोग उपस्थित थे।

# प्राचीन शिविर में अष्टधातु की मूर्ति व मुकूट की चोरी

मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरा में कैद हुआ चोर तलाश में जुटी पुलिस



खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। शहर थाना क्षेत्र में छोटी छोटी चोरी की घटना घटती ही रह रही है। इसमें चोर इतने निडर हैं कि मंदिर में स्थापित भगवान को भी चुराने में कोई कोताही नहीं बरत रहे हैं।

चोरों ने बीती रात्रि को शहर थाना क्षेत्र के कोयल नदी के तट पर शिवाला घाट स्थित प्राचीन शिव मंदिर में चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरों ने मंदिर में स्थापित भगवान श्रीकृष्ण की मूर्ति जो अष्टधातू से निर्मित है उसे चुरा लिया। वहीं भगवान विष्णु एवं माता लक्ष्मी के सिर पर लगे चांदी के मुकूट एवं कान के बाली को भी चुरा लिये। इस मामले में मंदिर के पुजारी एवं प्रबंधक द्वारा शहर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। मंदिर में चोरी की घटना से आसपास के लोग काफी आक्रोशित हैं। मंदिर के पुजारी सुनिल चौबे जब मंगलवार को अहले सुबह मंदिर पहुंचे तो वे देखा कि ताला टुटा हुआ है। अंदर से भगवान लड्डू गोपाल की मूर्ति गायब है। इसकी सूचना उन्होंने मंदिर के संरक्षक गणेश गिरी को दी। इसके बाद शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा को चोरी होने की सूचना दी गई। सूचना पाते ही शहर थाना प्रभारी मंदिर परिसर में पहुंचकर मामले का जायजा लिया। मंदिर में लगे सीसीटीवी के फुटेज को देखते हुए चोरों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी अभियान प्रारंभ कर दिया।

इस मंदिर की स्थापना 1867 में की गई थी। तब से लेकर आज तक कभी मंदिर में किसी प्रकार की चोरी की घटना नहीं घटी थी। गिरी ने बताया कि नदी के किनारे से मंदिर में आने जाने के लिए एक छोटा सा गेट बना हुआ है। जिस गेट में ताला लगा रहता है। उसी ताले को तोड़कर चोर मंदिर में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। इस चोरी की घटना से शहर के तमाम मंदिर के पूजारियों में भय व्याप्त हो गया है कि कहीं चोर किसी और मंदिर को अपना निशाना न बना लें।

इसे लेकर शहर के विभिन्न मंदिरों के पूजारी एवं प्रबंधकों के बीच हड़कंप मच गया है कि मंदिर की सुरक्षा कैसे किया जा सके। इस संबंध में शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा ने बताया कि चोरों की गिरफ्तारी के लिए संभावित स्थानों पर छापेमारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि चोर का सुराग मिल चुका है। इसे जल्द ही गिरफ्तार किया जायेगा।

# आस्था से खेलने वालों को कड़ी सजा मिले : अरुणा शंकर



खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। कोयल नदी किनारे शिवाला घाट स्थित प्राचीन शिव मंदिर में बीती रात्रि को अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। चोरी की घटना की सूचना पाते के साथ ही नगर निगम के प्रथम महापौर अरूणा शंकर ने क्षोभ प्रकट करते हुए कहा कि इस घटना की निंदा जितनी भी की जाये वह कम होगी। उन्होंने कहा कि यह मंदिर लगभग 150 वर्ष पुराना है। इस मंदिर में अष्ट धातु से बना हुआ भगवान श्री कृष्ण एवं भगवान विष्णु, माता लक्ष्मी के चांदी का मुकूट चुरा लिया गया है। मूर्ति करीब दो किलो का था। उन्होंने कहा कि यह आस्था के साथ खिलवाड़ है। इस मंदिर में शहर समेत जिले के विभिन्न गांवों से लोग पूजा करने एवं शादी विवाह समेत अन्य धार्मिक कार्य करने के लिए आते हैं जो लोगों से आस्था से जुड़ा मंदिर है। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से मांग किया कि 48 घंटे के अंदर मूर्ति और मुकुट बरामद कराते हुए चोरों को कठोर से कठोर सजा दिलाने का काम किया जाये। ताकि आनेवाले भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृति न हो। उन्होंने कहा कि इस मार्मिक समय में मंदिर के ट्रस्ट एवं जन जन के आस्था के साथ मैं सदैव खड़ी हूं।

# विधानसभा क्षेत्र में बिछेगा सड़कों का जाल : विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी

विश्रामपुर, पांडु, उंटारी व नावाबाजार प्रखंड में सौ करोड़ 86 लाख लागत से बनेगा 23 सड़क

प्रेसवार्ता कर विश्रामपुर विधायक ने गिनायी अपनी उपलब्धियां



खबर मन्त्र संवाददाता

विश्रामपुर (पलामू)। पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि विश्रामपुर विधान सभा क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछेगा। विस क्षेत्र का कोई भी मुख्य व ग्रामीण सड़क कच्चे का नही रहेगा। सबका पक्कीकरण कराया जायेगा। चंद्रवंशी मंगलवार को विश्रामपुर के आरसीआइटी कॉलेज में आयोजित प्रेसवार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने बताया कि विश्रामपुर, पांडु, उंटारी व नावाबाजार प्रखंड में सौ करोड़ 86 लाख की लागत से 23 सड़कों का पक्कीकरण होगा जिसकी स्वीकृति झारखंड सरकार द्वारा मेरे प्रयास से मिली है। जिसमे से 75 प्रतिशत सड़क योजनाओ का निविदा प्रक्रिया प्रारंभ हो चुका है। शेष 25 प्रतिशत योजनायें निविदा स्तर पर पहुचने की प्रक्रिया में है। उन्होंने बताया कि विश्रामपुर प्रखंड में 13,पांडु प्रखंड में आठ, नावाबाजार प्रखंड में दो व उंटारी रोड प्रखंड में दो सड़के बनेगीं। सभी 23 सड़के गांवों को मुख्य मार्ग या प्रखंड व जिला मुख्यालय से जोड़ेगी। चंद्रवंशी ने जनता को आगाह करते हुये कहा कि चुनाव लड़ने की मंशा पाले हुये कुछ तथाकथित समाजसेवी सस्ती लोकप्रियता हेतु कच्ची सड़को के मरम्मत के नाम पर लोगो को बेवकूफ बना रहे है, उनसे सावधान रहने की जरूरत है। उन्होंने आम लोगो से अपील किया है कि जो भी जनहित की योजनायें छूट गयी हो तो मुझे अवगत कराएं, उसका भी क्रियान्वयन कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि विश्रामपुर विस क्षेत्र का पूर्ण विकास ही मेरा एक मात्र लक्ष्य है। जल्द ही विश्रामपुर झारखंड के अग्रणी विधानसभा क्षेत्र के रूप में जाना जायेगा। प्रेसवार्ता में विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव व नगर प्रतिनिधि राजन पांडेय भी मौजूद थे।

# एसपी के निर्देश पर यातायात प्रभारी ने चलाया अतिक्रमण मुक्त अभियान



खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। शहर के विभिन्न मार्गों में दो पहिया वाहन लोगों द्वारा सड़क के किनारे बेतरतीब तरीके से खड़ा कर दिया जाता है जिस कारण लोगों को जाम का सामना करना पड़ता है। इस पर संज्ञान लेते हुए पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन ने यातायात प्रभारी को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि हर हाल में शहर की सड़कें अतिक्रमण से मुक्त होनी चाहिए। इस निर्देश के आलोक में यातायात प्रभारी रामजीत सिंह ने पुलिस बल के साथ शहर के पंच मुहान, बाटा रोड, पिंक पैलेस, बिष्णु मंदिर रोड समेत विभिन्न मार्गों में सघन अभियान चलाकर सड़क के किनारे बेतरतीब तरीके से खड़ा किये गये दो पहिया वाहनों को जब्त कर थाना ले गये। साथ ही कुछ लोगों को चेतावनी देते हुए छोड़ दिया गया। इस संबंध में यातायात प्रभारी ने बताया कि सडक किनारे जो मार्क चिंह दिया गया है उसके अंदर ही लोग अपने वाहन को खड़ा करें। यदि दो पहिया वाहन को सड़क पर खड़ा कर जाम की स्थिति उत्पन्न किया गया तो वैसे लोगों के विरूद्ध कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने व्यवसायियों को निर्देश देते हुए कहा कि अपने दुकान के आसपास जाम न लगने दें और किसी को भी वाहन खड़ा नहीं करने दें। यदि ऐसा पाया गया तो इस मामले में व्यवसायियों के उपर भी कार्रवाई हो सकती है। उन्होंने आम लोगों से अपील करते हुए कहा कि अपने दो पहिया व चार पहिया वाहन को शहरी क्षेत्र में खड़ा कर जाम की स्थिति उत्पन्न न होनें दें। यदि ऐसा किया गया तो वाहन को जब्त कर कानूनी कार्रवाई किया जायेगा। इस अभियान के दौरान उन्होंने कई दो पहिया वाहनों को जब्त कर थाना ले गये।

# खेलो झारखंड 2023-24 के तहत खेल प्रतियोगिता आयोजित



खबर मन्त्र संवाददाता

सतबरवा पलामू। खेलो झारखंड 2023- 24 के तहत मंगलवार को खेल प्रतियोगिता का आयोजन सर्वोदय प्लस टू उच्च विद्यालय के मैदान में किया गया। जिसमें प्रखंड क्षेत्र के सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का उदघाटन बैलून उड़ाकर जिला परिषद सदस्य सुधा कुमारी, उप प्रमुख कामाख्या नारायण यादव, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी हरेंद्र तिवारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी डा मनोज तिवारी ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर जिला परिषद सदस्य सुधा कुमारी ने कहा पढ़ाई के साथ-साथ खेल भी जरूरी है। खेल से शारीरिक और मानसिक विकास होता है। वही उप प्रमुख कामाख्या नारायण यादव ने कहा कि पढ़ाई तो जरूरी है ही लेकिन उतना ही जरूरी खेल भी है। अच्छे खिलाड़ी अपना प्रदर्शन कर खेल में भी कैरियर बना सकते हैं। वही प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी हरेंद्र तिवारी ने कहा कि खेलो झारखंड कार्यक्रम झारखंड सरकार की महत्वपूर्ण कार्यक्रम है।

# थाना प्रभारी ने पदक जीतने वाले चार प्रतिभागियों को किया सम्मानित



खबर मन्त्र संवाददाता

सतबरवा पलामू। जिला स्तरीय रोलर स्केटिंग टूर्नामेंट एवं ट्रायल प्रतियोगिता में सतबरवा प्रखंड क्षेत्र के चार प्रतिभागियों के द्वारा गोल्ड तथा कांस्य पदक जीतने पर सतबरवा थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी ने मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। अमित कुमार सोनी ने कहा कि स्केटिंग खेल में भी प्रखंड क्षेत्र के खिलाड़ी रुचि ले रहे हैं जो आने वाले समय में अच्छे खिलाड़ी बनकर उभरेंगे। इन खिलाड़ियों को अच्छे ढंग से प्रशिक्षण देने की जरूरत है। इस मौके पर पलामू जिला हेड कोच एवं रेफरी रवि रंजन ने बताया कि बीते रविवार को पलामू जिला स्तरीय रोलर स्केटिंग टूर्नामेंट एवं ट्रायल प्रतियोगिता का आयोजन डालटनगंज स्थित गांधी मैदान में हुआ। इस प्रतियोगिता में सतबरवा प्रखंड क्षेत्र के 6 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। जिसमें दो बालिका वर्ग की खिलाड़ी भी शामिल थी। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में सतबरवा प्रखंड क्षेत्र के अनन्या 5-7 वर्ष, जितेंद्र कुमार 17 प्लस तथा आस्था- 11-14 वर्ष में गोल्ड तथा शंभू कुमार 14- 17 वर्ष के आयु वर्ग में कांस्य पदक लाने में सफल रहे हैं।

## शिक्षा के साथ-साथ खेल भी जरूरी : राजन पांडेय



विश्रामपुर (पलामू)। झारखंड सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा समग्र शिक्षा के तहत खेलो झारखंड प्रतियोगिता मंगलवार से शुरू हुआ। विश्रामपुर के जनता उच्च विद्यालय के खेल मैदान में आयोजित इस प्रखंड स्तरीय खेल-कूद प्रतियोगिता का उदघाटन बतौर मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय ने किया। मौके पर पांडेय ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेल भी बेहद जरूरी है। खेल से बच्चों का शारीरिक, मानशिक व बौद्धिक विकास होता है। खेलो झारखंड के अंतर्गत एथेलेटिक्स, जैवलिन-थ्रो, हॉकी, कबड्डी सहित कई प्रतियोगिता हुयी। मौके पर बीपीओ मणि पांडेय, बीआरपी मनोज कुमार पाठक, सीआरपी कृष्णा कुमार, किशोर दुबे, मुकेश तिवारी, अजित तिवारी,श्याम शुन्दर वर्मा,मनोज द्विवेदी, वीरेंद्र शर्मा, रंजीत बक्सराय, प्रेमशीला कुमारी, अनिता कुमारी, प्रतिमा कुमारी, अकरम रजा खान, चंदन कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## खेलो झारखंड के तहत प्रखंड प्रमुख ने किया खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ



पाटन पलामू। पाटन प्रखंड के किशुनपुर मिडिल स्कूल के मैदान मे खेलो झारखंड के तहत दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ पाटन प्रखंड प्रमुख शोभा देवी, बीपीओ अजय कुमार, किशुनपुर पंचायत के मुखिया सुमन गुप्ता, पंसस संतोष उपाध्याय ने सामूहिक रूप से फीता काटकर किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक प्रियेश कुमार ने किया। मौके पर प्रखंड प्रमुख शोभा देवी ने कहा कि खेल प्रतियोगिता का आयोजन झारखंड सरकार की यह अच्छी पहल है। जिससे बच्चों में खेल प्रतिभा उभर कर सामने आयेगा। साथ ही इस तरह के खेल प्रतियोगिता होने से बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास भी होता है। मौके पर स्पेशल एजुकेटर समावेशी शिक्षा पाटन इमाम हुसैन, बीआरसी कर्मी प्रवेश कुमार, सोनू कुमार तिवारी, एमआईएस जावेद अख्तर, बीआरपी नरेंद्र साव, अनुज कुमार समेत कई प्रतिनियुक्ति शिक्षक मौजूद थे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने मिट्टी संग्रह किया



नीलांबर पीतामबरपुर पलामू। मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड के बूथ संख्या 106 जगतपुरवा, 140 राजोगाड़ी, 142, 143, 144 कुंदरी में भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने घर घर जाकर लोगों से एक चुटकी मिट्टी संग्रहित किया। जो मंडल जिला शहर प्रदेश से होते हुए राजधानी दिल्ली भेजा जाएगा। जहां राष्ट्रीय शहीद स्मारक के पास अमृत पार्क बनाने में लगाया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष जितेंद्र तिवारी ने किया। मौके पर पूर्व प्रत्याशी अमित तिवारी ने बताया की मिट्टी संग्रह से लोगों को राष्ट्रीय स्तर पर जोड़ने और उनमें राष्ट्रभक्ति का संचार करना ही प्रधानमंत्री का उद्देश्य है। स्वतंत्रता आंदोलन में हुए बलिदानी और देश के सुरक्षा में हुए शहीदो की याद में बनने वाला अमृत पार्क एक राष्ट्रीय धरोहर के रूप में जाना जाएगा।मौके पर मंडल महामंत्री नीलकंठ गिरी, विजय ठाकुर, मंडल उपाध्यक्ष मिथिलेश विश्वकर्मा,पंचायत प्रभारी काशीनाथ विश्वकर्मा, बूथ अध्यक्ष नागमणि विश्वकर्मा, विनोद कुमार भुइयां एवं दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# आश्वासन पर सफाईकर्मियों ने हड़ताल वापस लिया





गौतम पटेल

हुसैनाबाद पलामू। वेतन मान बढ़ोतरी और अन्य कई मुद्दों को लेकर एक सप्ताह से नगर पंचायत के डेलिबेस पर लगे सफाई कर्मियों ने मंगलवार को नवपस्थापित कार्यपालक पदाधिकारी विपुल सन्नी के अस्वाशन पर फिलहाल अपना हड़ताल वापस लेलिया हैं विदित हो कि नगर पंचायत के सफाईकर्मियों में कृष्णा राम, विजय राम, पनवा देवी व राजू राम को छोड़ कर शेष 43 सफाई कर्मी व 6 ड्राईवर देलिबेस पर कार्य कर रहें जिनका मजदूरी वर्तमान में 7100 रुपया मिलता हैं, लेकिन सफाई कर्मियों का आरोप हैं हमलोगो का इस पैसा से भरणपोषण नही हो पाता हैं वही हमलोगो के पीएफ की राषि समय नही निकालने की व्यवस्था हैं सफाईकर्मियों का मांग था कि महलोगों का अन्य नगर पंचायतों के अनुसार कम से कम 412 प्रतिदिन के हिसाब से मिलना चाहिए। इधर कार्यपालक ने योगदान देने के बाद मीडिया से बताया कि मैं सफाईकर्मियों की बातों को ध्यान में आते रखा और समझा और इस दिशा में तत्काल कार्रवाई किया। हुसैनाबाद शहर के सुंदर बनाने की हमारी पहली प्राथमिकता होगी। वही नगर पंचायत क्षेत्र में मच्छरों का प्रकोप के रोकथाम के लिए भी फॉगिंग व केमिकल का छिड़काव किया जाएगा।

# गोपाल प्रसाद बने तरहसी दुर्गा पूजा कमेटी के अध्यक्ष



तरहसी पलामू। दुर्गा पूजा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी धूमधाम से मनाने को लेकर तरसती देवी मंदिर प्रांगण में बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता गणेश प्रसाद साहू ने की। बैठक में दुर्गा पूजा को धूमधाम से मनाने को लेकर विस्तार से सभी बिंदुओं पर चर्चा की गई। जिसमें पिछले वर्ष की भांति भक्ति मनोरंजन कार्यक्रम करने का निर्णय सर्व सम्मति से लिया गया बैठक में पुराने कमेटी को भंग कर सर्व समिति से नई कमेटी का गठन किया गया जिसमें गोपाल प्रसाद को अध्यक्ष दिलीप पांडे को उपाध्यक्ष चंद्रदेव पासवान को सचिव, संजय प्रसाद को उपसचिव पारस प्रजापति को कोषाध्यक्ष राजेश प्रसाद को उपकोषाध्यक्ष उज्जवल पांडे को संगठन मंत्री सुरेश यादव, चंद्रदेव पासवान, रामदेव प्रसाद संजय यादव, दीपू प्रसाद, धनेश्वर साहू को मनोरंजन मंत्री के अलावे व्यवस्थापक में रामदेव साव काशी गोस्वामी, आकाश कुमार को बनाया गया इसके साथ ही मंत्री पद पर महेंद्र साव तूफान प्रसाद, मनोज साहू, कमलदेव साव वीरेंद्र ठाकुर, राकेश कुमार उमेश यादव, राजू गोस्वामी, राजू गुप्ता, सतेंद्र साव को बनाया गया।

# पाटन प्रखंड प्रमुख के औचक निरीक्षण में पशु चिकित्सालय मिला बंद



खबर मन्त्र संवाददाता

पाटन पलामू। पाटन प्रखंड प्रमुख शोभा देवी ने किशुनपुर पशु चिकित्सालय एवं स्वास्थ्य विभाग का औचक निरीक्षण किया । निरीक्षण के क्रम में पशु चिकित्सालय बंद पाया गया।

पशु चिकित्सालय में ताला लगा हुआ था। पशु चिकित्सा पदाधिकारी मनीषा कुमारी नदारद पायी गई। प्रमुख शोभा देवी ने चिकित्सालय में डाक्टर नहीं होने पर नराजगी जताते हुए दुरभाष पर चिकित्सा पदाधिकारी को कड़ी फटकार लगाई तथा चिकित्सालय में बैठने का निर्देश दिया। प्रमुख ने बताया कि दवा के अभाव में दर्जनों पशुओं की मौत हो गई है। आठ माह से किशुनपुर का पशू चिकित्सालय बंद पड़ा हुआ है। प्रमुख ने कहा कि किशुनपुर स्वास्थ्य केंद्र का भी स्थिति काफी खराब है। जांच के दौरान पाया गया कि डिलेवरी किये गये मरीजों को बिना चादर तकीये के बेड पर रखा गया था।

मरीजों को देखने वाला कोई नहीं था। दो बजे तक मरीजों को कुछ नहीं दिया गया था। यहां तक की मरीजों को स्लाइन तक नहीं लगा हुआ था जो गंभीर मामला है। वहीं किशुनपुर पंचायत समिति सदस्य संतोष उपाध्याय ने बताया कि स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों की भीड़ लगी हुई थी लेकिन उनका इलाज एवं दवा देने के लिए कोई उपलब्ध नहीं थे। किशुनपुर स्वास्थ्य केंद्र में डाक्टर श्रवण कुमार मेहता को प्रतिनियुक्त किया गया है लेकिन डाक्टर श्रवण कुमार मेहता स्वास्थ्य केंद्र में कभी आते नहीं है। पाटन प्रमुख ने इसकी जानकारी पलामू सिविल सर्जन को दिया लेकिन सिविल सर्जन के द्वारा कोई साकारात्मक जवाब नहीं दिया गया। उन्होंने इस मामले को पलामू उपायुक्त को बताने की बात कही।

# 31 प्रशिक्षणार्थियों को दी गयी बकरी पालन का प्रशिक्षण



खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। भारतीय स्टेट बैंक के द्वारा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत 31 प्रशिक्षणार्थियों को बकरी पालन का प्रशिक्षण दिया गया । प्रशिक्षणार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण के लिये जिला पशुपालन कार्यालय पलामू के परिसर में लाया गया। सदर मेदिनीनगर प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी ड़ा अनुप विलियम लकड़ा ने प्रशिक्षणार्थियों को क्षेत्रीय निदेशक पशुपालन कार्यालय के सभागार में बकरी के नस्ल, रोग, प्राथमिक उपचार, टिकाकरण की विस्तृत जानकारी दी। विजिट के क्रम में पशुपालन विभाग द्वारा बकरी पालन के लाभुकों को परिसम्पति का वितरण किया गया। पशुपालन विभाग द्वारा बकरी पालन की जो योजना चलाई जा रही हैं उसकी विस्तृत जानकारी दी गयी। योजना की कुल लागत 24800/- लाभुक अंशदान 2480/- एससी एसटी लाभुकों,सामान्य श्रेणी के लाभुकों को 6200/ रूपये है। विधवा, विकलांग, परित्यात्त्का, निशांतान दम्पति और आविवहिता को किसी भी जाति समुदाय के होने पर 90%का अनुदान मिलता है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में क्षेत्रीय निदेशक ड़ा कुलदीप तिर्की ने भी प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण प्राप्त करने के पश्चात व्यवसाय को सफलता पूर्वक करने का टिप्स बताया। मौके पर ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के जितेंद्र मेहता एवं जयंत चक्रवर्ती भी मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

## शहर में दुगार्पूजा महोत्सव की तैयारी शुरू



जमशेदपुर। एग्रीको पूजा समिति के तत्वावधान में होने वाले दुगार्पूजा उत्सव को लेकर मंगलवार को झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास जी के द्वारा भव्य मंडप बनाने हेतु मंत्रोच्चार एवं पूरे विधि-विधान के साथ भूमि पूजन का कार्य सम्पन्न हुआ। इस दौरान एग्रिको क्लब हाउस मैदान में पूजा समिति के तमाम सदस्यगण मौजूद रहे। इस बार दुर्गा पूजा में मंडप बनाने के लिए कोंटाई (पश्चिम बंगाल) के 30 उत्कृष्ट कारीगरों की एक बड़ी टीम जमशेदपुर आई है। इस पंडाल का बजट बारह लाख रुपए का है। साथ ही, माता दुर्गा की एक आकर्षक प्रतिमा के लिए पश्चिम बंगाल स्थित बेल्दा के कारीगरों से भी संपर्क साधा गया है। जिसकी लागत लगभग एक लाख तीस हजार रुपए है ' समिति की ओर बताया गया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी यहां लगने वाला मेला एवं विद्युत सज्जा मुख्य आकर्षण होगा। इस भूमि पूजन कार्यक्रम में समिति के मुख्य सचिव भूपेंद्र सिंह, भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष दिनेश कुमार, संजय सिंह, अभिनाश आइच, अभिषेक डे, सोलिल मुखर्जी,पुटू दा, निकेत सिंह, अमन सिंह, लखविंदर सिंह, अजय सिंह, जयशंकर सिंह, अनिल पांडे, बाला दुबे, अरुण कुमार, प्रोसेनजीत बनर्जी, रवि कुमार, जे पी शर्मा, जे बेहरा,विशाल .महतो राणा सिंह,गोपाल सिंह, सुनील आहूजा, अरविन्द प्रसाद, शुभम, शैंकी एवं पूरी कार्यकारिणी तथा पूजा कमेटी के सदस्य उपस्थित थे।

## प्रवचन में शामिल हुए रघुवर दास, लिया पूज्य स्वामी का आशीर्वाद



जमशेदपुर। सिदगोड़ा स्थित सूर्य मंदिर में घनश्याम कृपालु धाम वृंदावन एवं जमशेदपुर सूर्य मंदिर समिति के संयुक्त सौजन्य से सात दिवसीय दिव्य दार्शनिक प्रवचन एवं संकीर्तन के दूसरे दिन पशुपतिनाथ जी नेपाल से आए हुए पूज्य स्वामी श्री रामदासजी ने गुरु से ही हम भगवान को जान सकते हैं विषय पर मार्गदर्शन किया। स्वामी श्री रामदासजी ने वेद एवं शास्त्रों से प्रमाण देते हुए यह कहा कि भगवान को जान करके ही हम माया से उत्तीर्ण हो सकते हैं, संसार से पार हो सकते हैं और सदा के लिए अनंत आनंद से युक्त हो सकते हैं। और क्योंकि हमने आज तक भगवान को नहीं जाना इसलिए भगवान हमारे पास रहते हुए भी हम दु:खी हैं। इसलिए भगवान को जानना होगा, तभी हम अनन्त आनंद से युक्त हो सकते हैं, भगवान का लाभ ले सकते हैं। स्वामी रामदासजी ने कहा आदि जगद्गुरु श्री शंकराचार्य ने भगवान को जानने के लिए तीन बातें परमावश्यक बताया है- पहला तो मानव देह, दूसरा मुमुक्षुत्व और तीसरा वास्तविक महापुरुष का मिल जाना। ये तीनों भगवान की अत्यंत दुर्लभ कृपाएं हैं। पहली दुर्लभ कृपा है मानव देह । यद्यपि हमें मानव देह मिला है, लेकिन हम इस मानव देह का महत्त्व नहीं समझते हैं। यह मानव देह ही ऐसी देह है जिसमे हम ईश्वरीय ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं और साधना भी कर सकते हैं। मानव देह अत्यंत दुर्लभ है। यह मानव देह स्वर्ग के देवी देवता भी चाहते हैं। क्योंकि स्वर्ग में कर्म करने की स्वतंत्रता नहीं है, वहाँ केवल फल भोगा जा सकता है, वह भी कुछ समय के लिए। जब पुण्य कर्म समाप्त हो जाएंगे तो स्वर्ग से जीव का पतन होता है। इसलिए स्वर्ग के देवता भी मानव देह चाहते हैं ताकि मानव देह में साधना करके वो भगवान को प्राप्त कर सकें।

## प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष से मिले राकेश तिवारी

जमशेदपुर। कांग्रेस के प्रदेश सचिव खरसावां विधानसभा के प्रभारी एवं कोलाहन के प्रवक्ता राकेश तिवारी ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री राजेश ठाकुर द्वारा आयोजित बैठक में भाग लेकर रांची से लौटने के बाद बताया कि आज विधानसभा प्रभारीयो की बैठक थी श्री तिवारी ने बैठक में सरायकेला खरसावां जिला में स्थाई जिला अध्यक्ष की नियुक्ति की मांग प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के समक्ष रखा।

# कोई भी जटिलता अपने साथ चुनौतियां और अवसर दोनों लेकर आती हैं : वॉल्टर डाउनिंग

### एनआइटी जमशेदपुर में आइ-ट्रिपल-ई सिस्टम्स काउंसिल चेप्टर का शुभारंभ

खबर मन्त्र ब्यूरो




जमशेदपुर। दुनिया का सबसे बड़ा तकनीकी पेशेवर संगठन आईईई सिस्टम्स काउंसिल के स्टूडेंट ब्रांच चैप्टर का शुभारंभ नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी जमशेदपुर के डायमंड जुबली हॉल में दीप प्रज्वलन के साथ तकनीकी विशेषज्ञों, विभागाध्यक्ष, प्रोफेसरर्स एंव विभाग के छात्रों के उपस्थिति में किया गया। मानवता के लाभ के लिए प्रौद्योगिकी को आगे बढ़ाने के लिए समर्पित आईईई सिस्टम्स काउंसिल दुनिया का सबसे बड़ा तकनीकी पेशेवर संगठन है जिसे इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियर्स के नाम से भी जाना जाता है। जिसके सदस्य के तौर पर इंजीनियरों, वैज्ञानिकों और संबद्ध पेशेवरों के साथ साथ कंप्यूटर वैज्ञानिक, सॉफ्टवेयर डेवलपर्स, सूचना प्रौद्योगिकी पेशेवर, भौतिक विज्ञानी, चिकित्सा डॉक्टर और कई अन्य शामिल हैं।सिस्टम कौंसिल प्रौद्योगिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के प्रतिबद्धता के रूप में एक महत्वपूर्ण संस्थान है। यह प्रत्येक छात्रों को जटिल चुनौतियों का सामना करने और नवाचार को नेतृत्व करने का अवसर प्रदान करने के रूप में देखा जाता है। डॉ के नम्रता प्रोफेसर इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग एंव डॉ रश्मि सिन्हा प्रोफेसर इलेक्ट्रॉनिक्स एंड क्म्युनिकेशन विभाग के अथक प्रयास एंव संस्थान के निदेशक (प्रो) गौतम सूत्रधार के मार्गदर्शन से संस्थान में आई-ट्रिपल-ई सिस्टम्स काउंसिल के स्टूडेंट्स चेप्टर का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रोफेसर (डॉ.) सिवाजी चक्रवर्ती, आईईई कोलकाता चेप्टर के पूर्व अध्यक्ष सह प्रोफेसर जादवपुर विश्वविद्यालय एंव प्रो. शिवाजी चक्रवर्ती पूर्व निदेशक एनआईटी कालीकट द्वारा परंपरागत तरीके से रीबन काट कर किया। कार्यक्रम में पावर इंजीनियरिंग के प्रसिद्ध विशेषज्ञ प्रो. शिवाजी चक्रवर्ती पूर्व निदेशक एनआईटी कालीकट सह प्रोफेसर जादवपुर विश्वविद्यालय ने सभी को इस क्षेत्र में नवीनतम रुझानों और चुनौतियों से अवगत कराया। इनके सम्बोधन के पश्चात एक इंटरैक्टिव सत्र हुआ जहां छात्रों और संकाय सदस्यों को उनके साथ जुड़ने का अवसर मिला। यूनिवर्सिटी ऑफ साउथ ईस्टर्न (नॉर्वे) के प्रोफेसर एंव प्रोग्राम चेयरपर्सन (डॉ.) संजीवकुमार पद्मनाभन ने अपने आभासी सम्बोधन में अनुभवों को साझा करते हुए बताया की वास्तविक दुनिया के जटिल समस्यों को हल करने में सिस्टम्स इंजीनियरिंग ने किस प्रकार महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने एनआईटी जमशेदपुर द्वारा इस स्टूडेंट ब्रांच चैप्टर की स्थापना की कि गई पहल की सराहना की और इस क्षेत्र में ज्ञान- प्रसारण और सहयोग की क्षमता पर प्रकाश डाला। आयोजन में आईईई सिस्टम्स काउंसिल के अध्यक्ष सह साउथवेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट सैन एंटोनियो, (टेक्सास) के कार्यकारी उपाध्यक्ष और मुख्य परिचालन अधिकारी वॉल्टर डाउनिंग का महत्वपूर्ण आभासी ज्ञानवर्धन था, इन्होने कहा कि कोई भी जटिलता अपने साथ अभूतपूर्व अवसर और चुनौतियाँ दोनों लेकर आती है। नवप्रवर्तन के अवसर जो हमारे रहने, काम करने और हमारे आसपास की दुनिया के साथ बातचीत करने के तरीके को बदल सकते हैं एनआईटी जमशेदपुर के निदेशक प्रो गौतम सूत्रधार ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा, आज जब हम यहां एकत्र हुए हैं, तो हम खुद को तेजी से विकसित हो रहे तकनीकी परिदृश्य के चौराहे पर पाते हैं। हमारी दुनिया बदल रही है, और यह तेजी से बदल रही है। वे प्रणालियां जो हमारे आधुनिक समाज का आधार हैं, वे प्रणालियां जो हमें संचार करने, यात्रा करने, सूचना तक पहुंचने और यहां तक कि अपने घरों को नियंत्रित करने में सक्षम बनाती हैं, तेजी से जटिल और परस्पर जुड़ी हुई होती जा रही है। (डॉ) के नम्रता फैकल्टी काउंसलर इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग ने धन्यवाद ज्ञापन किया और बताया की सिस्टम इंजीनियरिंग में अनुसंधान, नवाचार और सहयोग को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में आईईई सिस्टम्स काउंसिल स्टूडेंट ब्रांच चैप्टर के छात्र सदस्य निशांत कुमार (अध्यक्ष), मंतोष कुमार (उपाध्यक्ष), राजेश कुमार (कोषाध्यक्ष) एमडी सज्जाद (सचिव), कुमारेश पाल (वेबमास्टर), अभिनव कुमार एंव हिमांशु (स्वयंसेवक) का भरपुर योगदान रहा।

### टाटा स्टील एशियन जूनियर ओपन एंड गर्ल्स शतरंज चैंपियनशिप

# पांचवां दिन रहा रोमांचक डबल राउंड के नाम

खबर मन्त्र ब्यूरो



पांचवें दिन का उद्घाटन चाल चलते टाटा स्टील यूआइएसएल के एमडी रितुराज सिन्हा।







इंटरनेशनल चेस मास्टर श्रीहरि एलआर काले मोहरे से श्रीलंका के आर दिलशान के खिलाफ खेलते हुए। जी तेजस्विनी ने रिंधिया वी को हराने के बाद रिलेक्स नजर आईं।

जमशेदपुर। टाटा स्टील एशियन जूनियर ओपन एंड गर्ल्स चेस चैंपियनशिप 2023 ने 5वें दिन एक रोमांचक चरण में प्रवेश किया, क्योंकि प्रतिभागियों को एक ही दिन में डबल राउंड की चुनौती का सामना करना पड़ा। राउंड 5 में ओपन और गर्ल्स वर्ग दोनों में महत्वपूर्ण क्षण देखने को मिले, जिसमें भारतीय खिलाड़ियों ने उल्लेखनीय वापसी की। दिन की औपचारिक शुरूआत टाटा स्टील यूटिलिटीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विसेज लिमिटेड के प्रबंध निदेशक ऋतुराज सिन्हा ने पहली चाल चलकर किया। ओपन कैटेगरी में भारतीय इंटरनेशनल मास्टर श्रीहरि एलआर ने श्रीलंकाई इंटरनेशनल मास्टर रनिंदु दिलशान के खिलाफ महत्वपूर्ण जीत हासिल की। दूसरे बोर्ड पर इंटरनेशनल मास्टर ग्रेबनेव एलेक्सी ने इंटरनेशनल मास्टर गिल्बर्ट एलरॉय को मात दी, जबकि तीसरे बोर्ड पर रोहित कृष्णा ने सफेद मोहरों के साथ खेलते हुए अलेख्य मुखोपाध्याय को हराया। बालिका वर्ग में भी जोरदार मुकाबले देखने को मिले। शीर्ष बोर्ड पर बोम्मिनी अक्षया और साइना सलोनिका के बीच कड़ा मुकाबला हुआ, जो अंततः बराबरी पर समाप्त हुआ। बोर्ड 2 पर, तेजस्विनी जी और रिंधिया वी के बीच एक लंबी जंग जारी रही जो 52 चालों तक चली, आखिरकार रिंधिया ने खेल में अपनी स्थिति मजबूत नहीं होने के कारण खेल छोड़ दिया। बोर्ड 3 में विम नर्गली नेजेरेके ने अपने प्रतिद्वंद्वी, बांग्लादेश के वाडिफा अहमद के खिलाफ आक्रामक खेल दिखाया, जिसके कारण उसे केवल 33 चालों में खेल को बीच मे ही छोड़ देना पड़ा। लड़कियों की श्रेणी में 5वें राउंड के बाद, तेजस्विनी जी प्रभावशाली 4.5 अंकों के साथ एकमात्र लीडर के रूप में उभरीं। सलोनिका, बोम्मिनी, शुभी, मृत्तिका, नर्गली, ब्रिस्टी, कृति पटेल और कीर्ति रेड्डी 4 अंकों के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं। ओपन वर्ग में ग्रेबनेव एलेक्सी, श्रीहरि एलआर, रोहित कृष्णा और मनीष एंटो ने बढ़त बनाई, प्रत्येक खिलाड़ी ने 4 अंक हासिल किए। कुशाग्र, हरवर्धन और गिल्बर्ट छह अन्य प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के साथ संयुक्त रूप से ओपन श्रेणी में दूसरे स्थान पर हैं। टाटा स्टील एशियन जूनियर ओपन एंड गर्ल्स चेस चैंपियनशिप 2023 में आगे और भी रोमांचक मुकाबलों की उम्मीदों के साथ असाधारण प्रतिभा और कड़ी प्रतिस्पर्धा का प्रदर्शन जारी है।

## दुर्गा पूजा पंडाल भूमि पूजन में शामिल हुईं विधायक सविता महतो



चांडिल। आसनबनी व फदलगोड़ा में सोमवार को दुर्गा पूजा के लिए पंडाल निर्माण कार्य विधिवत भूमि पूजन के साथ आरंभ किया गया। भूमि पूजन मे जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष महंत विद्यानंद सरस्वती व ईचागढ़ की विधायक सविता महतो शामिल हुए। इस दौरान दोनों ने संयुक्त रूप से भूमि पूजन कर पंडाल निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। पूजा-अर्चना के बाद पंडाल निर्माण स्थल पर ध्वज स्थापित किया गया। इस अवसर पर झामुमो नेता ओम प्रकाश लायेक, काबलु महतो, प्रोबोध उरांव, नित्य महतो, हीरा महतो, दिलीप महतो, गुरुचरण सिंह, सपन महतो, मो अरशद, कांचन शुक्ला, सुनीता उरांव, अम्बा रानी महतो सहित कई लोग उपस्थित थे।

**Office of The Executive Engineer cum Member Secretary Drinking Water & Sanitation Division Simdega**
Phone: 06525350233 Email: sbmg.simdega@gmail.com

EOI No. : --03--- Date :- --12.09.2023

**VERY SHORT EOI FOR IMPLEMENTING AGENCIES**

Expression of Interest (EoI) for inviting of Technical support Agencies under GOBARDHAN Scheme (Swachh Bharat Mission - Grameen), Jharkhand to Installation of Bio-Gas Plant in selected villages/ Community/Goushal/ in District of Simdega, Jharkhand through Community approach (Capacity Building, Hand Holding Support and Community Mobilization.)

Drinking Water and Sanitation Department, Jharkhand invites EOI from interested and experienced parties to implement Bio-gas projects in different villages of Jharkhand state under GOBAR-DHAN scheme.

The **Technical Support Agency**(TSA) can be Gram Panchayat, SHG federations, Bulk waste generators such as dairies, poultry farms, markets, industries, religious sites etc and entrepreneurs. Selected agencies shall be willing to collect waste, install Bio-gas plants, under take operation maintenance of the same for at least 2 years. The agencies can be attached with empanelled technical support (if needed).

Interested agencies are requested to furnish willingness for undertaking GOBAR-DHAN projects, supported by credentials and testimonials in the prescribed online application form available on following links**imdega.nic.in** on or before23.09.2023, 04.00 PM. The guidelines of GOBARDHAN scheme can be downloaded from the following link https://sbm.gov.in/gbdw20/Documents/GobardhanFramework.pdf. The details can also be viewed on the Website: **simdega.nic.in**

Swachh Bharat Mission (Grameen) Govt. of Jharkhand reserves its right to cancel or modify this Expression of Interest (EoI) without assigning any reasons whatsoever.

Executive Engineer
Swachh Bharat Mission (Grameen)
Drinking Water and Sanitation Division Simdega

PR 306776 Drinking Water and Sanitation (23-24)_D

# आइएसएल मैच की ऑनलाइन टिकट बिक्री 15 से, टिकट महज 50 रुपये में

खबर मन्त्र ब्यूरो



जमशेदपुर। जमशेदपुर एफसी आगामी इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) सीजन के लिए अपनी टिकटों की बिक्री 15 सितंबर को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म टिकट जिनी पर लाइव करेगा। टिकट 26 सितंबर से जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में हमारे आधिकारिक बॉक्स ऑफिस स्टॉल के माध्यम से ऑफलाइन बुक करने के लिए उपलब्ध होंगे। नॉर्थ और साउथ स्टैंड के लिए टिकट केवल 50 रुपये से शुरू होकर ऑनलाइन बुक करने के लिए उपलब्ध होंगे और हॉस्पिटैलिटी टिकट के लिए 3000 रुपये तक जाएंगे। आईएसएल 2023-24 सीजन के फिक्स्चर की घोषणा अब तक दिसंबर महीने तक की जा चुकी है, जिसमें जमशेदपुर एफसी घरेलू मैदान पर पांच मैच खेलेगा, जिसकी शुरूआत 5 अक्टूबर को हैदराबाद एफसी के खिलाफ रोमांचक मुकाबले से होगी। इस दौरान जेएससी 22 अक्टूबर को पंजाब एफसी के खिलाफ, मोहन बागान सुपर जायंट के खिलाफ 1 नवंबर को, 1 दिसंबर को ओडिशा एफसी और 7 दिसंबर को चेन्नईयिन एफसी के खिलाफ मैच खेलेगी। क्लब पांच घरेलू मैचों के लिए एक विशेष ऑफर कॉम्बो की पेशकश कर रहा है, जिसमें अधिकतम 15% की छूट है और साथ ही जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में जमशेदपुर में खेले जाने वाले तीन मैचों के कॉम्बो के लिए 10% की छूट है। पिछले साल के निराशाजनक अभियान के बाद मेन ऑफ स्टील नए जोश के साथ आगे बढ़ने के लिए बेकरार होंगे, और 2021-22 सीजन में क्लब को आईएसएल विनर्स शील्ड तक ले जाने वाली जीत की फॉर्म को दोहराने के लिए उत्सुक हैं। क्लब के प्रशंसक देश में सबसे जोरदार और सबसे भावुक हैं, घरेलू मैचों के दौरान औसतन लगभग 20,000 प्रशंसकों की उपस्थिति होती है, और हमारे लॉयल प्रशंसक आधार को ध्यान में रखते हुए, क्लब ने टिकट की कीमतें 50 रुपये का रखने का भी फैसला किया है। नॉर्थ और साउथ स्टैंड सिर्फ 50 रुपये में खरीदने के लिए उपलब्ध होंगे जबकि ईस्ट और वेस्ट अपर स्टैंड 150 रुपये में उपलब्ध हैं। ईस्ट और वेस्ट लोअर स्टैंड 250 रुपये में उपलब्ध होंगे जबकि वीआईपी स्टैंड की कीमत 499 रुपये होगी। लक्जरी और प्रीमियम लाइव देखने और भोजन का अनुभव चाहने वालों के लिए, हॉस्पिटैलिटी एरिया भी 3000 रुपये की कीमत पर उपलब्ध होगा।

## केनरा बैंक के रिजनल ऑफिस में लगा मेगा रिटेल लोन एक्सपो



जमशेदपुर। केनरा बैंक क्षेत्रीय कार्यालय जमशेदपुर के द्वारा अंचल प्रमुख, श्रीनाथ जोशी (महाप्रबंधक) के निर्देश और मार्गदर्शन के अनुसार, उत्कल एसोसिएशन परिसर, जमशेदपुर में मेगा रिटेल एक्सपो का आयोजन किया गया, इस एक्सपो का उद्घाटन सुनील कुमार, सहायक महा प्रबंधक, अंचल कार्यालय रांची एवं हरीश चंद्र पांडे, सहायक महा प्रबंधक, क्षेत्रीय प्रमुख, जमशेदपुर के द्वारा किया गया। एक्सपो में केनरा बैंक के जमशेदपुर की सभी शाखाओं, 9 वाहन डीलरों और 5 बिल्डरों ने भाग लिया। इस एक्सपो में शहर से भारी संख्या में आम लोग एवं केनरा बैंक के सम्मानित ग्राहकगण पहुंचे और वाहन डीलरों, बिल्डरों तथा बैंक से बातचीत की। इस अवसर पर विभिन्न शाखाओं द्वारा स्वीकृत ऋण आवास ऋण, वाहन ऋण और शिक्षा ऋण का स्वीकृति पत्र बैंक अधिकारीयों द्वारा सम्बंधित ग्राहकों को सौंपी गई।

# भाजपा नेता विकास सिंह की गिरफ्तारी पर कोर्ट ने लगायी रोक

खबर मन्त्र ब्यूरो



जमशेदपुर। विगत दिनों मानगो नगर निगम के कार्यपालक पदाधिकारी सुरेश यादव ने भाजपा नेता विकास सिंह के ऊपर सरकारी काम में बाधा डालने का आरोप लगाते हुए उलीडीह थाना में मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले में कोर्ट ने विकास सिंह की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। सप्ताह भर पहले भाजपा नेता विकास सिंह ने मानगो नगर निगम के कार्यालय में जाकर कार्यपालक पदाधिकारी सुरेश यादव को रिवाइटल की शक्ति वर्धक गोली देते हुए कानून एवं संविधान को जीवित रखने की बात कहते हुए ज्ञापन दिया था। विकास सिंह ने कार्यपालक पदाधिकारी को दिए गए ज्ञापन में अपनी बात रखते हुए कहा था की सैकड़ो पत्राचार करने के बावजूद भी स्वास्थ मंत्री बन्ना गुप्ता के द्वारा मानगो एन एच 33 आनंद विहार कॉलोनी के मुहाने में अपने आप्त सचिव को आगे करके अपना निजी छः मंजिला कार्यालय का अवैध निर्माण करवा रहे हैं मंत्री के डर से पदाधिकारी कानून को हाशिए में रखकर अवैध निर्माण को बंद करने का हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं निमार्णाधीन मकान को नोटिस देकर मोटी रकम वसूलने का कार्य करते हैं कार्यपालक पदाधिकारी के डरने के कारण ही कार्यपालक पदाधिकारी सुरेश यादव के आवास के महज 50 मीटर की दूरी पर छः मंजिला भवन का निर्माण हो रहा है सच का आईना दिखलाने पर कार्यपालक पदाधिकारी भड़क गए और विकास सिंह के ऊपर मुकदमा दर्ज करवा दिया।

**कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :- 25/2023-24**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं नाम :- जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि :- दिनांक 21.09.23 को 10:00 पूर्वाह्न से 3:00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :- दिनांक 22.09.23 को 3:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :- दिनांक 22.09.23 को 4:00 बजे अपराह्न से
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :- जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :- नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग।
7. निविदा खोलने का स्थान :- जिला परिषद कार्यालय, हजारीबाग।
8. मद का नाम :- **जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट**

| क्र0 स0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | योजना पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | चुरचू | ग्राम कजरी में कालीकरण पथ से मार्शल प्राईमरी बुनकर सहयोग समिति भवन तक पथ निर्माण। | 2378200.00 | 5000.00 | 48000.00 | चार माह |
| 2 | सदर | सदर अस्पताल, हजारीबाग में नव निर्मित ब्लड बैंक (पैथोलॉजी सहित) में विविध निर्माण कार्य। | 499300.00 | 750.00 | 10000.00 | दो माह |

नोट :- 1. अद्यतन UCAN प्रमाण पत्र निविदा के साथ समर्पित करना अनिवार्य है अन्यथा कार्य आवंटित नहीं किया जायेगा।
2. निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, हजारीबाग

PR 306824 District(23-24)#D

# धालभूमगढ़ और घाटशिला की प्रखंड दुर्गापूजा कमेटियों की बैठक जल्द : दुलाल भुइयां

## पूर्व मंत्री ने की पूर्वी सिंहभूम जिला सेंट्रल दुर्गापूजा समिति की कोर कमेटी की बैठक

खबर मन्त्र ब्यूरो



कोर कमेटी की बैठक को संबोधित करते पूर्व मंत्री दुलाल भुइयां।

जमशेदपुर। सरकार द्वारा पंजीकृत पूर्वी सिंहभूम जिला सेंट्रल दुर्गा पूजा समिति के कोर कमेटी के तत्वाधान में मंगलवार को जमशेदपुर के भुईयांडीह स्थित कार्यालय में अहम बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें वर्ष 2023 में जिला के धालभूम एवं घाटशिला अनुमंडल के 11 प्रखंडों में आयोजित होने वाले निबंधित एवं गैर निबंधित सार्वजनिक शारदीय दुर्गा पूजा समितियां के द्वारा आयोजित होने वाले दुर्गोत्सव के सफल आयोजन को लेकर अध्यक्ष पूर्व मंत्री दुलाल भुईयां की अध्यक्षता में एक आवश्यक बैठक का आयोजन हुआ। इस बैठक में बीते वर्ष संपन्न हुए शारदीय दुर्गा पूजा के सभी बिंदुओं पर विचार विमर्श हुआ। इस वर्ष शारदीय दुर्गोत्सव को और भी अच्छे ढंग से मनाने के लिए कई सुझाव को कमेटी के सदस्यों ने सुझाए। बैठक को संबोधित करते हुए समिति के अध्यक्ष दुलाल भुईयां ने कहा हमारी कमेटी का उद्देश्य है जिला के दोनों अनुमंडलों के 11 प्रखंडों में संपन्न होने वाले सभी सार्वजनिक दुर्गा पूजा समितियां के बीच समन्वय स्थापित करते हुए सरकार, जिला प्रशासन और जिला में स्थित विभिन्न क्षेत्रों में स्थित कॉरपोरेट से मिलने वाली सुविधाओं एवं सहयोग को पूजा समितियां तक सुलभ करते हुए जिला प्रशासन से परस्पर संपर्क बनाते हुए विधि व्यवस्था और शांति व्यवस्था को मजबूत कर शारदीय दुर्गा पूजा के महोत्सव को मनाने में हेतु सदैव प्रयास रत रहेगी। जहां तक प्रश्न है शहरी क्षेत्र में संपन्न होने वाले सार्वजनिक दुर्गा पूजा काफी भव्यता लिए होते हैं वहीं ग्रामीण क्षेत्र के सार्वजनिक दुर्गा पूजा पारंपरिक रीति रिवाज के अनुरूप मनाए जाते रहे हैं। पूजा कमेटी का उद्देश्य है सभी पूजा समितियां के बीच परस्पर समन्वय एवं सहयोग स्थापित रखते हुए उनके समस्याओं का निदान करना एवं इससे त्यौहार को हर्षोल्लास, उत्साह एवं पारंपरिक रूप से भाईचारे के साथ मनाना है। अपने मजबूत इरादों और उद्देश्यों के साथ समिति पूरे जिला में सामाजिक समरसता भाईचारा के विचारधारा के साथ काम कर रही है। जल्द ही दोनों ही अनुमंडलों के प्रखंडों के सार्वजनिक दुर्गा पूजा समितियां की आम बैठक का आयोजन किया जाएगा इस बाबत तारीख एवं दिन की घोषणा शीघ्र की जाएगी। कार्यक्रम का संचालन महासचिव-ललन सिंह यादव ने किया। जबकि संयुक्त सचिव-मन्नू मंडल ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम में सचिव-कमल राम यादव उपाध्यक्ष शंभू चौधरी, एसके शर्मा, कोषाध्यक्ष-जितेंद्र कुमार, उपाध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता, हरी मुखी, निमाई मंडल, खगेंन चंद्र महतो, अधिवक्ता-विप्लव भुईयां एवं अन्य का सहयोग रहा।

**झारखण्ड सरकार श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेंटर, सिमडेगा।**

**रोजगार मेला संबंधी सूचना**

एतद द्वारा सभी शिक्षित बेरोजगार युवक/युवतियों को सूचित किया जाता है कि जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेंटर, सिमडेगा कार्यालय द्वारा दिनांक-15.09.2023 को कार्यालय परिसर में पूर्वाह्न 11.00 बजे से अपराह्न 3.00 बजे तक एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया जाना है, जिसमें निजी क्षेत्र के निम्नलिखित प्रतिष्ठानों ने उपस्थित रहने की सहमति जताई है, जो रिक्तियाँ निम्नलिखित है :-

| Sl. No. | Employer's Name | Name of the post | No. of Vacancies | Qualification | Experience if any | Salary | Age | Place of Posting |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ISDFC Nidhi Ltd. Jharkhand | Sales Executive | 77 | Intermediate & above | No | 9000-15000 | 20-40 | Simdega, Khunti, Ranchi, West Singhbhum, East Singhbhum |
| 2. | Walkaroo International Pvt Ltd. | Trainee Machine – Helper | 25 | Below 10th or equivalent | No | 14723 | 18-23 | Harayana |
| 3. | BIS IND Ltd. Ranchi | Security Guard | 300 | Matric | 0-05 years | 12000-18000 | 18-45 | All India & Jharkhand |
| 4. | Premsons MoterSimdega | Sales Boy | 02 | Intermediate & above | No | 12000+Incentive | 18-21 | Simdega |

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से निबंधित नहीं हैं जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेंटर सिमडेगा अथवा www.jharkhandrojgar.nic.in पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त रोजगार मेला में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपनी सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छायाप्रति तथा बायोडाटा (02 कॉपी) दो पासपोर्ट साइज फॉटो के साथ सक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकते हैं। जो उम्मीदवार पूर्व में निबंधित हैं उन्हें पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है। झारखण्ड राज्य के निजी क्षेत्र में 75 प्रतिशत स्थानीय नियोजन निति का लाभ प्राप्त करने हेतु आवेदक को स्थानीय निवास प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। चयन प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं होगा।
अतः सभी शिक्षित बेरोजगार युवक/युवतियों से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में रोजगार मेला में शामिल होकर इस सुनहरे अवसर का लाभ उठावें।

ह०/-
जिला नियोजन पदाधिकारी,
सिमडेगा

PR 306787 Labour Employment and Traning(23-24)D

खबर मन्त्र

अभिव्यक्ति

epaper.khabarmantra.net

रांची. बुधवार . 13 सितंबर 2024

# श्रेष्ठ प्रदर्शन

**मे**जबान भारत ने अपनी अध्यक्षता का आदर्श-वाक्य ह्यवसुधैव कटुम्बकम या एक पृथ्वी,एक परिवार, एक भविष्य बनाया और इसी पर आगे बढ़ा। जिसकी बदौलत जी-20 में सबकी भागीदारी पहले की अपेक्षा अधिक बन सकी। भारत ने सलाह-प्रक्रिया में दक्षिणी गोलार्ध के राष्ट्रों को भी शामिल किया और नौ देशों को आमंत्रित किया, जो अधिकतर विकासशील जगत से हैं। सम्मेलन में विश्व की विकास संबंधी समस्याओं का हल निकालने के लिए एजेंडा पर विचार हुआ। यह वैसा शिखर सम्मेलन नहीं था, जहां भारत अपने प्रतिद्वंद्वी को पछाड़ने की कोशिश में रहे बल्कि यह आयोजन वह रहा जिसमें बहु-स्तरीय तंत्र की खामियों को सुधारने की कोशिशें हुई, जीवंतता का पुनसंर्चार हुआ और यह दुनिया के लोगों की जरूरतों के प्रति अधिक क्रियाशील बनने का प्रयास रहा। प्रक्रिया को पटरी पर बनाए रखने और जी-20 का हश्र संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की तरह गैर-प्रभावी न होने पाए, इसके लिए भारत को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी ताकि रूस और चीन के साथ पश्चिमी मुल्कों की प्रतिद्वंद्विता की छाया दूर रहे। इसलिए, जी-20 के सदस्य दक्षिणी मुल्कों के बीच गठबंधन की प्रक्रिया आरंभ हुई। इस एकता के बूते दक्षिण एशियाई मुल्कों की ताकत आखिरकार जी-20 के जिद्दी सदस्यों को माननी पड़ी। भारत ने 55 अफ्रीकी मुल्कों का प्रतिनिधित्व करने वाले और सबसे बड़े क्षेत्रीय संगठन अफ्रीकन यूनियन (एयू) को जी-20 में शामिल करके नया संतुलन बनाने की कोशिश की है। अफ्रीकी संगठन को बतौर आंमत्रित सदस्य जी-20 में बुलाया गया, लेकिन पिछले किसी अध्यक्ष ने इस समूह के सदस्य विन्यास में बदलाव करने का जोखिम नहीं उठाया। भारत ने यह सफलतापूर्वक कर दिखाया। जी-20 के इतिहास में भारत का प्रदर्शन श्रेष्ठ प्रदर्शन कहा जाएगा, सराहा जाएगा।

# मजबूत होते मोदी

**ज**हां तक प्रधानमंत्री मोदी की बात है तो प्यू रिसर्च ने देश में उनकी बढ़ती लोकप्रियता पर मुहर लगाई है और विदेशी सरकारों के पास भी ऐसे मजबूत प्रधानमंत्री से निपटने के अलावा कोई चारा नहीं है जो यह आभास देता है कि आने वाले समय में वह नजर आता रहेगा। परंतु इसका यह अर्थ नहीं है कि दुनिया के अन्य देशों के सूचित नागरिक भारत के राजनीतिक घटनाक्रम की प्रकृति और उसकी दिशा से अपरिचित हैं और यह बात भारत को लेकर उनके नजरिये को प्रभावित नहीं करेगी।

उसके बाद चीन है। चूंकि शक्ति एक सापेक्षिक स्थिति है इसलिए यह बात मायने रखती है कि भारत के उभार को चीन ने ढके रखा। ऐसा इस हद तक हुआ कि भारत के पड़ोसी देशों के भी चीन के साथ कहीं अधिक मजबूत कारोबारी रिश्ते हैं। रक्षा सौदों पर भी यही बात लागू होती है। इसमें कम ही संदेह है कि ब्रिक्स के सदस्य देशों की संख्या बढ़ाने में चीन का योगदान प्रमुख है और उसने ब्रिक्स को पश्चिम विरोधी मंच बनाने की दिशा में पहल की है। भारत को मजबूरी में साथ देना पड़ा है।द्विपक्षीय रिश्तों की बात करें तो चीन ने किसी तरह की गुंजाइश दिखाने का रुख नहीं दशार्या है। फिर चाहे विवादित सीमा के आसपास सैन्य और असैन्य बुनियादी ढांचा तैयार करने की बात हो, आक्रामकता दिखाने की या अहम मंचों पर भारत का प्रवेश रोकने की। अगर शी चिनफिंग नई दिल्ली में आयोजित जी20 शिखर बैठक में नहीं आते और व्लादीमिर पुतिन भी दूर रहते हैं तो इस आयोजन की चमक कुछ हद तक फीकी पड़ जाएगी। यह ऐसा आयोजन है जिसका इस्तेमाल मोदी ने भारत की ब्रांडिंग के लिए किया है और उसके साथ ही खुद को भी। भारत के पास संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का वीटो अधिकार नहीं है और वह तभी बड़ी शक्ति बन सकता है जब वह आर्थिक मोर्चे पर अच्छा प्रदर्शन करना जारी रखे।

# हिंदी को हम ही मजबूत और समृद्ध करेंगे

**भारत** में न्यायालयों की भाषा आज भी अंग्रेजी है, उच्च शिक्षा में अंग्रेजी का बोलबाला है, भारतीय प्रशासनिक सेवा में प्रवेश हेतु होने वाली परीक्षा में अंग्रेजी का एक विषय अनिवार्य है ,तथाकथित संभ्रांत लोगों व अमेरिका और पश्चिम से प्रभावित लोगों को अंग्रेजी प्रिय है। फिर भी भारत में हिंदी बची हुई है । कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक , सिलचर से लेकर द्वारिका तक और अंडमान निकोबार द्वीप समूह से लेकर लक्षद्वीप तक आप कहीं भी चले जाएं और हिंदी जानते हो तो आपका काम चल जाएगा। हिंदी फिल्मों के गाने गुनगुनाते हुए लोग मिल जाएंगे और हिंदी भाषी राज्यों के प्रवासी लोग भी मिल जाएंगे, जो दैनिक वेतनभोगी मजदूर, रेहड़ी पटरी वालों से लेकर उच्च पदों पर आसीन अधिकारी हो सकते हैं। 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा में यह निर्णय लिया गया कि हिंदी भी केंद्र सरकार के आधिकारिक भाषा होगी क्योंकि भारत में अधिकतर क्षेत्रों में हिंदी भाषा बोली जाती है ।1953 से 14 सितंबर को प्रतिवर्ष हिंदी दिवस मनाने का निर्णय लिया गया। भारतीय संविधान के भाग 17 के अध्याय के अनुच्छेद 343 (1)में वर्णित है कि संघ की राजभाषा हिंदी और लिपि देवनागरी होगी ।




बोलने वालों की संख्या के अनुसार अंग्रेजी और चीनी भाषा के बाद हिंदी संसार में तीसरी सबसे बड़ी भाषा है। भारत में 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाया जाता है,पर विश्व स्तर पर हिंदी दिवस 10 जनवरी को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य है विश्व में हिंदी के प्रचार प्रसार के लिए वातावरण निर्मित करना तथा हिंदी को विश्व भाषा के रूप में प्रस्तुत करना। प्रथम विश्व हिंदी सम्मेलन 10 जनवरी 1975 को नागपुर में आयोजित हुआ था। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह ने 10 जनवरी 2006 को प्रतिवर्ष विश्व हिंदी दिवस मनाए जाने की घोषणा की थी।



**-डॉ मेरी ग्रेस**

बोलने वालों की संख्या के अनुसार अंग्रेजी और चीनी भाषा के बाद हिंदी संसार में तीसरी सबसे बड़ी भाषा है। भारत में 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाया जाता है,पर विश्व स्तर पर हिंदी दिवस 10 जनवरी को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य है विश्व में हिंदी के प्रचार प्रसार के लिए वातावरण निर्मित करना तथा हिंदी को विश्व भाषा के रूप में प्रस्तुत करना।

दक्षिण भारत में उग्र हिंदी विरोध के कारण इसे अमलीजामा पहनाया नहीं जा सका। संविधान में भारतीय भाषाओं के संबंध में निम्नलिखित उपबंध हैं --- संविधान के अनुच्छेद 120 (1)व(2) के अनुसार संसद में कार्य हिंदी और अंग्रेजी में किया जाएगा । परंतु यथास्थिति राज्यसभा का सभापति लोकसभा का अध्यक्ष अथवा उस रूप में कार्य करने वाला व्यक्ति किसी सदस्य को जो हिंदी में या अंग्रेजी में अपनी पर्याप्त अभिव्यक्ति नहीं कर सकता है अपनी मातृभाषा में सदन को संबोधित करने की अनुज्ञा दे सकेगा। साथ ही जब तक संसद विधि द्वारा अन्यथा उपबंध ना करे तब तक इस संविधान के प्रारंभ से 15 वर्ष की समाप्ति के पश्चात यह अनुच्छेद ऐसे प्रभावी होगा ,मानो ₹या अंग्रेजी में₹ शब्दों का उसमें से लोप कर दिया गया हो। यही प्रावधान राज्य के विधान मंडलों के लिए संविधान के अनुच्छेद 210(1) और (2) में किया गया है। राजभाषा संबंधी उपबंध संविधान के भाग 17 में किए गए हैं जिसके अनुच्छेद 343 (1) के अनुसार संघ की राजभाषा हिंदी और लिपि देवनागरी होगी संघ के शासकीय प्रयोजनों के लिए प्रयोग होने वाले अंकों का रूप भारतीय अंकों का अंतरराष्ट्रीय रूप होगा। 343 (2)के अनुसार खंड 1 में किसी बात के होते हुए भी संविधान के प्रारंभ से 15 वर्षों की अवधि तक के उन सभी शासकीय प्रयोजनों के लिए अंग्रेजी भाषा का प्रयोग किया जाता रहेगा जिनके लिए उसका ऐसे प्रारंभ से ठीक पहले प्रयोग किया जा रहा था। परंतु राष्ट्रपति उक्त अवधि के दौरानआदेश द्वारा संघ के शासकीय प्रयोजनों में से किसी के लिए अंग्रेजी भाषा का और भारतीय अंकों के अंतरराष्ट्रीय रूप के अतिरिक्त देवनागरी रूप का प्रयोग प्राधिकृत कर सकेगा। इस अनुच्छेद में होते हुए भी संसद उक्त 15 वर्ष की अवधि के पश्चात विधि द्वारा -- (क)अंग्रेजी भाषा का प्रयोग,

(ख) अंकों के देवनागरी रूप का ऐसे प्रयोजनों के लिए प्रयोग उपबंधित कर सकेगी जो ऐसी विधि में विनिर्दिष्ट किए जाएं। अनुच्छेद 344 द्वारा राजभाषा के संबंध में संसद की समिति बनाने का अधिकार राष्ट्रपति को दिया गया है ?। अनुच्छेद 345 के अनुसार किसी राज्य का विधान मंडल विधि द्वारा उस राज्य में प्रयोग होने वाली भाषाओं में से किसी एक या अधिक भाषाओं को या हिंदी को उस राज्य के सभी या हिंदी शासकीय प्रयोजनों के लिए प्रयोग की जाने वाली भाषा या भाषाओं के रूप में अंगीकार कर सकेगा। परंतु जब तक राज्य का विधान मंडल विधि द्वारा अन्यथा उपबंध ना करे तब तक राज्य के भीतर उन शासकीय प्रयोजनों के लिए अंग्रेजी भाषा का प्रयोग किया जाता रहेगा जिनके उसका इस संविधान के प्रारंभ से ठीक पहले प्रयोग किया जा रहा था।

अनुच्छेद 346 द्वारा एक राज्य व दूसरे राज्य के बीच एवं किसी राज्य और संघ के बीच पत्रादि की राजभाषा क्या होगी इस संबंध में प्रावधान है। अनुच्छेद 347 में उल्लेख है कि किसी राज्य की जनसंख्या के किसी अनुभाग द्वारा बोली जाने वाली भाषा के निमित्त मांग किए जाने पर राष्ट्रपति को समाधान हो जाता है कि किसी की राज्य की जनसंख्या के पर्याप्त भाग यह चाहता है कि उसके द्वारा बोली जाने वाली भाषा को राज्य द्वारा मान्यता दी जाए। तो राष्ट्रपति ऐसा निदेश दे सकेगा।

संविधान के अनुच्छेद 348 (1) (क) एवं (ख)के अनुसार इस भाग के पूर्वगामी उपबंधों में किसी बात के होते हुए भी जब तक संसद विधि द्वारा अन्यथा उपबंध न करें तब तक - उच्चतम न्यायालय और प्रत्येक उच्च न्यायालय में सभी कार्रवाई अंग्रेजी भाषा में होंगी । संविधान का अनुच्छेद 350 प्रत्येक व्यक्ति को किसी व्यथा के निवारण के लिए संघ या राज्य के किसी अधिकारी या प्राधिकारी को यथास्थिति संघ में या राज्य में प्रयोग होने वाली किसी भाषा में अभ्यावेदन देने का अधिकार देता है। अनुच्छेद 350(क)प्राथमिक स्तर पर मातृभाषा में शिक्षा की सुविधाएं प्रदान करने का तथा 350( ख) भाषाई अल्पसंख्यक वर्गों के लिए विशेष अधिकारी की नियुक्ति का प्रावधान करता है। संविधान के अनुच्छेद 351 में उल्लेख है कि संघ का यह कर्तव्य होगा कि वह हिंदी भाषा का प्रचार बढ़ाए, उसका विकास करे।

(प्राचार्या उर्सुलाइन इंटर कॉलेज रांची)

### खास बात

## एकला चलो की राह पर गहलोत

**रमेश सर्राफ धमोरा**

**राजस्थान** में विधानसभा चुनाव होने में अब मात्र दो माह का समय रह गया है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत एकला चलो राह पर मैदान में उतर चुके हैं। पूरे चुनाव की कमान अपने हाथों में थाम कर व्यूह रचना में जुट गए हैं। अपने प्रतिद्वंद्वी सचिन पायलट को चुनाव रणनीति से पूरी तरह दूर कर दिया है। चुनाव के लिए गठित किसी भी कमेटी की कमान सचिन पायलट को नहीं दी गई है। चुनाव कमेटियों में उन्हें मात्र एक सदस्य के तौर पर ही शामिल किया गया है। सचिन के अधिकांश समर्थकों को भी कमेटियों से दूर रखा गया है। यह कर गहलोत ने दिखा दिया है कि राजस्थान में कांग्रेस के वही एक छत्र नेता हैं। उन्हीं के नेतृत्व में चुनाव लड़ा जाएगा। टिकटों के वितरण में भी उन्हीं की चलेगी।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पिछले दिनों राजस्थान विधानसभा चुनाव के लिए कोर कमेटी, कोऑर्डिनेशन कमेटी, चुनाव कम्पेनिंग कमेटी, मेनिफेस्टो कमेटी, स्ट्रेटजी कमेटी, मीडिया एंड कम्युनिकेशन कमेटी, पब्लिसिटी एंड पब्लिकेशन कमेटी और प्रोटोकॉल कमेटी सहित कुल आठ कमेटियों का गठन किया है। इनमें कांग्रेस वर्किंग कमेटी का सदस्य होने के नाते सचिन पायलट को तो शामिल किया गया है। मगर उनके समर्थकों को विशेष तवज्जो नहीं दी गई। चुनाव में सबसे महत्वपूर्ण कोर कमेटी का संयोजक कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा को बनाया गया है। इस कमेटी में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, कांग्रेस कार्य समिति के सदस्य भंवर जितेंद्र सिंह, सचिन पायलट, पंजाब के प्रभारी हरीश चौधरी, महेंद्रजीत मालवीया, मोहन प्रकाश, विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी, कैबिनेट मंत्री गोविंद राम मेघवाल को शामिल किया गया है। इस कमेटी में पायलट को छोड़कर बाकी सभी गहलोत समर्थक हैं। विधानसभा चुनाव के दौरान महत्वपूर्ण निर्णय लेने में कोर कमेटी की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसमें समर्थन न होने से पायलट अकेले पड़ गए हैं। दूसरी सबसे महत्वपूर्ण कोऑर्डिनेशन कमेटी में कुल 26 लोगों को शामिल किया गया है।

# परमार्थ का ध्यान

### धर्म-प्रवाह



**श्री रामशर्मा आचार्य**

मनुष्य बाँस की पोली बाँसुरी की तरह है, उसमें जैसी फूँक फूँकी जाती है, वैसे स्वर निकलते हैं। दर्पण की तरह है मनुष्य जीवन । आंतरिक मान्यताओं का स्वरूप ही उस दर्पण में दीख पड़ता है। विचारधारा जैसी फूँक फूँकती है, मनुष्य वैसा सोचता, बोलता और करता है। इसलिए समाज को बदलना हो तो व्यक्तियों को बदलना पड़ेगा। व्यक्तियों को बदलना हो तो उनकी आस्थाएँ और विचारणाएँ उलटनी पड़ेंगी। उलटे को उलटाकर देने से सीधा हो जाता है। आज उलझे हुए लोकमानस को उलट दिया जाए तो व्यापक नरक को सुव्यवस्थित स्वर्ग एवं सतयुग में बदला जा सकता है। असुर को मनुष्य और मनुष्य को देवता बनाने का जादू विचार परिवर्तन के गर्भ में छिपा हुआ है। विचार बदल जाने को ही कायाकल्प कहते हैं। शरीरों का कल्प कठिन है, पर अंतःकरण का कल्प पूर्णतया संभव है। अगणित दुष्ट दुरात्मा सद्विचारों का पारस छूकर अपनी लोहे जैसी कलुषित कालिमा से मुक्त हुए हैं और बहुमूल्य स्वर्ण की तरह सम्मानित हुए हैं। इस जादू का व्यापक परिमाण में प्रयोग किया जाना चाहिए। मनुष्य का अंतःकरण बदल डालने से उसका बाह्य जीवन बदलेगा । व्यक्तियों के बदलने से समाज-संसार का बदलना सुनिश्चित है। समाज और कुछ नहीं व्यक्तियों का समूह मात्र ही तो है। व्यक्ति बदले या समाज बदले। समाज का, समूह का, बदलना ही युग परिवर्तन है।

### फेसबुक

**झारखंड** के पूर्व मुख्यमंत्री आदरणीय श्री शिबू सोरेन जी के अस्वस्थ होने की सूचना मिली। मैं ईश्वर से उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूँ।

**– सुदेश महतो, आजसू**

### रोचक ट्वीट

चाकुलिया में डिग्री कॉलेज की मांग की जा रही थी। इसके लिए स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। जल्द इसका शिलान्यास किया जाएगा। हमारे सामाजिक अगुवा को मोटरसाइकिल तो मिलेगी ही, उन्हें आवास से भी आच्छादित किया जाएगा।

**-हेमंत सोरेन,सीएम**





**ईस्ट** कॉरिडोर जैसे शानदार करार जो इस जी-20 में हुए वो दिखाई नहीं पड़ता है और न जाने कहाँ से प्रेस फ्रीडम इंडेक्स का मुद्दा उठाने लगते हैं।ल तो मिलेगी ही, उन्हें आवास से भी आच्छादित किया जाएगा।

**– सुधांशु त्रिवेदी**

### कार्टून वर्ल्ड

प्रदूषण की मार...



साभार कॉर्टून मूवमेंट

### लेटर टू एडिटर

## पंक्षियों पर संकट

**मानवीय** हस्तक्षेप से पक्षियों की अनेक प्रजातियों पर संकट छाया हुआ है। अधिक फसल के लालच में खेतों में डाले गए कीटनाशकों से पक्षियों के प्रजनन और पयार्वास पर असर पड़ा है। पक्षियों की संख्या घटना जैव विविधता पर बड़ा कुठाराघात है। भारत में कुल 3708 प्रजातियों में से 347 खतरे में हैं। समझना होगा कि जब तक पक्षी हैं तब तक यह पृथ्वी इंसानों के रहने लायक है।**– रवि, रांची**

## खतरनाक खिलौना

**खिलौनों** का एक खतरनाक पहलू भी है। भारतीय गुणवत्ता परिषद की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में आयात होने वाले 66.90 प्रतिशत खिलौने बच्चों के लिए खतरनाक हैं। एक अध्ययन में क्यूसीआई ने पाया कि अनेक खिलौनों में मौजूद मैकेनिकल और केमिकल जाचों में गुणवत्ता की कसौटी पर खरे नहीं उतरे। इस दिशा में देशवासी को सावधान रहने की जरूरत है।

**–सुमित सिन्हा, हजारीबाग**

# भारत में नवीनतम एल्यूमीनियम एक्सट्रूजन तकनीक लाने की योजना

### आर्थिक

**भारत में हाई-स्पीड एल्यूमीनियम रेल कोचों के लिए एक्सट्रूडेड उत्पाद बनाने के लिएहिंडाल्को ने इटली की कंपनी मेट्रा से किया करार**

**रेल यात्रा के लिए सौंदर्यपूर्ण डिजाइन, विश्व स्तरीय आराम प्रदान करता है**

दुनिया की सबसे बड़ी एल्यूमीनियम रोलिंग और रीसाइक्लिंग कंपनी हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने इटली स्थित मेट्रा स्पा के साथ एक प्रौद्योगिकी साझेदारी पर हस्ताक्षर किए हैं, जो संरचित और मूल्य वर्धित एल्यूमीनियम एक्सट्रूजन के उत्पादन में अपनी विशेषज्ञता के लिए प्रसिद्ध है। साझेदारी का उद्देश्य भारत में उच्च गति वाले एल्यूमीनियम रेल कोचों के निर्माण के लिए बड़े आकार के एल्यूमीनियम एक्सट्रूजन और फैब्रिकेशन तकनीक के उत्पादन को सक्षम करना है, जो बेहतर घरेलू विनिर्माण क्षमताओं को बढ़ावा देने के भारत सरकार के दृष्टिकोण को कायम रखने में हिंडाल्को की ध्वजवाहक भूमिका को रेखांकित करता है।

एल्युमीनियम निर्माण में हिंडाल्को के विशाल अनुभव और एल्युमीनियम एक्सट्रूजन, मशीनिंग और वेल्डिंग में मेट्रा की अत्याधुनिक जानकारी को मिलाकर, यह सहयोग विश्व स्तरीय तकनीक - जो वर्तमान में यूरोप, चीन, जापान और कुछ अन्य देशों तक सीमित है - को भारत में लाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। यह गठजोड़ हिंडाल्को को भारतीय रेलवे के महत्वाकांक्षी उन्नयन कार्यक्रम को चलाने के लिए लॉन्चिंग पैड प्रदान करता है जो दुनिया का सबसे बड़ा रेल नेटवर्क चलाता है।

हिंडाल्को इंडस्ट्रीज के प्रबंध निदेशक सतीश पई ने इस मौके पर कहा, ₹भारत में यात्री ट्रेनों के लिए एल्युमीनियम एक्सट्रूजन का एक नया युग शुरू करने के लिए मेट्रा के साथ जुड़कर हमें खुशी हो रही है। यह वाणिज्यिक वाहनों, माल ढुलाई वैगनों, इलेक्ट्रिक वाहनों और यात्री ट्रेन अनुप्रयोगों में एल्यूमीनियम के लिए हमारी क्षमता निर्माण के अनुरूप है। हमारी संयुक्त विशेषज्ञता निस्संदेह इन ट्रेनों की दक्षता, स्थायित्व और टिकाऊ प्रदर्शन को बढ़ाएगी और भारतीय रेल उद्योग के लिए नए मानक स्थापित करेगी।" रेलवे क्षेत्र में, एक्सट्रूडेड एल्युमीनियम एक अग्रणी भूमिका निभाता है, क्योंकि यह वजन में कमी और यांत्रिक शक्ति को जोड़ता है। परिवहन क्षेत्र के लिए एल्युमीनियम एक्सट्रूजन बनाने में 60 साल से अनुभवी मेट्रा, रेलवे एक्सट्रूजन के निर्माण और मशीनिंग में माहिर है, जिससे इतालवी कंपनी को रेलवे के लिए उच्च-स्तरीय उप-असेंबली डिजाइन और आपूर्ति करने की अतिरिक्त क्षमता मिलती है। मेट्रा स्पा के सीईओ एनरिको जम्पेड्री ने इस कहा कि ह्लहिंडाल्को इंडस्ट्रीज के साथ सहयोग प्रदर्शित करने का एक रोमांचक अवसर है ।एक साथ मिलकर, हम भारत में हाई-स्पीड ट्रेन निर्माण के लिए एल्यूमीनियम एक्सट्रूजन को फिर से परिभाषित करने के लिए तैयार हैं। भारतीय रेलवे बुनियादी ढांचे में एक गतिशील बदलाव के दौर में है। इसी क्रम सर्वोच्च आराम और तेज यात्रा के लिए चलाई जा रही सर्वोत्कृष्ट विश्व स्तरीय वंदे भारत ट्रेनें भारत में रेल परिवहन के भविष्य का एक संकेतक हैं। 200 किमी प्रति घंटे से अधिक की गति से चलने के लिए डिजाइन की गई चमचमाती, वायुगतिकीय ट्रेन, एल्यूमीनियम के उपयोग से संभव होगी। वंदे भारत ट्रेनों के लिए यात्री कोच बनाने में मदद करने के लिए, हिंडाल्को ने परियोजना के लिए 2,000 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बनाई है और प्रौद्योगिकी गठबंधन इस प्रयास के लिए अत्याधुनिक तकनीक प्रदान करेगा।

यूरोप, चीन और जापान में उपनगरीय मेट्रो सिस्टम, हाई-स्पीड इंटरसिटी और लंबी दूरी की रेल यातायात एल्यूमीनियम रेलकोच का उपयोग करती है।

# निज भाषा उन्नति अहै सब उन्नति को मूल

### हिंदी दिवस

**एनके मुरलीधर**

**निज भाषा उन्नति अहै सब उन्नति को मूल**

निस्संदेह भारतेंदु हरिश्चंद्र की यह पंक्ति हमारे दिल को छूती है पर भाषा के प्रति एकांगी दृष्टिकोण रखना गलत है। भाषा संस्कृति को दशार्ने का जरिया होती है। हिंदी समन्वय ,सौहार्द ,स्नेह तथा करुणा की भाषा है । हिंदी एक लोकतांत्रिक भाषा है। इससे किसी अन्य भाषा या बोली को खतरा नहीं है। लेकिन भाषा के सवाल पर हिंदी- हिंदू- हिंदुस्तान का दृष्टिकोण हिंदी भाषा के विकास और इसकी अस्मिता को बनाए रखने में घातक ही होगा। क्योंकि इस भाषा के सवाल पर हमें कुछ बातों को, तल्ख सवालों का जवाब देना पड़ेगा? क्यों 73 साल की आजादी प्राप्त करने के बावजूद भी हमारे देश में कोई राष्ट्रभाषा नहीं है ? हिंदी संपर्क की भाषा तो बनी ,मनोरंजन की भाषा तो बनी लेकिन ज्ञान और रोटी की भाषा वह आज भी क्यों नहीं है? क्यों सिर्फ 10 राज्यों में ही हिन्दी राजभाषा है? क्यों दक्षिण और पुर्वोत्तर प्रदेशों में हिंदी का विरोध है या प्रचार प्रसार नहीं हुआ? भारत के २०राज्यों में हिंदी बोलने वालों की संख्या कम क्यों है? त्रिभाषा फामूर्ला अब तक कमों नहीं अपनायी गयी? हिंदी पट्टी के राज्यों में अन्य राज्यों की भाषा की पढ़ाई क्यों नहीं है? अदालती एवं सरकारी कार्यों में हिंदी संपूर्ण तरीके से प्रयोग में क्यों नहीं है?कक्षा 9 वीं से ही हिंदी को वैकल्पिक विषय रखने का क्या औचित्य है? कक्षा 12 वीं तक हिंदी को अनिवार्य विषय बनाने में क्या दिक्कत है? वैज्ञानिक और तकनीकी शब्दावलियों को सरल,सहज, बोधगम्य बनाने के लिए क्या कदम उठाए गए जिससे जनता हिंदी से जुड़ सके और दूर न हो? सवाल और भी हैं जिनका जवाब हिंदी का भविष्य तय करेगा । हिंदी देश की सामूहिक आवाज है । देश की प्राणवायु है । शिक्षा में क्रांति अपनी भाषा को प्रयोग में लाने से ही आएगी। लेकिन भारत की भाषाई पॉलिसी का सारा ध्यान क्षेत्रीय भाषाओं को भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में जोडने पर रहा है ।भाषा के सवाल पर राजनीति की गई । बहु भाषायी देश में जनता के गुस्से को कम करने की तिकड़म हिन्दी को मजबूत नहीं करेगी। भारतीय संविधान में किसी भाषा को राष्ट्रभाषा का दर्जा नहीं मिला हुआ है ।दक्षिण भारत और पूर्वोत्तर प्रदेशों में हिंदी का प्रचार प्रसार किए बिना भाषा की बात करना बेमानी है ।एक राष्ट्र की सही संज्ञा प्राप्त करने हेतु संविधान स्वीकृत भाषाओं में कोई एक भाषा होनी चाहिए जिससे संपर्क और राष्ट्रभाषा दोनों का काम लिया जा सके । यह हिंदी हो सकती है । इसमें दम खम है । परंतु इसको थोपने से काम बिगड़ सकता है । दुनिया का हर छठा इंसान हिंदी बोलता है । 150 देशों में हिंदी भाषी लोग रहते हैं ।भारत में इसके बोलने वालों की संख्या लगभग 48 करोड़ है। वर्ल्ड इकोनामिक फोरम ने पावर लैंग्वेज इंडेक्स में हिंदी का स्थान टाप टेन में है । हिंदी दुनिया की सबसे बड़ी तीसरी भाषा है। हिंदी का क्षेत्रफल, भौगोलिक विस्तार आज देश के चौहद्दी तक नहीं सिमटा हुआ है बल्कि विदेशों में भी प्रचार प्रसार बढा है। आज बाजार की सर्वाधिक लोकगृहित भाषा हिंदी है। उदारीकरण एवं वैश्वीकरण के कारण यह संभव हुआ है । भूमंडलीकरण के कारण दुनिया के सारे सौदागर भारत को एक बड़ा बाजार मानते हैं । व्यापार के लिए वहां की भाषा पर पकड़ जरूरी है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम आयोजित



**लोहरदगा।** मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत किस्को प्रखंड के ग्राम- डटमा, बूथ नंबर 45 शक्ति केंद्र खरकी में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रकाश नायक के नेतृत्व में माटी संग्रह कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कहा कि देश के अमर वीर शहीदों के याद में गांव-गांव से संग्रहित कर घर-घर से माटी 17 सितंबर तक कलश में संग्रह कर जिला एवं प्रदेश दिल्ली भेजेगा और दिल्ली में अमृत वाटिका का निर्माण इस मिट्टी से करेगा। इसमें हमारे देश की हर परिवार की सहभागिता एक मुट्ठी मिट्टी से होगी। कार्यक्रम में जिला महामंत्री सह किस्को मंडल प्रभारी बालकृष्ण सिंह, संजय कुजूर, कार्तिक उरांव, महेश नायक, जोसेफ कुजूर, रामदेव उरांव, धनी नाथ नायक, धाना उरांव शनिचरावा उरांव, केतकी देवी व अन्य लोग मौजूद थे।

### बीडीओ ने कर्मियों व जन प्रतिनिधियों के साथ की कई योजनाओं की समीक्षा



**घाघरा।** प्रखंड कार्यालय परिसर सभागार में मंगलवार को बीडीओ दिनेश कुमार ने सभी कर्मी और जनप्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास, 15 वें वित्त आयोग व जिला से मिली जन शिकायतों की समीक्षा की गयी। जिसमें मनरेगा के मेंडेज बढ़ाने, पुराने स्कीम को पूर्ण कर क्लोज करने, आधार सीडिंग करने का निर्देश बीडीओ ने दिया। साथ ही मनरेगा कार्यो में लापरवाही बरतने वाले पंचायत सचिवों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी हाल में लापरवाही बर्दास्त नहीं करेंगे। अगली बार से निश्चित कार्रवाई होगी। मौके पर को-ऑर्डिनेटर अशोक कुमार, मुखिया विनीता कुमारी, लोदो एक्का, पंचायत सचिव आशिक मीर सहित कई कर्मी जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### 40 पीस सखुआ बोटा लदा ट्रक जब्त



**चैनपुर।** चैनपुर वन विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कोड़ी से अवैध सखुआ बोटा लदे ट्रक को जब्त किया है। वहीं मौके से ट्रक ड्राइवर फरार हो गया। वन विभाग को गुप्त सूचना मिली थी कि कोड़ी में कुछ तस्कर अवैध सखुआ बोटा की तस्करी कर रहे हैं। जिसके बाद वन क्षेत्र पदाधिकारी के नेतृत्व में छापामारी दल गठित की गयी और कोड़ी से एक ट्रक में लदे 40 पीस सखुआ बोटा जब्त कर कार्यालय ले आयी। बताते चलें कि चैनपुर मुख्यालय में इन दिनों लकड़ी माफिया सक्रिय हैं। कुरूमगढ़ जंगल से लेकर जारी क्षेत्र क्षेत्र तक इनका साम्राज्य फैला हुआ है।

### सामान्य शाखा के कार्यों की समीक्षा



**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में मंगलवार को सामान्य शाखा से संबंधित समीक्षा बैठक हुई। जिसमें उपायुक्त ने विभाग के कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उपायुक्त ने समय पर कास्ट एवं कैरेक्टर सर्टिफिकेट देने को कहा। चुनाव के मद्देनजर उपायुक्त ने लाइसेंसी हथियारों का प्रत्येक 5 वर्षों में लाइसेंस रिनुअल करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि 5 वर्षों में यदि किसीने अपने हथियार के लाइसेंस को रिनुअल नहीं कराया तो उनके लाइसेंस को विधिपूर्वक रद्द कर दिये जायें। होमगार्ड के प्रतिनियुक्ति आदि से संबंधित प्रक्रीवारा जानकारी हेतु नियमित रूप से सामान्य शाखा के पदाधिकारी को होम गार्ड कमांडर के साथ बैठक करने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने आवास आवंटन की प्रक्रिया की भी समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान बैठक में प्रभारी जिला सामान्य शाखा पदाधिकारी सुदीप्त राज समेत संबंधित विभाग के कर्मी थे।

### बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा को सफल बनाने के लिए भाजपा की बैठक



**गुमला।** बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा को सफल व ऐतिहासिक बनाने के लिए मंगलवार को गुमला, सिसई व बिशुनपुर तीनों विधानसभा के भाजपा पदाधिकारियों की बैठक मुनेश्वर साहू कॉम्प्लेक्स में जिलाध्यक्ष अनूपचंद अधिकारी की अध्यक्षता में हुई। जिलाध्यक्ष ने कहा मरांडी की संकल्प यात्रा 19-20 सितंबर को जिले में होनी है। जिसमें बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं-मतदाताओं की उपस्थिति प्रार्थनीय है। बैठक में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ दिनेश उरांव, पूर्व आईजी डॉ अरुण उरांव, प्रदेश मंत्री मुनेश्वर साहू, सत्यनारायण पटेल, भिखारी भगत, विपिन बिहारी सिंह, लाल मोहन साहू, सुजीत नंदा, प्रदीप प्रसाद, विनोद कुमार, निर्मल गोयल, किरण बाद, दामोदर कसेरा, गायत्री देवी, जग नारायण सिंह, दिनेश्वर प्रसाद, अमरमणि उराव, गौरी किंडो, बालकेश्वर सिंह, खुशमन नायक, विनोद भगत आदि थे।

### गांव की समस्याओं का समाधान करना हर जनप्रतिनिधि का दायित्व: भानू प्रताप

**गुमला।** कांग्रेस कला संस्कृति विभाग के प्रदेश चेयरमैन सह सिसई विधान सभा के युवा नेता भानु प्रताप बड़ाईक ने ग्रामीणों की ग्राम सभा की बैठक में शामिल हुए। ग्राम सभा में ग्रामीणों ने भानु को बताया कि बसिया प्रखंड थाना चौक से होते हुए लोवाकेरा पंचायत भवन, सूरजपुर, कुम्हारी गुमला मार्ग तक 20 किलोमीटर पथ, कुम्हारी हाई स्कूल से सूरज पुर गांव तक लगभग 4-5 किलो मीटर पथ, तुकई से काना लोया गांव तक लगभग 3-4 किलो मीटर पथ, तालेसेरा टेढ़ी टुकु से कुलूसेरा गांव तक लगभग 4-5 किलो मीटर पथ, किन्दीरकेला मुख्य पथ से देवगॉव मड़ा मन्दिर तक 6-7 किलो मीटर पथ काफी जर्जर अवस्था में है।

# सिसई के वेंडर पर गाय शेड निर्माण में गबन की शिकायत

■ अहीर सेना ने शहीद जवान संतोष कुमार की प्रतिमा स्थापित करने की उपायुक्त से की मांग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** जन शिकायत निवारण दिवस पर मंगलवार को उपायुक्त ने लोगों की समस्या सुनी और कई समस्याओं का ऑन दी स्पॉट समाधान किया। आज जनता दरबार में अन्य दिनों के मुकाबले अधिक भीड़ पहुंची थी। पहले 20 से 40 आवेदकों की भीड़ होती थी वहीं इस बार सैंकड़ों की संख्या में आम जनों को उपस्थिति रही। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने एक एक कर सभी आवेदकों की समस्याओं को सुना एवं उसके त्वरित निवारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

आज जन शिकायत निवारण दिवस पर सिसई के द्वारिका विश्वासी ने गाय शेड निर्माण में सामग्री की राशि (55,000 रुपए) का भेंडर के द्वारा गबन करने की शिकायत उपायुक्त के समक्ष की। जिसपर उपायुक्त ने संबंधित अधिकारी को उक्त संबंधित जांच करते हुए भेंडर पर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिए। गुमला निवासी दामोदर प्रजा ने अपनी योग्यता के आधार पर उनके ग्राम के राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय में उनकी नियुक्ति पारा शिक्षक के रूप में करने हेतु आग्रह किया।

वहीं घाघरा निवासी सुनीता देवी ने प्रधान मंत्री आवास के लिए स्वीकृति मिलने के बावजूद उन्हें योजना का लाभ अब तक नहीं मिला के संबंध में उपायुक्त को जानकारी दी। जिसपर उपायुक्त ने उप विकास आयुक्त को इससे संबंधित जांच करते हुए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिए। पालकोट निवासी सुमन सोरेन ने अपने आवेदन में उनके लकवा की बीमारी के बारे में बताया जिस कारण वह रोजगार एवं अन्य शारीरिक कार्य करने में असमर्थ हैं। उनके आर्थिक स्थिति एवं उनके स्वास्थ्य की स्थिति में सुधार के लिया उपायुक्त से सहायता की मांग की।

## उपायुक्त के जनता दरबार में लगी फरियादियों की भीड़, बारी-बारी से सुनी समस्याएं, कई समस्याओं का किया गया ऑन द स्पॉट समाधान



**संबंधित विभागों को उपायुक्त ने भेज पत्र :** उपायुक्त ने संबंधित विभागों को पत्र अग्रसारित करते हुए सुमन सोरेन को इलाज एवं स्वरोजगार हेतु सरकारी योजनाओं से अच्छादित करने का निर्देश दिया। जिले के कन्हर कोना ग्राम निवासियों ने अपना आवेदन समर्पित कर अपने गांव के सर्वांगीण विकास के तहत बिजली, पेय जल एवं सड़क की सुविधा को उपलब्ध कराने हेतु आग्रह किया। जिसपर उपायुक्त ने कहा कि वे अपने अगले क्षेत्र भ्रमण कार्यक्रम के दौरान उक्त ग्राम का स्वयं निरीक्षण करेंगे एवं योजना तैयार करते हुए सभी प्राथमिक सुविधाओं को दुरुस्त करने का कार्य किया जाएगा। अहीर सेना झारखंड संस्था के प्रतिनिधियों ने आवेदन समर्पित करते हुए 2019 में जम्मू कश्मीर में पाकिस्तान द्वारा किए गए सीज फायर उल्लंघन में बसिया के संतोष कुमार द्वारा दुश्मनों की फायरिंग का सामना करते हुए शहीद हो गये थे। जिसके लिए संस्था के सदस्यों द्वारा उनके स्मृति में एक प्रतिमा का निर्माण करने का आग्रह किया।

उपायुक्त ने सामान्य शाखा के अधिकारी को इससे संबंधित विषय की पूर्ण जानकारी प्राप्त करते हुए चर्चा करने को कहा। इसके साथ ही जनता दरबार में कई आवेदन देखने को मिले जिसमें से मुख्यतः जमीन विवाद, नौकरी, आपसी मतभेद, राशन, पंशन, बिजली, पानी, सड़क जैसे कई विषय शामिल रहे। उपायुक्त ने सभी आवेदनों पर गंभीरता दिखाते हुए संबंधित विभाग को इस पर त्वरित कारवाई हेतु निर्देशित किया वहीं नव गठित जन शिकायत सेल को इन सभी आवेदनों का फॉलोअप करते हुए अविलंब सभी शिकायतों का निवारण कराने को कहा।

### छात्रा के परिजनों से मिले भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के सदस्य

# तीन दिन में वार्डेन को बर्खास्त करें नहीं तो 15 को रोड जाम : खुशमन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** जारी प्रखंड के जरडा करमडीपा की करिश्मा कुमारी (17) की मौत की खबर सुन भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष खुशमन नायक ने अपनी टीम के साथ पीड़ित परिवार से मिले और उन्हें सांत्वना देते हुए प्रशासन से मुआवजा दिलाने व उनके साथ खड़ा रहने की बात कही।

खुशमन ने मृतक के परिवार एवं स्थानीय ग्रामीणों के साथ बैठकर वस्तु स्थिति से अवगत हुए। पता चला कि जारी कस्तूरबा आवासीय विद्यालय में फूदन नायक के तीन बेटी पढ़ाई कर रही थी। सबसे बड़ी बेटी करिश्मा वर्ग 9 वीं एवं मझली बेटी संतोषी कुमारी 8वीं और छोटी बेटी फूलकुमारी 7वीं वर्ग में पढ़ाई करती थी। करिश्मा कुमारी विद्यालय में काफी दिनों से बीमार चल रही थी। ये बात मृतक की दोनों छोटी बहनों को पता था।



बैठक में शामिल भाजपा नेता व ग्रामीण।

**खास बातें :** बताया कि इलाज हेतु घर जाने के लिए वार्डेन कमला कुमारी से कई दिन छुट्टी की मांग की थी। लेकिन अपने बीमार दीदी को छुट्टी नहीं मिली और न ही उनके बीमार होने का सूचना परिवार वालों को दिया गया। छोटी बहन बीमार पड़ी बड़ी बहन के पास जाना चाहती थी तो उसे सब ठीक है कहकर डाट फटकार कर भागा देती थी। जब उनकी बड़ी बहन करिश्मा कुमारी सीरियस आवस्था में हो गई तब दूसरे लोगों के माध्यम से परिवार वालों को सूचित किया गया। सूचना मिलते ही परिजन 6 सितंबर की शाम को छात्रा को विद्यालय से गंभीर हालत में घर लाये और 7 सितंबर की सुबह को इलाज के लिए सदर अस्पताल गुमला ले जा रहे थे लेकिन आधे रास्ते में ही करिश्मा की मौत हो गयी।

# भगवान श्रीकृष्ण की छठी पर किया गया भव्य भंडारा, जुटे कई श्रद्धालु

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** बजरंग दल ने मंगलवार को कृष्ण जन्माष्टमी के छठी पर पूजा अर्चना सह भंडारे का आयोजन किया। आयोजन बड़ा तालाब निकट स्थित शिवाला मंदिर परिसर में संपन्न हुई। सुबह लगभग 10 बजे से शुरू हुई पूजा अर्चना के बाद दोपहर में 2 बजे से भव्य भंडारा किया गया। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया। पुरोहित पंडित भीम तिवारी, शशि प्रकाश तिवारी की अगुवाई में सभी धार्मिक कार्यक्रम संपन्न कराये गये।

यजमान की भूमिका में निधि कुमारी सहित अन्य शामिल हुए। बजरंग दल के जिला संयोजक सचिन कुमार ने बताया कि भगवान श्री कृष्ण के जन्म के बाद छठे दिन छठी पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम स्वरूप भंडारा किया गया। इस पर्व जन्माष्टमी पर उक्त परिसर में ही भव्य आयोजन किया गया था। भंडारा देर शाम तक जारी रहा।



भंडारे का प्रसाद ग्रहण करते भक्त।

**खास बातें :** कार्यक्रम को सफल बनाने में विहिप के प्रांत प्रवर्तण प्रमुख अनिल गुप्ता, बजरंग दल जिला संयोजक सचिन कुमार, पूर्व उपाध्यक्ष अशोक कांस्यकर, विहिप संगठन मंत्री कार्तिक विश्वकर्मा, उमेश कांस्यकार, अमित चंद अग्रवाल, कौशल खत्री, डीसी कर्मकार, श्याम जी, सह गोरक्षा प्रमुख चंदन गोप, विद्यार्थी प्रमुख शनि साहू, राहुल कुमार, सुरक्षा प्रमुख उमेश सिंह, अंकित अग्रवाल, आशीष साहू, मनोज साहू, रोहित गुप्ता, रविंद्र कुमार केसरी, दीपक कुमार, दीपक जी, सत्यम कुमार, विक्रांत कुमार, विक्रांत ठाकुर, दीक्षांत आर्य, गणेश कुमार, लवलेश कुमार उर्फ राजा, अक्षत साहू, अतुल मुखर्जी, शीतल कर्मकार, अरुणा देवी, रेखा देवी, दुर्गा देवी, उषा देवी, सीमा देवी, बिंदिया खत्री, पवन तिग्गा, जयशंकर सोनी, सरवन वर्मा, विशाल साहू, किट्टी साहू, गायत्री देवी, निधि रानी, लक्ष्मी कुमारी, श्रुति कुमारी, अनुभव कुमार, राज खत्री, गुड्डू साहू, राज साहू उपस्थित थे।

# लक्ष्य निर्धारित कर पूरी ईमानदारी से मेहनत करें विद्यार्थी, सफलता जरूर मिलेगी : हरिश बिन जमां

■ यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस, सांकृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भंडरा।** प्रखंड के नवडीहा गांव स्थित यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल में मंगलवार को शिक्षक दिवस बहुत हीं धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि जिला पुलिस अधीक्षक हरिश बिन जमा, विशिष्ट अतिथि थाना प्रभारी गौतम कुमार,विद्यालय के निदेशक बैधनाथ कुमार पांडे ने सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। ततपश्चात बच्चों ने अपने शिक्षक के सम्मान में कई कार्यक्रम प्रस्तुत किये। पुलिस अधीक्षक ने विद्यालय एव विद्यालय के छात्रों के अनुशासन की जम कर तारीफ की। उन्होने कहा की शिक्षकों पर देश के भावी कर्णधारों के जीवन को गढ़ने और उनके चरित्र निर्माण करने का महत्वपूर्ण दायित्व होता है। शिक्षा ही ऐसा माध्यम है जिससे हम प्रगति के पथ पर निरंतर आगे बढ़ सकते हैं।



कार्यक्रम को संबोधित करते एसपी व उपस्थित अन्य।

**क्या बोले एसपी :** मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक ने कहा कि शिक्षा मानव के सर्वांगीण विकास का एक सशक्त माध्यम है। शिक्षा विद्यार्थियों के लिए सिर्फ ज्ञानार्जन का ही साधन नही अपितु यह आर्ट ऑफ लिविंग अर्थात जीने की कला सिखाती है। आज के प्रतिस्पर्धी युग में बच्चों के सर्वांगीण विकास पर बाल्य काल पर ही ध्यान देना होगा तभी बेहतर उपलब्धियां प्राप्त कर सकेगी। शिक्षकों को प्राथमिकता से बच्चों के नैतिक शिक्षा पर बल देना चाहिए। शिक्षक अपने विद्यार्थियों के लिए रोल मॉडल होता है। अतः बेहतर शिक्षक निश्चित तौर पर सुसंस्कारित बेहतर नायक तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने छात्रों को लक्ष्य निर्धारित कर कड़ी मेहनत करने की सलाह दी। कड़ी मेहनत से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

### अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को भंडरा पुलिस ने किया जब्त



**भंडरा।** स्थानीय पुलिस ने मंगलवार को अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर को जब्त कर लिया। थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर जमगाई के समीप से गुजर रहे एक ट्रैक्टर को जब्त किया गया। ट्रैक्टर पर बिना कागजात बालू लदा था। हालांकि पुलिस को देख ट्रैक्टर चालक भागने में सफल रहा। जब्त ट्रैक्टर के चालक एवं मालिक पर प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। थाना प्रभारी ने बताया की ट्रैक्टर सिसई थाना क्षेत्र के बघनी गांव निवासी इरसाद अंसारी की है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र मे अवैध बालू की ढूलाई पर पुरी तरह अंकुश बनी रहेगी।

### मनरेगा लोकपाल ने जानी योजनाओं की हकीकत



**लोहरदगा।** जिला मनरेगा लोकपाल इंदु तिवारी ने सदर प्रखंड कार्यालय सभागार में मनरेगा योजना की समीक्षा की। समीक्षा में मनरेगा लोकपाल से मजदूरों को अधिक रोजगार देने पर जोर दिया। साथ ही अधिक परिसंपत्तियों के निर्माण की बात कही। लोकपाल ने मनरेगा से संचालित योजनाओं का निरीक्षण में ग्राम पंचायत अरकोसा और रामपुर पंचायत की विभिन्न योजनाओं की भौतिक स्थिति जांची। मौके पर कई दिशा निर्देश दिये। मौके पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मृणाल प्रकाश,सभी पंचायत सचिव, सभी ग्राम रोजगार सेवक,सभी कनिय अभियंता, सहायक अभियंता सहित कई लोग मौजूद थे।

### अलबर्ट एक्का मेमोरियल कॉलेज का एक छात्र सड़क किनारे लावारिस हालत में मिला बेहोश



**चैनपुर।** चैनपुर थाना अंतर्गत बिंदोरा गांव के सड़क किनारें लावारिस पड़े परमवीर अल्बर्ट एक्का मेमोरियल कॉलेज के एक छात्र को पुलिस ने सोमवार देर शाम 7 बजे के करीब चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाकर भर्ती कराया। जहां युवक की गंभीर हालत को देखते हुए गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। युवक की पहचान तीगावल गांव निवासी 17 वर्षीय देवनीश खलखो पिता मकरनीयुस खालको के रूप में हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार देवनीश खरखो परमवीर अल्बर्ट एक्का मेमोरियल कॉलेज में इंटर का छात्र है। देवनीश सुबह अपने घर तीगावल से कॉलेज जाने के लिए निकला था पर शाम तक जब देवनीश घर नहीं पहुंचा तो परिजन परेशान हो गए। वहीं जब परिजनों ने देवनीश के मोबाइल पर कॉल किया तो एक अन्य ग्रामीण ने घटना की जानकारी परिजनों को दी। इधर ग्रामीणों ने पुलिस को जानकारी दी की युवक बेहोशी की हालत में बिंदोरा गांव के सड़क किनारे पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची।

## जनसमस्याएं पदाधिकारियों को बता समाधान की मांग करेंगे : चैतु उरांव

›› कामडारा प्रखंड के कारीचुंवा में लगा जन सहायता शिविर एवं स्वास्थ्य शिविर



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** कामडारा प्रखंड कांग्रेस कमेटी के द्वारा सुरूहु पंचायत के कारीचुंवा में प्रखंड अध्यक्ष अजित केरकेट्टा की अध्यक्षता में जन सहायता शिविर एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष चैतु उरांव, जिला उपाध्यक्ष अजित गुड़िया, सचिव तरुण गोप, प्रखंड महासचिव पतरस होरो, शामिल हुए। कांग्रेस जिलाध्यक्ष चैतु उरांव ग्रामीणों की समस्याओं से अवगत हुए। जिसमें वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, सड़क, पानी आदि शामिल है। चैतु उरांव ने कहा कि जन सहायता शिविर एवं स्वास्थ्य शिविर आप लोगों के लिए रखा गया है। आप सभी को प्रखंड मुख्यालय एवं जिला मुख्यालय आने जाने में कठिनाई होती है। इन सब चीजों को ध्यान में रखते हुए आप के पंचायत में कांग्रेस पार्टी शिविर लगाकर आप लोगों के लिए सरकार की योजनाओं का लाभ आप तक पहुंचाने का प्रयास कर रही है।

## नाबालिग लड़की ने फंदे से झूल कर की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के बदला निवासी सहिन्दर तुरी की नाबालिग पुत्री निशा कुमारी ने सोमवार रात्रि में अपने ही घर में फांसी के फंदे से झूल कर आत्महत्या कर ली। जानकारी अनुसार सीरम पंचायत के सिमभुआ निवासी सहिंदर तुरी तीन वर्ष पूर्व बदला में जमीन खरीद घर बना कर रहता था। कुछ माह पूर्व लड़की के माता पिता कमाने के लिए उत्तर प्रदेश राज्य के बनारस ईंट भट्ठा गये हुए थे। मृतका निशा कुमारी और उसका 9 वर्षीय भाई प्रशांत तुरी घर में साथ साथ रहकर पढ़ाई करते थे। 11 वीं कक्षा की छात्रा निशा कुमारी ने सोमवार रात में फांसी लगा ली। जिसकी सूचना छोटा भाई प्रशांत तुरी ने फांसी में झूलते देखकर अगल बगल के लोगों को दिया। जिसके बाद लोगों ने आकर देखा तो लड़की फांसी से झूली हुई है।

# पालकोट प्रखंड में मनाया गया विश्व हिंदू परिषद का 59वां स्थापना दिवस

■ 20 यूनिट किया गया रक्तदान, पालकोट प्रखंड के सभी पंचायतों में रक्तदान शिविर लगाने का आह्वान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** पालकोट प्रखंड के हनुमान मंदिर अम्बेराडीह प्रांगण में विश्व हिंदू परिषद का 59 वां स्थापना दिवस मनाया गया। साथ ही रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन केशव चन्द्र साय, मुकेश सिंह, रविंद्र सिंह व सिकंदर सिंह ने फीता काट कर किया। भारत माता एवं भगवान कृष्ण के समक्ष दीप प्रज्वलित के साथ कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम प्रारंभ करने के बाद विहिप बजरंग दल कोलेंग पंचायत के कार्यकर्ताओं ने 20 यूनिट रक्तदान किया। जिसमें सतेंद्र सिंह, आनंद सिंह, शिवपूजन साहू, अजय सिंह, उज्ज्वल कुमार सिंह, विकास सिंह, शिवम तिर्की, राजा पांडे, कृष्ण सिंह, बसंत सिंह, संतोष कुमार सिंह, विनोद कुमार सिंह, प्रेम सिंह, मिथिलेश सोहन, उमेश सिंह, सत्येंद्र सिंह, सुजित, यश, मुन्ना कुमार, रुपेश कसेरा ने रक्तदान किया।



स्थापना दवस पर रक्तदान करते विहिप के कार्यकर्ता।

**कार्यक्रम में ये भी रहे उपस्थित**

मौके पर बजरंग दल सदस्यों ने कहा कि रक्तदान करने से शरीर स्वस्थ रहता है कई तरह की बीमारियां खत्म होती है। बहुत जल्द अब पालकोट प्रखंड के सभी पंचायत में रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा और साथ ही जरूरतमंद मरीजों को हो रहे ब्लड की समस्याओं को दूर भी किया जायेगा। मौके पर सत्येंद्र सिंह, सह संयोजक आनंद सिंह, सहसंयोजक पारसनाथ सिंह, शिवपूजन साहू महेश सिंह उप प्रमुख सिकंदर संजय कुमार विजय मिश्रा, रुपेश कंसारी, अनीश साहू सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# डीएमएफटी शासी परिषद की बैठक में कई योजनाओं को दी गयी स्वीकृति

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में डीएमएफटी शासी परिषद की बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में सर्वप्रथम विधायक डॉ रामेश्वर उरांव द्वारा समर्पित सोलर स्ट्रीट लाइट निर्माण से संबंधित कुल 61 योजनाओं, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विभाग, झारखंड सरकार के मंत्री सत्यानंद भोक्ता द्वारा सड़क मरम्मत से संबंधित कुल 13 योजनाओं और चमरा लिंडा, विधायक बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्र द्वारा पीसीसी पथ निर्माण, पुलिया निर्माण, सामुदायिक भवन निर्माण से संबंधित कुल 25 प्रस्तावित योजनाओं विस्तृत चर्चा हुई और ग्रामसभा की प्रत्याशा में योजनाओं के कार्यान्वयन हेतु आवश्यक निर्णय लिये गये। लोहरदगा शहरी क्षेत्र में सीसीटीवी लगाने हेतु प्रस्ताव पर विचार किया गया और आवश्यक निर्देश हिंडाल्को इंडस्ट्रीज को दिये गये।



बैठक करते उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण व उपस्थित अन्य।

**ये रहे मौजूद :** बैठक में पुलिस अधीक्षक हरिश बिन जमां, उप विकास आयुक्त जयज्योति सांमता, एसडीओ अरविंद कुमार लाल, जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव, सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि नीशीथ जायसवाल, सिविल सर्जन डॉ राजमोहन खलखो, सहायक खनन पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी किस्को, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधि, पेशरार, सेन्हा और किस्को प्रखंड के प्रमुख और मुखियागण उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### वेयर हाउस का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

**चतरा ।** उपायुक्त अबु इमरान ने मंगलवार को निर्वाचन कार्यालय स्थित वेयर हाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने भारत निर्वाचन आयोग के तय मानकों के आधार पर राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में वेयर हाउस खोल उनमें सुरक्षा व्यवस्था, ईवीएम का रख रखाव समेत अन्य का जायजा लिया। उपायुक्त ने सीसीटीवी समेत अन्य सुरक्षा मानकों का जांच किया। जांच में सीसीटीवी समेत अन्य क्रियान्वित पाए गए। इस दौरान मौके पर मुख्य रूप से उप निर्वाचन पदाधिकारी संतोष गुप्ता समेत विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधि, भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता, अग्निशमन पदाधिकारी एवं अन्य कार्यालय कर्मी उपस्थित थे।

### डीडीसी ने जनता दरबार के माध्यम से सुनी आमजनों की समस्याएं

**चतरा।** उपायुक्त अबु इमरान के निदेर्शानुसार उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने जनता दरबार के माध्यम से आमजनों की समस्याएं सुनी। एक-एक कर लोगों द्वारा अपनी-अपनी समस्यओं को लेकर समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उप विकास आयुक्त से मिल उन्हें समस्याएं सुनाया। उप विकास आयुक्त ने जनता दरबार में मिलने आए सभी शिकायतकताओं की बारी बारी से समस्याएं सुन, जल्द समस्याओं के समाधान का भरोसा दिया। समस्याओं में मुख्य रूप से जमीन, प्रज्ञा केंद्र, सामाजिक सुरक्षा से संबंधित मामले समेत अन्य मामले शामिल है।

### फरार अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल

**कान्हाचट्टी।** थाना कांड संख्या 94/19 के फरार अभियुक्त को राजपुर थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय हिरासत में भेज दिया। थाना प्रभारी भोलानाथ दास ने बताया कि राजपुर थाना कांड संख्या 94/19 के नामजद आरोपी संजय यादव,पिता जगदीश यादव जो करीब तीन साल से फरार चल रहा था। जिसे छापेमारी अभियान के दौरान जोलडीहा ग्राम से गिरफ्तार कर मंगलवार को कागजी कार्रवाई के बाद चतरा जेल भेज दिया गया।

### अंचल कोर्ट का हुआ आयोजन ऑन द स्पॉट एक का निष्पादन

**गिद्धौर।** प्रखंड सह अंचल के अंतर्गत मंगलवार को अंचल कोर्ट का आयोजन अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक के द्वारा किया गया। जहां ऑन द स्पॉट एक जमीनी मामले का निष्पादन किया गया। मामला केन्दुआ गांव के राजेंद्र यादव एवं गीता देवी पति दुखन यादव के बीच भूमि विवाद चल रही थी। जिसका कागजात जांचों उपरांत दोनों को जमीन की मापी कर आपस में ही सुलहन कर मामले का निष्पादन अंचलाधिकारी के द्वारा कर दिया गया।

### जंगली हाथियों का आतंक जारी घर व फसल को किया क्षतिग्रस्त

**टंडवा(चतरा)।** टंडवा थाना क्षेत्र के डहू पँचायत में इन दिनों फिर से जंगली हाथियों की आतंक जारी है। गाँव के रूपन महतो का एक घर एवं खेत मे लगे मक्का की खेती को क्षतिग्रस्त कर दिया है। वही भुक्तभोगी ने सम्बंधित विभाग से क्षतिपूर्ति एवं जंगली हाथियों को भगाने की गुहार लगा रहे हैं। बताया गया कि पिछले एक सप्ताह से डहू गाँव के इर्द- गिर्ध्द हाथियों का बसेरा बन गया है। जिससे गांव के लोग काफी डरे व सहमे हुए हैं।

### 90 आदिम जनजाति के बीच राशन का वितरण

**मझिआंव।** उपायुक्त एवं जिला खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी के निदेर्शानुसार मझिआंव प्रखंड क्षेत्र के रामपुर पंचायत के जहारसराय के परेहियाडीह टोला धुमकुड़िया हाउस के प्रांगण में बीडीओ सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी नितेश भास्कर ने पीवीटीजी के तहत 90 आदिम जनजाति लाभुकों के बीच फ्री खाद्यान्न वितरण किया। इस संबंध में बीडीओ सह एमओ ने बताया कि वरीय पदाधिकारी के निदेर्शानुसार रामपुर पंचायत के परहीयाडीह में अगस्त माह का राशन आदिम जनजाति के 90 लाभुकों के बीच 35-35 किलोग्राम वितरण किया गया है। यह राशन अंतोदय के तहत वितरण किया गया है जो सरकार के द्वारा यह राशन प्रत्येक माह सभी लाभुकों के बीच फ्री दिया जाता है। इससे उन सभी गरीब परिवारों को काफी सहयोग मिलता है। यह वितरण कार्यक्रम विनोद डीलर के यहां से किया गया है। वहीं वितरण के दौरान कई ग्रामीण जनता भी उपस्थित थे।

### मशरूम की खेती करेंगे गढ़वा के युवक-युवतियां

**गढ़वा।** कृषि विज्ञान केन्द्र, गढ़वा में ग्रामीण युवक-युवतियों को मशरूम उत्पादन विषय पर पाँच दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। इन पाँच दिनों में डॉ. राजीव कुमार, वैज्ञानिक (पौधा संरक्षण) ने मशरूम के विभिन्न प्रभेद, स्थानीय स्तर पर उपलब्ध प्राकृतिक रूप से उगने वाले मशरूम, सालों भर मशरूम उत्पादन हेतू मौसम अनुकूल मशरूम के प्रभेद यथा ठंढे में ऑयस्टर मशरूम तथा बटन मशरूम, गर्मी में पुआल मशरुम जो ठंडा एवं गर्मी दोनों मौसम में उत्पादन किया जा सकता है कि उत्पादन विधि, किट-रोग प्रबंधन, बैग का रख रखाव, प्रबंधन, आय - व्यय का ब्यौरा की-उपलब्धता, विभिन्न उत्पाद बनाने के तकनीकी आदि विषय पर लाभुकों को प्रशिक्षित किया।

### लापता नाबालिग युवती बरामद

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत मुरकमनाई पंचायत बेला से मवेशी चराने गयी लापता चौदह वर्षीय नाबालिग युवती को युवक के साथ मरकच्चो थाना क्षेत्र के नावाडीह 2 से गिरफ्तार कर लिया है। वहीं युवक को जेल भेज दिया गया है एवं युवती को सीआरपीसी की धारा 164 बयान के लिए अदालत ले गयी। बताते चलें कि नाबालिग के लापता होने को लेकर उसकी मां मालती देवी बेला निवासी ने थाना में आवेदन देकर सनहा दर्ज कराया था। जिसमें कहा था कि तीन सितंबर की सुबह दस बजे उनकी पुत्री मवेशी चराने निकली थी मगर दोपहर को मवेशी घर लौट कर आ गये पर उसकी पुत्री नहीं लौटी।

### अज्ञात शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

**जयनगर (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत पिपचो हाट बाजार से एक 75 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार आसपास के लोगों ने बताया कि वह वृद्ध व विकलांग व्यक्ति पिछले कई दिनों से इस क्षेत्र में भटक रहा था। आशंका जतायी जा रही है कि भूख प्यास से उसकी मौत हो गयी है। मामले की जानकारी मिलने पर थाना प्रभारी उमानाथ सिंह ने कार्रवाई करते हुए शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। समाचार लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नहीं हो पायी है।

### दिशा की बैठक 15 को

**कोडरमा।** सांसद सह मंत्री अन्नपूर्णा देवी की अध्यक्षता में 15 सितंबर को पूर्वाह्न 11 से जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति (दिशा) की बैठक आयोजित की गई है। बैठक में भाग लेने के लिए हजारीबाग सांसद के अलावा बरकट्ठा एवं बरही विधायक एवं जिला परिषद अध्यक्ष सहित सभी प्रखंडों के प्रमुख एवं मनोनीत सदस्यों को सूचना दी गई है।

### चिंतन शिविर का आयोजन

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में आकांक्षी योजना को लेकर चिंतन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता कर रहे डीडीसी ऋतुराज ने कहा कि सरकार ने जिले के दो प्रखंडों को आकांक्षी प्रखंड घोषित किया है, उसमें जयनगर भी शामिल है, यह अपने आप में गौरव की बात है। हम सबों को मिलजुल कर इस दिशा में काम करना है। सबों के प्रयास से सफलता मिलेगी।

### उपायुक्त आमजनों की समस्याओं से हुईं अवगत

**कोडरमा।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिले के विभिन्न क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। उपायुक्त ने सभी लोगों से एक-एक कर समस्याएं सुनी और सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द समाधान करने का आश्वासन दिये। जनता दरबार में जमीन का रसीद निर्गत करने, जमीन विवाद, बकाया राशि का भुगतान करने, मकान पर जबरन कब्जा करने और जाली दस्तावेज बनाकर रसीद करवाने, कस्तूरबा विद्यालय में नामांकन, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, रोजगार दिलाने, मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत करने समेत कई मामलों में आवेदन दिया।

## चतरा और सिमरिया में बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा, कहा

# भ्रष्टाचारियों को बचा रही सरकार

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी संकल्प यात्रा जनसभा कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय दौरे पर मंगलवार को चतरा पहुंचे। इस दौरान उन्होंने सिमरिया और चतरा में आयोजित संकल्प यात्रा के सभा में शिरकत किया। जहां सांसद सुनिल कुमार सिंह व सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास ने उनका स्वागत किया। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य की हेमंत सरकार पर जमकर हमला बोला। इस दौरान उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी यह संकल्प यात्रा राज्य के भ्रष्ट हेमंत सरकार के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि राज्य की सरकार भ्रष्टाचारियों और विचौलियों के सहारे चल रही है। इस राज्य को भ्रष्टाचारियों, बिचौलियों और लुटेरों से बचाना है। इसी को लेकर यह संकल्प यात्रा हम सभी कर रहे हैं। सिमरिया विधानसभा जनसभा के उपरांत विभिन्न पार्टियों से आए सैकड़ों महिलाओं ने बाबूलाल मरांडी के समक्ष भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम को सांसद सुनील सिंह, विधायक किशुन कुमार दास, हजारीबाग विधायक मनीष जायसवाल, प्रदेश मंत्री बालमुकुंद सहाय, जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा, नरेश सिंह आदि ने संबोधित किया। संचालन जिला महामंत्री मिथलेश गुप्ता ने किया। कार्यक्रम के पूर्व विधायक और सांसद ने मेमेंटो देकर और कार्यकताओं 20 किलो का बड़ा माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। बिरहु, शिला, पीरी, टूटीलावा में भव्य स्वागत किया गया।

**गरीबों की बजाए अफसरों की चिंता कर रही हैं हेमंत सरकार :** इसके साथ ही उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीबों के कल्याण के लिए आयुष्मान योजना को लाया था, जिसके तहत गरीब किसान वर्ग के लोग 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज करवा रहे थे। वहीं, हेमंत सरकार ने गरीबों के कल्याण की चिंता करने की बजाए अफसरों की चिंता कर रहे हैं। इसी का नतीजा है कि आज राज्य में हर जगह कमीशनखोरी और अफसरशाही हावी है। उन्होंने हाल ही के दिनों में ईडी के द्वारा किए जा रहे कार्रवाई को लेकर कहा कि राज्य में बढ़ रहे भ्रष्टाचार पर जब ईडी ने जांच शुरू किया तो करोड़ों रुपए की काली कमाई के साथ कई लोगों को जेल भेजा गया। उन बिचौलियों को बचाने के लिए राज्य के मुख्यमंत्री करोड़ों रुपये खर्च कर सुप्रीम कोर्ट से महंगे-महंगे वकीलों को लाकर उन्हें बचाने का काम कर रहे हैं। इस दौरान उन्होंने फिल्ड फायरिंग रेंज से जिले में प्रभावित होने वाले 300 से अधिक गांवों के मुद्दे पर कहा कि देश के प्रधानमंत्री लोगों के घर को बसाने का काम करते हैं, उजाड़ना नहीं। उन्होंने फायरिंग रेंज से विस्थापित गांवों के लोगों को आश्वस्त कराते हुए कहा कि आप सभी का घर नहीं उजड़ने दिया जाएगा।

### बिना पैसे का कोई भी काम नहीं होता

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार ने पुलिस को चोर-डकैतों के पकड़वाने की जगह पैसे की वसूली में लगा दिया है। इससे दिनोंदिन क्षेत्र में अपराध बढ़ता जा रहा है। योजनाओं में इंजीनियरों से पैसा वसूलने का काम करवा रही है। झारखंड में बिना पैसे का कोई भी काम नहीं होता है। जाति, आवासीय, आय प्रमाणपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने में खुलेआम पैसे लिए जा रहे हैं। राशन कार्ड में नाम जोड़वाने में पांच हजार रुपये लिए जाते हैं।

## दुर्गापूजा में ढिबरा मजदूरों को मिल सकता है बड़ा तोहफा : बंधु तिर्की

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** ढिबरा कारोबार को लेकर बनी ढिबरा नीति पर विभागीय स्तर से हो रही लेट-लतीफी से ढिबरा मजदूरों और व्यापारियों में संशय की स्थिति बनती जा रही है। ढिबरा को लेकर मुख्यमंत्री ने कोडरमा में को-ऑपरेटिव के जरिये व्यवसाय को पटरी पर लाने का घोषणा किया था। लेकिन यह नीति सरकारी फाइलों में अटकी है। सरकार की ढिबरा नीति जमीन पर लागू होने में वक्त लग रहा है। को-ऑपरेटिव के जरिये व्यवसाय का ढांचा और नीति को लेकर सरकार और जनता के बीच संवाद की कमी है, जिसके कारण ढिबरा मजदूरों और व्यवसायी असमंजस की स्थिति में है। ढिबरा कारोबार को कानूनी मान्यता दिलाने के लिए ढिबरा स्क्रैप मजदूर संघ लगातार सक्रिय रही है। वहीं ढिबरा नीति लागू कराने के लिए कांग्रेस के कद्दावर नेता और मांडर के पूर्व विधायक सह पूर्व शिक्षा मंत्री बंधू तिर्की भी प्रयासरत है। जबकि मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने भी मानसून सत्र में विधानसभा में मुद्दा को उठाया था। ढिबरा नीति को लेकर सोमवार को कांग्रेस के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष बंधु तिर्की के नेतृत्व में ढिबरा स्क्रैप मजदूर संघ ने नेपाल हाउस स्थित विकास भवन में खान एवं भूतत्व सचिव अबु बक्कर सिद्दीकी से प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की और ज्ञापन सौंपा। खनन सचिव अबु बक्कर सिद्दीकी ने आश्वाशन दिया कि ढिबरा नीति को लेकर विभाग गंभीर है। दो महीने में ढिबरा कारोबार को लेकर नीति सक्रिय हो जाएगी। जिससे ढिबरा मजदूरों और व्यापारियों को लाभ होगा। कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि ढिबरा की समस्या ढिबरा मजदूरों के लिए बड़ी समस्या है।

## पूर्व विधायक ग्रामीणों के साथ एसपी कार्यालय पहुंचकर दिया धरना



**चंदवारा (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र के खांडी के महरभुता जवाहर डैम में मछली मारने के दौरान 5 सितंबर को हुए युवक की हत्या को लेकर मंगलवार को कांड संख्या 75/23 के मुख्य आरोपी जिब्राइल अंसारी एवं इसराफिल अंसारी के गिरफ्तारी को लेकर पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव के नेतृत्व खांडी एवं जोगीडीह गांव के सैकडों महिला पुरुषों ने एसपी कार्यालय के समीप धरना दिया। वहीं ग्रामीणों ने थाना प्रभारी को निलंबित करो, मुख्य आरोपी जिब्राइल अंसारी को अभिलंब गिरफ्तार करो आदि के नारे लगा रहे थे। वहीं पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने एसपी के कार्यालय में नहीं रहने कारण फोन पर वार्ता की, इस दौरान एसपी ने आश्वासन दिया कि दोषी को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। वहीं पूर्व विधायक श्री यादव ने कहा कि चंदवारा थाना घेराव के दौरान थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने आरोपी को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार करने का आश्वासन देने के बावजूद भी 7 दिन बीत जाने के बाद भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है, अगर दोषी की गिरफ्तारी नहीं होती है तो आगे इससे भी बड़ा आंदोलन किया जाएगा, मृतक के परिवार के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। वहीं दिये गए आवेदन में मृतक की पत्नी ने बताया है कि उक्त कांड में शामिल जिब्राइल अंसारी एवं इसराफिल अंसारी को गिरफ्तार कर हमें न्याय दिया जाय। मौके पर जिप सदस्य नीतू यादव, भाजपा नेता लक्ष्मण यादव, पूर्व प्रमुख महेंद्र यादव, राजेश यादव, मुखिया असगर अंसारी, बंटी मोदी, विजय यादव, कपिलदेव यादव, राजेन्द्र यादव, सुरेन्द्र यादव, लुकेश्वर यादव, घमन यादव, रविन्द्र यादव, मनोज रजक,

## उपायुक्त ने हरी झण्डी दिखा कर पोषण रथ को किया रवाना

**कोडरमा।** राज्य सरकार के प्राप्त मार्गदर्शन पर मिशन सक्षम आंगनबाडी एवं पोषण 2.0 के तह्त 1 सितम्बर से 30 सितम्बर 2023 तक राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन राज्य के प्रत्येक जिला में किया जाना है। जिसके तह्त जिला/प्रखण्ड/पंचायत एवं आंगनबाडी केन्द्र स्तर पर अनेक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी के तहत उपायुक्त मेघा भारद्वाज द्वारा समाहरणालय परिसर में जिला के सभी पदाधिकारी एवं कर्मियों को पोषण शपथ दिलाया गया। साथ ही उपायुक्त मेघा भारद्वाज, डीडीसी ऋतुराज एवं डीएसडब्लूओ के द्वारा हरी झण्डी दिखा कर पोषण रथ को रवाना किया गया। वहीं उपायुक्त ने कहीं कि यह पोषण रथ जिला के सभी प्रखण्ड गांव में जा कर पोषण के महत्त्व के बारे में आमजन को जागरुक करेगा तथा इसके माध्यम से जिला से कुपोषण को मिटाने हेतु संदेश दिया जायेगा। इस कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त के द्वारा सही पोषण देश रोशन सिग्नेचर कैम्प की शुरूआत किया गया। राष्ट्रीय पोषण माह का मुख्य उद्देष्य 0-6 साल तक के बच्चों को कुपोषित होने से बचाना, गर्भवती, धात्री माताओं एवं किशोरियो को एनिमिया से बचाव हेतु उपाय करना, 06 माह तक के शिशुओं को केवल माता का स्तानपान हेतु आमजनों एवं धात्री माताओं को प्ररित करना, एवं देश को कुपोषण के चक्र से बाहर निकाल सुपोषण की दिशा में अग्रसर करना मुख्य उद्देशय है। इस कार्यक्रम के दौरान प्रत्येक आंगनबाडी केन्द्र में 0-6 साल तक के बच्चों का वजन लिया जायेगा एवं जो भी बच्चें कुपोषित है उन्हे तुरन्त एमटीसी भेजा जायेगा।

## कोडरमा को लगातार सौगात देने पर केंद्र सरकार को धन्यवाद : डॉ. नीरा

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** गिरीडीह-कोडरमा रेल रूट में एक नई ट्रेन की सौगात केंद्र सरकार ने दिया है। स्टेशन पर काफी संख्या में कोडरमा विधायक डॉ. नीरा यादव के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में उपस्थित लोगों ने इस ट्रेन के आने पर ढोल नगाड़े बजा कर स्वागत किया। ट्रेन के रूकने के बाद इसके अंदर घुस कर विधायक के साथ लोगों ने अंदर के एक अत्याधुनिक कोच विजडम कोच का मुआयना किया। यह कोच अक्सर हिल स्टेशन के ट्रेन रूट में चला करता है। यह ट्रेन न्यू गिरिडीह स्टेशन से कोडरमा जंक्शन होते हुए रांची स्टेशन को जाएगी। इस इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 03309 को रेलवे विभाग के सदस्यों की उपस्थिति में कोडरमा विधायक डॉ. नीरा यादव ने विधिवत कोडरमा रेलवे स्टेशन पर हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। डॉ. नीरा यादव के साथ सैकड़ों की संख्या में उपस्थित लोगों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा था। वहीं विधायक ने कहा कि केंद्र सरकार लगातार कई सौगात दिए हैं, जैसे कि कई ट्रेनों के ठहराव, वन्दे भारत ट्रेन एवं फिर अभी नई रूट में अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त इंटरसिटी एक्सप्रेस आदि। इससे आमजनों, रोगियों, कार्यालयी कार्य में रांची जाने वाले लोगों को काफी सुविधा मिलेगी। मौके पर रेल अधिकारी के साथ नितेश चंद्रवंशी, रामचंद्र सिंह, देवनारायण मोदी, शिवेंद्र नारायण सिन्हा, शशि भूषण प्रसाद, बैजनाथ यादव, सुधीर सिंह, विजय राम, सुदीप्तो घोष, सुदर्शन यादव, सुदीप्तो घोष, परमेश्वर यादव, निरंजन कसेरा आदि मौजूद थे।

## एक नजर में

### टंडवा प्रमुख के नेतृत्व में सैकड़ों आदिवासी महिलाओं ने थामा भाजपा का दामन



**टंडवा(चतरा)।** सिमरिया विधानसभा के सिमरिया में आयोजित भाजपा की विजय संकल्प यात्रा में टंडवा प्रमुख रीना कुमारी ने अपने सैकड़ो समर्थक को साथ देश के प्रधानमंत्री के कार्यों से प्रभावित होकर झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष,सांसद सुनील सिंह, विधायक किशुन कुमार दास, जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा उर्फ माइकल सहित भाजपा के दिगाज नेताओ एवं जनता के समक्ष भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस दरमियान प्रमुख रीना कुमारी ने कहा कि आज मैं भारतीय जनता पार्टी के मंच पर उपस्थित हूं इसके पीछे एक ही प्रेरणा है वह देश के मुखिया एवं भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्य प्रणाली से प्रभावित होकर पार्टी में जुड़ रही हूं और उन्होंने कहा कि मुझे यह कहने में जरा सभी संकोच नहीं है कि हमारे प्रधानमंत्री के सार्थक प्रयास से आज एक आदिवासी महिला भारत के सर्वोच्च नागरिक पद राष्ट्रपति पद पर द्रौपदी मुर्मू को विराजित किया है।

### बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं पूर्व विधायक : धीरज

**गढ़वा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे ने जिला शिक्षा अधीक्षक आकाश कुमार को आवेदन सौंप कर गत 11 सितंबर को मेराल उच्च विद्यालय के मैदान में भाजपा का राजनीति कार्यक्रम आयोजित किए जाने की अनुमति देने संबंधी जानकारी मांगी है। सौपे गए आवेदन में श्री दुबे ने कहा है कि उक्त विद्यालय के मैदान में विद्यालय संचालन अवधि में राजनीतिक कार्यक्रम आयोजित करने की अनुमति किन परिस्थितियों में दी गई। यदि अनुमति नहीं दी गई तो बगैर अनुमति के ध्वनि विस्तारक यंत्र के साथ कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों की पढ़ाई बाधित की गई। इस परिस्थिति में डीएसई द्वारा क्या कार्रवाई की जा रही है। इस संबंध में डीएसई ने मामले की जांच कर कार्रवाई करने की बात कही है। श्री दुबे ने कहा कि पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी को बच्चों एवं उनके भविष्य से कोई लेना देना नहीं है। उन्होंने विद्यालय संचालन अवधि में मेराल उच्च विद्यालय के मैदान में तेज ध्वनि विस्तारक यंत्र लगाकर घंटों तक राजनीतिक कार्यक्रम आयोजित किया।

### राशन लाभुकों की शिकायत पर दो डीलरों के खिलाफ रिकवरी का नोटिस चस्पा

**मझिआंव।** प्रखंड क्षेत्र एवं नगर पंचायत क्षेत्र में जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों के द्वारा अगस्त एवं सितंबर माह का राशन नहीं मिलने पर लाभुकों द्वारा नाराजगी व्यक्त की जा रही है। इसी दौरान मंगलवार को नगर पंचायत क्षेत्र के दुबे तहले के सैकड़ो कार्ड धारी महिला एवं पुरुष प्रखंड कार्यालय पहुंचे और नगर पंचायत क्षेत्र स्थित जन वितरण प्रणाली दुकानदार शिव शंकर राम के द्वारा राशन नहीं देने के खिलाफ बीडीओ सह एम ओ से राशन दिलवाने की मांग करते हुए आवेदन पत्र दिया है। लाभुकों ने जानकारी देते हुए बताया कि शिव शंकर राम द्वारा दो महीना का राशन नहीं दिया गया है। वही बताते चले की प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा 8 सितंबर को ही राशन वितरण करने के लिए जन वितरण प्रणाली दुकानदार शिव शंकर राम को 10 सितम्बर तक राशन बांटने एवं नगर पंचायत क्षेत्र के निलंबित जन वितरण प्रणाली विक्रेता अरुण कुमार दुबे को रिकवरी के लिए नोटिस जारी किया गया था।

### मुखिया संघ के अध्यक्ष ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष बेदू साव के नेतृत्व में मंगलवार को मरकच्चो प्रखंड मुखिया संघ ने झारखंड सरकार के नाम उपायुक्त मेधा भारद्वाज से मुलाकात कर 6 सूत्री मांगों को सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि कोडरमा जिला में वर्षा नहीं होने के कारण कृषि कार्य नहीं हो पाया, गत वर्ष भी सुखाड़ हो गया था। इस वर्ष किसान पंप सेट लगाकर धान रोपने का कार्य किये, मगर वर्षा के अभाव में प्रभावित हो रहा है, कोडरमा जिला कृषि पर निर्भर है। मुखिया संघ ने 6 सूत्री मांगों को सौप है, जिसमें किसानों का ऋण माफ किया जाए, बिजली की समस्या में सुधार की जाए, किसानों के ऋण माफी योजना में कार्ड का भेदभाव समाप्त किया जाय, जीवन यापन हेतु प्रत्येक परिवार को बिना ब्याज का एक लाख रुपये मुहैया कराया जाय, हर घर नल योजना में तेजी लाया जाय, सभी किसानों को जिनके पास राशन कार्ड नहीं है उन्हें भी प्रति माह 1 वर्ष तक प्रति व्यक्ति 5 किलो अनाज मुहैया कराने का सुनिश्चित किया जाय।

### 25 को सदर अस्पताल के समक्ष धरना प्रदर्शन: भाकपा

**जयनगर (कोडरमा)।** भाकपा अंचल कमिटी की बैठक सांस्कृतिक भवन जयनगर में महेश प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में की गई। बैठक में अंचल मंत्री अर्जुन यादव ने विगत कार्यक्रमों का कार्य रिपोर्ट प्रस्तुत किया, जो सबों ने सर्वसम्मत से पास किया। बैठक को संबोधित करते भाकपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य महादेव राम ने कहा कि सदर अस्पताल में परमानेंट डॉक्टर बहाल करने, डॉक्टर की संख्या बढ़ाने, मरीजों को फर्जी जांच रिपोर्ट देने पर रोक लगाने, सदर अस्पताल के जरिए विभिन्न गांव में ब्लीचिंग पाउडर छिड़काव करने, प्रत्येक पंचायत में कैंप लगाकर मलेरिया टाइफाइड एवं डेंगू का जांच कर लोगों को सुविधा देने, सरकारी डॉक्टरों को निजी क्लीनिक पर प्रतिबंध लगाने, अनावश्यक रेफर न करने, सदर अस्पताल एवं जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में साफ सफाई एवं शौचायलयों में साफ सफाई की गारंटी करने आदि सवालों को लेकर भाकपा जिला परिषद कोडरमा 25 सितंबर को सदर अस्पताल के समक्ष विशाल धरना प्रदर्शन करने का फैसला लिया गया है। जिसको लेकर विभिन्न प्रखंडों में बैठक चलाई जा रही है। जयनगर प्रखंड से सैकड़ों की संख्या में इस आंदोलन में भाग लेने का फैसला लिया गया। बैठक को लेकर भाकपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य महादेव राम ने कहा की देश में एक तरफ 80 प्रतिशत लोग गरीबी से जूझ रहे हैं एवं देश की महिलाएं एवं बेटियां असुरक्षित महसूस कर रही है।

## जन भावनाओं की कद्र करना जनप्रतिनिधि की जिम्मेवारी : मिथिलेश

### नितिन गडकरी के प्रति मंत्री मिथिलेश ने जताया आभार

खबर मन्त्र संवाददाता



मंत्री मिथिलेश ठाकुर का स्वागत करते ग्रामीण व कार्यकर्ता

**गढ़वा।** गढ़वा सदर प्रखंड के अचला गांव में एनएच 75 बाईपास में फ्लाई ओवर निर्माण पर ग्रामीणों ने सम्मान समारोह आयोजित कर गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर को सम्मानित किया। अंजुमन फलाहुल मुस्लिमीन कमेटी के बैनर तले आयोजित इस कार्यक्रम में ग्रामीणों ने मंत्री का भव्य स्वागत करते हुए उनके प्रति आभार जताया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि जनप्रतिनिधि का काम सिर्फ क्षेत्र का विकास करना, लोगों को बिजली, पानी, राशन, सड़क आदि सुविधा उपलब्ध कराना ही नहीं बल्कि जनता की भावनाओं का कद्र करना सबसे बड़ी जिम्मेवारी होती है। अचला में कब्रिस्तान के ऊपर फ्लाई ओवर का निर्माण मंत्री की जीत नहीं बल्कि अचला सहित पूरे गढ़वा जिला एवं संपूर्ण झारखंड वासियों की भावनाओं की जीत है। उन्होंने कहा कि केंद्र में बैठे लोग फूट डालो, शासन करो की राजनीति करते हैं। फिर भी केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी बहुत ही अलग व्यक्तित्व के व्यक्ति हैं। आज उन्हीं के विचार एवं अच्छी सोच का परिणाम है कि यहां फ्लाई ओवर का निर्माण हो पाया। अन्यथा उनकी जगह कोई दूसरा होता तो यहां फ्लाई ओवर का निर्माण नहीं हो पाता। पूरे देश के लोग उन्हें सम्मान की नजर से देखते हैं। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि मैं वैसे लोगों का नाम नहीं लेना चाहता जो समाज में रह कर समाज को कमजोर करते हैं। जो सिर्फ अपने हित की बात सोचते हैं, पूरी जनता को बेवकूफ समझते हैं। वैसे लोग अगर अब भी अपनी कार्यशैली में सुधार नहीं लाते हैं तो वे समाज क्या कहीं के भी लायक नहीं रह जाएंगे। मंत्री ने कहा कि फ्लाई ओवर निर्माण के लिए सभी लोग कहते थे कि यह असंभव है, परंतु मैने इसे संभव करने का ठान लिया था। उन्होंने कहा कि असंभव को संभव करना ही मर्द का काम है। उन्होंने कहा कि गढ़वा की जनता ने मुझ पर भरोसा कर जन प्रतिनिधि चुना, तभी आज यहां बाईपास दिख रहा है, नहीं तो आने वाले 10 सालों में भी यहां बाईपास नहीं बनता। पूर्व विधायक का नाम लिए बगैर मंत्री ने कहा कि पूरे गढ़वा के लोग यह जान चुके हैं कि वे सिर्फ मनोरंजन का साधन बनकर रह गए हैं। वे लोगों का मनोरंजन कर हंसाते फिरते हैं। पिछली बार तो 25-30 हजार वोट से ही हारे हैं। इस बार जमानत जप्त हो जाएगी। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि झारखंड सरकार दृढ़ इच्छा शक्ति की सरकार है। यह सरकार जन भावना के लिए कोई भी त्याग करने के लिए तैयार रहती है। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, डा.यासीन अंसारी, अनिता दत्त, मदनी खान, नसीम अख्तर, ताहिर अंसारी, मुखिया मुखराम भारती, प्रमुख दीपमाला, नेजाम, सदर शमसुद्दीन, फैजुल, शरीफ अंसारी, इस्लाम अंसारी, तबीब आलम, कांग्रेस जिला अध्यक्ष ओबैदुल्लाह हक अंसारी, संजय भारती, अहमद अली, आलमगीर आलम सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### डीडीसी ने किया मनरेगा योजना से संचालित कार्यो का निरीक्षण

**भवनाथपुर।** उप विकास आयुक्त राजेश कुमार रॉय ने मंगलवार को प्रखंड क्षेत्र के बनसानी पंचायत में मनरेगा योजना से संचालित कार्यो का निरीक्षण किया। जिसमें . अवधविहारी यादव,राजकुमार यादव, देवधारी राम खेत में मनरेगा योजना से हो रहे आम बागवानी, के खेत में कूप निर्माण, आईटीआई कॉलेज के समीप खेल मैदान में चेंजिंग रूम बनाने का निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम के उपरांत डीडीसी ने मनरेगा योजना से संचालित विभिन्न योजनाओं को देख संतोष व्यक्त करते हुए बागवानी को और बेहतर तरीके सुदृढ़ करने का निर्देश संबंधित कर्मियों और योजना के मेठ को दिया।

## झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ लातेहार जिला इकाई की बैठक संपन्न

# प्रांतीय अधिवेशन 16 सितंबर को रांची में

### टेट सफल शिक्षकों की प्रोन्नति पर हुई चर्चा

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ लातेहार जिला इकाई की बैठक गूगल मिट के माध्यम से जिला संयोजक हीरा प्रसाद यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसका संचालन जिला महासचिव प्रदीप कुमार सिंह ने किया। बैठक में आगामी 16 सितंबर को आयोजित होने वाली प्रांतीय अधिवेशन की तैयारी को लेकर जिला कार्यकारिणी एवं जिले के सभी प्रखंड कार्यकारिणी के साथ रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में शिक्षकों के विभिन्न मांग जिसमें शिक्षकों को एमएसीपी लागू करना, शिक्षकों की लंबित प्रोन्नति शिक्षकों की उत्क्रमित वेतनमान एवं अंतर जिला स्थानांतरण सरप्लस शिक्षकों की सूची में भारी विसंगति को लेकर विचार विमर्श किया गया। साथ ही आंदोलन को सफल बनाने के लिए जिले भर के शिक्षकों से आह्वाहन किया गया। 16 सितंबर को रांची चले बैठक में मुख्य मुद्दा अंतर जिला स्थानांतरण को लेकर शिक्षकों ने रोष प्रकट किया जो कई वर्षों से लंबित है।



बैठक में आरटीई के प्रावधान के अनुसार टेट सफल शिक्षकों की प्रोन्नति पर चर्चा किया गया। साथ ही वर्तमान सरकार से मांग किया गया कि राज्य में लंबित प्रोन्नति को जल्द पूरा किया जाए एवं आरटीई प्रावधान के अनुसार टेट सफल शिक्षकों को ही उच्चतर पद पर प्रोन्नति दी जाए। जिले भर के प्रारंभिक शिक्षकों से अपील किया गया कि अधिक से अधिक संख्या में रांची पहुंचकर आगामी 16 सितंबर को आयोजित होने वाली प्रांतीय अधिवेशन को सफल बनाएं। बैठक में प्रदेश संगठन सचिव ब्रजेश कुमार, जिला कोषाध्यक्ष संजीव कुमार चंद्र, जिला उपाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह, संगठन मंत्री विजय लाल, जिला प्रवक्ता रमेश कुमार मिश्रा, मीडिया प्रभारी अनीश कुमार सिंह, सत्यानंद मेहता, लातेहार प्रखंड अध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह, बरवाडीह प्रखंड अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, चंदवा अध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह, बालूमाथ प्रखंड अध्यक्ष सुशील यादव, गारू प्रखंड अध्यक्ष सुरेश उरांव, महुआडांड़ अध्यक्ष प्रेम कुमार यादव, मनिका संगठन सचिव अनु कुमार रवि, प्रभावती कुमारी, श्वेता कुमारी, सहित सैकड़ो शिक्षक शामिल थे।

## खेलो झारखंड कार्यक्रम के तहत दो दिनी प्रखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ



शुभारंभ करते अतिथि।

खबर मन्त्र संवाददाता

➲ स्कूली स्तर पर ही बच्चों के प्रतिभा परख में सहायक सिद्ध होगी यह प्रतिस्पर्धा: सरोज देवी

**चंदवा।** ख्रीस्त राजा विद्यालय स्थित खेल मैदान में मंगलवार को खेलो झारखंड के तहत दो दिनी प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता की शुरूआत की हयी। बतौर मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य सरोज देवी, बीडीओ सह सीओ विजय कुमार, विश्व सूत्री अध्यक्ष सुरेश गंझू, सांसद प्रतिनिधि महेंद्र साहू, डीडीओ केदारनाथ महतो व अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इसके उपरांत बालिकाओं के बीच 100 मीटर की दौड़ के साथ स्पर्धा की शुरूआत की गयी। जिला परिषद सदस्य सरोज देवी ने कहा कि प्रखंड स्तर पर इस प्रकार आयोजन से स्कूल स्तर पर ही बच्चों के प्रतिभा को पहचानने में काफी सहायक साबित होगी। ऐसे आयोजनों से बच्चों में संघर्ष की भावना भी जागृत होगी। वहीं बीडीओ सह सीओ विजय कुमार ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में पढ़ाई के साथ-साथ खेल भी काफी जरूरी है, खेल के क्षेत्र में भी करियर बनाने की असीम संभावनाएं हैं। विद्यार्थियों से मन लगाकर सभी स्पर्धा में बेहतर प्रदर्शन करने का जोश भी बीडीओ ने भरा। बता दें कि प्रखंड के सभी स्कूलों के बच्चों का समागम इस स्पर्धा में हो रहा है। जिसमें 100 मीटर 200 मी. रिले रेस के अलावे अन्य स्पर्धाएं होने हैं, वहां बेहतर करने वाले बच्चे जिला स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे, वहां बेहतर करने वाले बच्चों को राज्य स्तरीय प्रतयोगिता में मौका मिलेगा। इससे पूर्व विभाग के प्रतीक सिन्हा, दीपक कुमार समेत अन्य लोगों ने अतिथियों का स्वागत किया। मौके पर शिक्षक विनोद पांडेय, प्रशांत शाहदेव, बेलाल अहमद समेत बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे मौजूद थे।

## अब ना रहे कोई आवास अधूरा, चलो आवास करें पूरा अभियान को लेकर बीडीओ ने की बैठक



बैठक में उपस्थित लोग।

चंदवा। अब ना रहे कोई आवास अधूरा, चलो करें आवास पूरा अभियान के सफल क्रियान्वयन को लेकर मंगलवार को प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ सह सीओ विजय कुमार ने की। बैठक में सभी पंचायत के पंचायत सचिव एवं स्वयंसेवक मौजूद थे। आवास योजना के समन्वयक कुश ध्वज ने अभियान को लेकर जानकारी साझा करते हुए बताया कि अभियान 15 सितंबर से शुरू होगी व सभी ग्राम पंचायतों में अधूरे आवास को पूर्ण करने को लेकर प्रचार प्रसार किया जाएगा। 16 सितंबर को पंचायत स्तरीय कर्मियों एवं पंचायत प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर अपूर्ण आवास की सूची का समेकन संबंधी कार्य किए जाएंगे। इसमें मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य की भूमिका भी महत्वपूर्ण रहेगी। इस दौरान पूर्ण आवास का गृह प्रवेश कार्यक्रम भी आयोजित होगा। बीडीओ श्री कुमार ने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य अपूर्ण आवास के लाभुकों को आवास पूर्ण करने हेतु प्रेरित करना एवं लाभुकों को आवास पूर्ण करने हेतु हर संभव सहायता मुहैया कराना है। उन्होंने उपस्थित सभी पंचायत सचिव एवं स्वयंसेवक से अभियान की तैयारी में लगने का आह्वान किया है। मौके पर बड़ी पंचायत सचिव बालेश्वर उरांव, भूरा राम, रामकिशुन भगत, मनोज प्रसाद, घनश्याम सिंह, अवतार सिंह, फेकू मोची, स्वयं सेवक राहुल कुमार, मंटू राम, राजन कुमार, बालक यादव समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# झामुमो युवा जिला अध्यक्ष ने किया जिले के कई प्रखंड में कमिटी का गठन

### प्रखंड से लेकर पंचायत व बूथ स्तर पर पार्टी को किया जाएगा मजबूत: रंजीत

खबर मन्त्र संवाददाता



मौके पर मौजूद झामुमों कार्यकर्ता।

**चंदवा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय कमेटी के आदेशा के आलोक में जिला अध्यक्ष लाल मोतिनाथ शाहदेव के निर्देशन में झामुमो युवा जिला अध्यक्ष रंजीत उरांव के द्वारा मंगलवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड कमेटी का गठन कर दिया गया। प्रेस बयान जारी कर उक्त जानकारी देते हुए रंजीत उरांव ने बताया कि चंदवा प्रखंड झामुयुमो का अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रजापति, उपाध्यक्ष जतरु मुंडा, बुधन गंझू, मो. एजाजुल, सचिव केश्वर सिंह व कोषाध्यक्ष गणेश गंझू, बालूमाथ में अध्यक्ष औरंगजेब खान, उपाध्यक्ष दिलीप उरांव, संतोष उरांव, जयराम गंझू, सचिव बहादुर उरांव व कोषाध्यक्ष इदु अंसारी, हेरहंज झामुयुमो प्रखंड कमिटी में अध्यक्ष भोला कुमार यादव, उपाध्यक्ष चतुर्भुज भोगता, धीरेंद्र सिंह, मो. सद्दाम, सचिव रॉकी लोहरा, कोषाध्यक्ष मकबूल अंसारी, बरियातू प्रखंड में अध्यक्ष विश्वनाथ गंझू, उपाध्यक्ष रवि यादव, अनिल यादव, मोहन गंझू, सचिव आकाश गंझू व सचिव प्रलात उरांव, महुआडांड़ प्रखंड में अध्यक्ष सैफ अली, उपाध्यक्ष विक्रम शाह टोप्पो, मेहंदी हसन, सचिव नवीन प्रकाश तिर्की, कोषाध्यक्ष अरशद अंसारी, गारु प्रखंड में अध्यक्ष अजय टोप्पो, उपाध्यक्ष मंसूर आलम, अरुण वृजिया, सचिव रुबेन मिंज, कोषाध्यक्ष पुरन सिंह, वहीं सरयू प्रखंड में अध्यक्ष अल्फन मिंज, उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह, अनिल कुमार उरांव, मिस्टर अंसारी, सचिव जठा नायक व कोषाध्यक्ष रामकिशुन उरांव को मनोनीत किया गया है। इस मौके पर झामुमो युवा जिलाध्यक्ष रंजीत उरांव ने कहा की जिले के सभी प्रखंड में प्रखंड से लेकर पंचायत व बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करने का कार्य किया जाएगा, ताकि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा संचालित लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।

## एक नजर में

### चोरों ने की मोटरसाइकिल की चोरी

**मनिका।** मनिका थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित ग्राम बरवैया में अज्ञात चोरों के द्वारा दिन सोमवार की रात्रि में जेएच 03 एएल 2610 नंबर कि बजाज कंपनी का पल्सर मोटरसाइकिल की चोरी कर ली गई है। वहीं भुक्तभोगी वाहन मालिक सतीश प्रसाद पिता गोपाल प्रसाद ने बताया कि हम लोग सभी परिवार समेत सोमवार की रात्रि में खाना खाकर सो गए थे। मेरा मोटरसाइकिल चार दिवारी के अंदर लगा हुआ था जब सुबह हम लोगों ने उठकर घर के बाहर देखा तो मेरा मोटरसाइकिल नहीं था और मोटरसाइकिल के लॉक का सामान नीचे गिरा हुआ था। वहीं वाहन मालिक सतीश प्रसाद के द्वारा मोटरसाइकिल चोरी के विषय में मनिका थाना में लिखित आवेदन देकर अज्ञात चोरों के ऊपर एफ.आई.आर.दर्ज करवाया गया है।

### जनता दरबार में बीडीओ ने सुनी जन समस्या



ग्रामीणो की समस्या सुनते बीडीओ।

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड कार्यालय में शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। मौके पर बालूमाथ बिडिओ ललिता बाखला ने जनता दरबार में आए लोगों का आवेदन प्राप्त किया। जनता दरवार में कुल 40 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें जन्म प्रमाण पत्र के 31 आवेदन, मृत्यु प्रमाण पत्र के 3 आवेदन राशन कार्ड 1 आवेदन, बृद्धा पेंशन 5 आवेदन प्राप्त हुए. मौके पर जानकारी देते हुए बालूमाथ प्रखंड विकास पदाधिकारी ललिता बाखला ने कहा की प्रत्येक मंगलवार को जनता दरबार का आयोजन किया जाता है। जिसमें बड़ी संख्या में लोग भाग लेकर अपनी समस्याओं का निदान पा रहे हैं और सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठा रहे हैं। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि जनता दरबार में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इसका लाभ ले। इस मौके पर महिला प्रसार पदाधिकारी मोनिका मींज, ग्राम सेविका ममता कुमारी, कंप्यूटर ऑपरेटर सोनू कुमार, स्वच्छ भारत मिशन के सोनी कुमारी, प्रभारी कृषि पदाधिकारी मनीष पांडे सहित कई लोग उपस्थित थे।

### साईं क्लब द्वारा फुटबॉल टूनार्मेंट का हुआ शुभारंभ

**बारियातू।** प्रखंड के शिबला पंचायत स्थित शिबला खेल मैदान में साईं क्लब द्वारा आयोजित फुटबॉल टूनार्मेंट का उदघाटन जिप सदस्य रमेश राम, समाज सेवी अब्दुल सत्तार, लालदीप यादव, टुनार्मेंट के अध्यक्ष फिद्दाउल्लाह रहमान व संतोष कुमार, सचिव दिले उरांव, जितेंद्र गंझु, कोषाध्यक्ष मिनहाज व अनिल कुमार ने संयुक्त रूप से फिता काट व बॉल को किक मार कर किया। मैच उदघाटन के पश्चात अतिथियों ने खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर परिचय प्राप्त किया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए जिप सदस्य श्री राम ने कहा की इस तरह का मैच खेलने से शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है इसलिए सभी को अपने जीवन में कोई ना कोई खेल से जुड़े रहना चाहिए। आगे कहा कि खेल प्रेमियों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में टुनार्मेंट का आयोजन कर खेलाड़ीयों का प्रतिभा निखारने का काम कर रही है। यह एक सराहनीय कार्य है। टुनार्मेंट का उद्घाटन मैच बालिका वर्ग के चतरा बालिका क्लब चतरा व चंदवा बालिका क्लब चंदवा के बीच खेला गया। निर्धारित बीस-बीस मिनट के खेल में चंदवा बालिका क्लब चंदवा के खेलाड़ियों ने खेल का अच्छा प्रदर्शन करते हुए चतरा बालिका क्लब चतरा को दो गोल से हराकर विजयी रही। मौके पर काफी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद थे।

## ग्रामीण को जूता एवं चप्पल का माला पहनाया, ग्राम प्रधान समेत चार गये जेल

खबर मन्त्र संवाददाता



गिरफ्तार आरोपी।

**हेरहंज।** हेरहंज थाना क्षेत्र के सेरनदाग पंचायत अंतर्गत केडू ग्राम में ग्राम प्रधान नासिर अंसारी की अध्यक्षता में एक बैठक कर गांव के ही बहिष्कृत ग्रामीण भिखारी गंझू को समाज में शामिल नहीं करने को लेकर हुआ था। उस बैठक में ग्राम प्रधान नासिर असारी एवं अन्य ग्रामीण द्वारा समाज में शामिल करने के लिए दण्ड स्वरुप जुता एवं चपल का माला पहनाकर गांव में घुमाने का निर्णय लिया गया तथा बहिष्कृत ग्रामीण भिखारी गंझू को ग्राम प्रधान नासिर अंसारी एवं अन्य ग्रामीणों द्वारा जुता का माला पहनाकर घुमाया गया। इस संबंध में पीड़ित की पत्नी सकुंति देवी के द्वारा एक लिखित आवेदन थाना में दिया गया। जिसके आधार पर हेरहंज थाना में काण्ड सं0 44/23 दिनांक 11 सितंबर 2023 धारा 143/341/342 /323/504/506/499/500 भा0द0वि0 3(आई)(आर)/3(आई)(डी)/3(1)(एस) एससी/एसटी एक्ट के अंतर्गत बैठक के अध्यक्षता कर रहे नासिर अंसारी एवं बैठक में शामिल बाबर अंसारी पिता नासिर अंसारी, रामपति भुईया पिता स्व.- प्रभु भुईया, विनोद सिंह पिता रामदेव सिंह, वृजमोहन भुईया पित स्व. प्रभु भुईयां एवं अन्य ग्रामीणों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया। इस संदर्भ में पुलिस अधीक्षक लातेहार द्वारा अनु०पु०पदा० बरवाडीह दिलु लोहार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। पुलिस ने तत्वरित कारवाई करते हुए काण्ड अनुसंधान के क्रम में यह मामला सही पाया तथा काण्ड के प्राथमिकी अभियुक्त ग्राम प्रधान नासिर अंसारी पिता स्व. दुखन अंसारी, बाबर अंसारी पिता नासिर अंसारी, विनोद सिंह उर्फ विनोद पाहन पिता रामदेव सिंह, वृजमोहन भुईया पिता स्व. प्रभु भुईयां सभी का भूमिका निभाई ग्राम केडू थाना हेरहंज जिला लातेहार को गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दिया गया। इस छापेमारी दल में शशिरंजन कुमार इंस्पेक्टर बालूमाथ, शुभम कुमार थाना प्रभारी हेरहंज, पुअनि विश्वजीत तिवारी, कैलाश कुमार समेत रिजर्व गार्ड के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## दो माह से नहीं मिला जन वितरण प्रणाली का अनाज, कार्ड धारियों में आक्रोश



आक्रोशित ग्रामीण।

**सरयू।** नवनिर्मित सरयू प्रखंड के चोरहा पंचायत अंतर्गत ग्राम बन्दुआ गांव में नीला स्वयं सहायता समूह के डीलर के द्वारा दो माह से जन वितरण प्रणाली का राशन नहीं देने का कार्ड धारियों ने लगाया आरोप। वही जन वितरण प्रणाली के कार्ड धारी ननकेश्वर सिंह, अरूण उरांव, मुनेश्वर उरांव, पातो उरांव, गजेंद्र सिंह, मंलाल लोहार, जितेंद्र उरांव, संतोष उरांव, संगीता देवी, मिंसरीया देवी, शशि देवी, बसंती देवी, कलिता देवी, क्रमी देवी, समेत अन्य लोगों ने बताया कि नीला स्वयं सहायता समूह के द्वारा अगस्त और सितंबर माह का राशन वितरण नहीं किया गया है। लाभुकों ने बताया की नीला स्वयं सहायता समूह के डीलर के द्वारा कहा जाता है की ऑनलाइन राशन नहीं हुआ है जिसके कारण गोदाम से राशन नहीं मिल रहा है। इस तरह से आश्वासन देकर पल्ला झाड़ देते हैं। वहीं कार्ड धारी ने नीला स्वयं सहायता समूह के डीलर पर आरोप लगाते हुए कहा कि राशन कार्ड चेंज करने के नाम पर डेढ़ सौ से लेकर दो सौ रुपया पैसा लिया गया है। लाभुक ने यह भी बात की सरकार की महत्व कांची योजना सोना सोबरन के तहत धोती साड़ी लुंगी का भी वितरण नहीं किया गया है। जिसके लेकर कार्ड धारियों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। वही नीला समूह के डीलर बालमती देवी ने बताई की अगस्त माह का 24 किलो चावल का आवंटन हुआ है और सितंबर माह का 1 क्विंटल 10 किलो ग्राम का आवंटन प्राप्त हुआ है, जो कि राशन कम आवंटन होने के कारण दोनों माह अनाज वितरण नहीं किए हैं।

## मेरी माटी, मेरा देश अभियान के तहत चावल व मिट्टी किया गया संग्रह



**लातेहार।** आरागुडी पंचायत के सिमरिया ग्राम में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत मेरी माटी, मेरा देश अभियान के तहत एक मुट्ठी चावल एवं मिट्टी संग्रह किया गया। जिसमें लातेहार भाजपा जिला अध्यक्ष सह पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह एवं जिला संगठन प्रभारी मुकेश निरंजन सिन्हा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरूआत जनसंघ काल के नेता रहे स्वर्गीय महेंद्र वैध के आवास से की गई। जहां उनकी धर्मपत्नी सावित्री देवी ने एक मुट्ठी चावल एवं मिट्टी देकर कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम का संचालन लातेहार ग्रामीण मंडल के सोशल मीडिया प्रभारी श्याम किशोर वैध के द्वारा किया गया।

## चंदवा पुलिस ने दो वारंटी को भेजा जेल



**चंदवा।** माननीय न्यायालय के आदेश के आलोक में एसपी अंजनी अंजन निर्देशन में चंद्रमा पुलिस की टीम में चंदवा थाना क्षेत्र के बोदा पंचायत अंतर्गत सुदूरवर्ती भैंस छन्दन गांव से दो स्थायी वारंटी जोहन टोपनो व भीमसेन टोपनो (दोनो पिता सिरिल टोपनो) को गिरफ्तार कर मंगलवार को मंडल कारा भेज दिया। उक्त जानकारी देते हुए इंस्पेक्टर बबलू कुमार ने बताया कि दोनो गिरफ्तार स्थायी वारंटियों के खिलाफ वन विभाग केस नम्बर 33/07 में 26 भारतीय वन अधिकार अधिनियम के तहत मामला दर्ज था। उक्त मामले में दोनों की गिरफ्तारी हुई है। छापेमारी अभियान में पुअनि नारायण यादव समेत दल बल के जवान शामिल थे।

## जिले को सुखाड़ क्षेत्र घोषित करने की मांग को लेकर डीसी से मुलाकात

खबर मन्त्र संवाददाता

➲ अखिल भारतीय किसान सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रमोद साहू व मो. अलाउद्दीन ने लातेहार उपायुक्त हिमांशु मोहन से की मुलाकात

**चंदवा।** लगातार दूसरे वर्ष अल्प वर्षा के कारण लातेहार जिले में उत्पन्न हुए सुखाड़ की स्थिति को देखते हुए जिले को सुखाड़ क्षेत्र घोषित करने की मांग को लेकर मंगलवार को अखिल भारतीय किसान सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रमोद साहू व मो. अलाउद्दीन ने लातेहार उपायुक्त हिमांशु मोहन की मुलाकात की। इस दौरान नेताओ ने क्षेत्र की स्थिति से उपायुक्त को अवगत कराते हुए मुख्यमंत्री झारखंड सरकार के नाम ज्ञापन सौंपकर जिले को तत्काल सुखाड़ क्षेत्र घोषित करते हुए सुखाड़ राहत योजना चालू करने की मांग की। प्रमोद साहू ने कहा कि पूरे जिले में अल्प वर्षा के कारण धान रोपनी का कार्य आधा भी नही हो पाया है। कुछ किसानों ने थोड़ा बहुत पटवन के सहारे धान की रोपनी की थी वह भी वर्षा के अभाव में मर रहा है। खेतों में दरार पड़ रहे हैं। इस परिस्थिति में पूरा जिला सुखाड़ से जूझ रहा है। आगे बताया कि इस सवाल को लेकर विगत 5 अगस्त 2023 को चंदवा में एक किसान रैली किया गया था व बीडीओ सह सीओ को ज्ञापन दिया गया था, नेताओं ने आगे कहा कि अगर जिला सुखाड़ क्षेत्र घोषित नहीं हुआ तो जिला समाहरणालय के समक्ष आंदोलन किया जाएगा।

## दुर्गा पूजा को धूमधाम से मनाने को लेकर दुर्गा पूजा समिति रक्सी-जमीरा की बैठक संपन्न



**चंदवा।** रक्सी स्थित सामुदायिक भवन परिसर में आगामी दुगार्पूजा महोत्सव को धूम धाम से मनाने को लेकर दुर्गा मंडल रक्सी की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता सितमोहन मुंडा ने की। बैठक में रक्सी में धूम धाम से दुगार्पूजा मनाने का निर्णय लिया गया व सर्वसम्मति से दुर्गा मंडल कमिटी का पुनर्गठन गठन भी किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से पुन: सितमोहन मुंडा को अध्यक्ष, ब्रह्मदेव प्रजापति को कार्यकारी अध्यक्ष, सचिव मणिलाल यादव, उपाध्यक्ष धीरज प्रजापति, किशुन उरांव, बबलू प्रजापति, रघुनंदन प्रजापति, रविन्द्र यादव, कोषाध्यक्ष चन्द्रकिशोर गिरी, उप सचिव अनिल यादव, रमेश यादव, बरन भोगता, डब्लू प्रजापति, बालक प्रजापति, उप कोषाध्यक्ष शंकर उरांव, अवध प्रजापति, गोपाल प्रजापति, रूपलाल प्रजापति को बनाया गया। इसके अलावे मुख्य संरक्षक जदु प्रजापति, राजेन्द्र प्रजापति, कुशेश्वर यादव, विनोद प्रजापति, रमेश प्रजापति, नागेश्वर यादव, महावीर प्रजापति, कृष्णा प्रसाद, मना प्रजापति, सूर्यनाथ सिंह, सुरेश यादव समेत अन्य लोगो को बनाया गया है। बैठक में सैकड़ो की संख्या में धर्मप्रेमी मौजूद थे।

## ग्रामीणों ने बीडीओ से की मुलाकात

**चंदवा।** प्रखंड के हुटाप पंचायत अंतर्गत एक महुआ गांव के दर्जनों की संख्या में ग्रामीण मंगलवार को प्रखण्ड कार्यालय पहुंचकर जुलाई, अगस्त व सितंबर माह का राशन भुगतान करने की मांग को लेकर बीडीओ, सीओ सह प्रभारी आपूर्ति पदाधिकारी विजय कुमार से गुहार लगाई। ग्रामीणों ने कहा कि डीलर द्वारा अंगूठा लगाने के बाद राशन वितरण में आनाकानी की जा रही है, राशन मांगने पर दो-तीन दिन बाद आने को कहा जा रहा है। कार्डधारकों की समस्या सुनने के बाद बीडीओ, सीओ सह प्रभारी एमओ कुमार ने डीलर को तत्काल राशन वितरण करने का निर्देश दिया। मामले को लेकर विजय कुमार ने कहा कि पूर्व में बचे स्टॉक से राशन वितरण करने का निर्देश दिया गया है। डीलर राशन वितरण में किसी प्रकार की कोताही न बरतें।

# राशन वितरण में कटौती के खिलाफ ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

### जांचोपरांत डीलर को निलंबित करने की वरीय अधिकारी से की जाएगी अनुशंसा: बीडीओ

खबर मन्त्र संवाददाता



डीलर को फटकार लगाते बीडीओ।

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड कार्यालय में आहूत साप्ताहिक जनता दरबार में मंगलवार को राशन से जुड़े कई गंभीर मुद्दे विभिन्न पंचायत से आए ग्रामीणों ने बीडीओ राकेश सहाय के समक्ष रखे। जहां बरवाडीह के छेंचा पंचायत के ग्रामीणों ने बताया कि जनवितरण प्रणाली के डीलर नजाम खान के द्वारा लगातार प्रति यूनिट एक केजी अनाज काटकर दिया जाता है। वहीं केंद्र के बजाय कई किलोमीटर दूर अपने घर पर अंगूठा लगवाया जाता हैं। इसके कई दिनों बाद राशन वितरण किया जाता है। विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम में ग्रामीणों के समर्थन में जिला परिषद की सदस्य संतोषी शेखर, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, भाजपा नेता मनोज प्रसाद, सुनील सिंह, विकास सिंह और पारस जयसवाल समेत कई भाजपाई शामिल हुए। इधर बीडीओ राकेश सहाय और आपूर्ति पदाधिकारी अनुज कुमार शरण ने डीलर नजाम खान को बुलाकर कड़ी फटकार लगाई। जहां बीडीओ ने एमओ को मामले की जांच करते हुए डीलर को निलंबित करवाने के आदेश दिए। बीडीओ ने कहा कि ऐसे ही जन वितरण प्रणाली केंद्र के संचालक अपनी गलत नीतियों के कारण सरकार की छवि को पूरी तरह से खराब करने का काम करते हैं। वहीं जिप सदस्य ने नाराजगी व्यक्त करते हुए डीलर को कार्यप्रणाली में सुधार लाने की नसीहत दी। वहीं एमओ को बकाया राशन को जल्द से जल्द वितरण कराने और दोषी डीलर के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

### डीलर ने रखा अपना पक्ष

जन वितरण प्रणाली केंद्र के संचालक निजाम खान ने राशन कटौती की बात को स्वीकार किया और अपना पक्ष रखते हुए कहा कि हमारे केंद्र को निर्धारित मात्रा में मिलने वाले अनाज के आवंटन में भारी कटौती की गई है। जिस कारण उनके द्वारा ऐसा किया गया है, पर वह अपनी ओर से राशन खरीद करके पूरा राशन जल्द से जल्द वितरण कर देंगे।

### बज्रपात से पांच व्यक्ति हुए घायल

**महुआडांड़।** महुआडांड़ मुख्यालय स्थित रिगड़ीटांड में मंगलवार को हुई बज्रपात से अनुसूचित आवासीय विद्यालय के परिसर में स्थित लिपटस का पेड़ जंहा एक और फट कर झुलस गया तो वहीं दूसरी ओर आस पास के रहनेवाले पांच ग्रामीण भी झटका लगने आंशिक घायल हो गए हैं। इस संबंध में ग्रामीणो ने बताया कि घटना अपराह्न लगभग 1:20 बजे की है। आंशिक घायल होने वाले में सुनील बैठा, शंभू खेरवार, एंजिल लकड़ा, अस्मिता कुजूर और दोरोथिया लकड़ा का नाम शामिल है। सभी घायल व्यक्तियों का देशी उपचार किया जा रहा है।

स्पीड न्यूज

## फुटबॉल खिलाड़ी का शव आते ही कॉलोनी में मातम

**सिंदरी।** अभिन्न बिहार के जूनियर नेशनल फुटबॉल खिलाड़ी जोसेफ जॉन की सोमवार को सिंदरी स्टेशन में ट्रेन के इंजन की चपेट में आने से मौत के बाद शव मंगलवार को दोपहर लगभग एक बजे उसके सिंदरी स्थित आवास पर पहुँचते ही मातम पसर गया। उसकी माँ और बहनों के चित्कार से कालोनी का माहौल गमगीन हो गया। सोमवार को जोसेफ द्वारा ट्रेन के इंजन के सामने आकर आत्महत्या मामले के बाद पाथरडीह रेल जीआरपी ने देर रात यूडी कांड संख्या 4/23 दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसीएच धनबाद भेज दिया था। मंगलवार को रेल पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया।

## सलानपुर पैच में भूधंसान से पांच घर जमींदोज

**कतरास ।** गोविंदपुर क्षेत्र के सलानपुर पैच में भू धसान से पांच घर जमींदोज हो गया। जिनके घर जमींदोज हुए सोनू विशाल,अजय सहित अन्य शामिल है।सभी का सामान भी नीचे धंस गया है। घटना के बाद यहां अफरा तफरी मच गयी। सूचना मिलने पर न्यू आकाश किनारी कोलियरी के परियोजना पदाधिकारी पहुचे और मामले की पूरी जानकारी ली। पीओ ने तुरंत वहां से लोगो को हटाया। पीओ अवधेश कुमार ने बताया कि इलाका डेंजर जॉन में है। 2-3 घर जमीन से 3 फीट नीचे धंस गयी है। बताते चले कि बीसीसीएल के द्वारा डेंजर जोन में रह रहे लोगों को पुनर्वास की योजना नहीं देने के कारण आने वाले समय में बड़ी दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकता है।

## आयुष्मान कार्ड से इलाज कराने की मांग, ढोरी जीएम को लिखा पत्र

**बेरमो।** सीसीएल ढोरी प्रक्षेत्र के केन्द्रीय अस्पताल में आयुष्मान कार्ड से रोगियों के इलाज के लिए जनता मजदूर संघ के ढोरी प्रक्षेत्र के पदाधिकारियों ने प्रक्षेत्र के जीएम एमके अग्रवाल को एक मांग पत्र सौंपा है। मांग पत्र सौंपते जनता मजदूर संघ के क्षेत्रीय अध्यक्ष धीरज पांडेय, सचिव विकास सिंह एवं कल्याण सदस्य ओम शंकर सिंह ने जीएम से इसे जल्द से जल्द चालू करने की मांग की। इस पर जीएम श्री अग्रवाल ने कहा कि ऐसी व्यवस्था तो फिलहाल नहीं है, लेकिन इसके लिए वे सीसीएल मुख्यालय से विचार-विमर्श कर आगे की कार्रवाई अवश्य ही करेंगे।

## सीए बनने को डीपीएस बोकारो होगा सेंटर

**बोकारो।** सीए बनने को इच्छुक बोकारो के विद्यार्थियों को अपने शहर में ही परीक्षा देने का अवसर मिलने जा रहा है। नवंबर महीने में सीए की परीक्षा ली जाएगी। इसके लिए शेड्यूल जारी कर दिया गया है। आईसीएआई के बोकारो कोआर्डिनेटर सीए गौरव मुरारका ने परीक्षा के लिए डीपीएस बोकारो को केंद्र के रूप में अधिकृत किए जाने की आधिकारिक जानकारी दी। उन्होंने परीक्षा के सफल संचालन को लेकर प्राचार्य डॉ एएस गंगवार के साथ विचार.विमर्श किया। आईसीएआई एग्जाम कोआर्डिनेटर सीए गौरव ने बताया कि सीए की परीक्षा हर साल मई और नवंबर महीने में होती है। तीन परीक्षाएं होती हैं . सीए फाउंडेशन सीए इंटर और सीए फाइनल। परीक्षाओं के इन सभी स्तरों को पास करने के बाद एक विद्यार्थी चार्टर्ड अकाउंटेंट बन सकता है।

## लायंस क्लब ने गरीबों के बीच बांटा छाता

**बेरमो।** लायंस क्लब बोकारो थर्मल शाखा की ओर से बोकारो थर्मल सब्जी मार्केट में ग्रामीण क्षेत्रों से आकर बरसात एवं कड़े धूप में बैठ कर सब्जी, गुपचुप, दातुन व अन्य सामान बेचकर अपनी व अपने परिवार का जीविका चलाने वाले गरीब पुरुषों के बीच दर्जनों बड़े छतरी का वितरण किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लायंस क्लब के सदस्यों ने कहा कि क्लब की ओर से लगातार गरीब व असहाय लोगो के बीच छतरी का वितरण किया गया। कहा गया कि बरसात धूप में गरीब सब्जी, दातुन व गुपचुप बेचते हैं। इससे राहत मिलेगी।

# केंदुआडीह में हथियार के साथ दो अपराधी गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** केंदुआडीह पुलिस ने दो अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। अपराधियों ने पुटकी के एक होटल में अप्रैल महीने में बमबाजी कर दहशत फैलाने की कोशिश की गई थी।डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर अरविंद कुमार बिन्हा ने मंगलवार को अपने कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सोमवार की रात केंदुआडीह की पुलिस गश्ती व छापामारी के लिए निकली थी। तभी सूचना मिली कि अप्रैल माह में पुटकी के एक होटल में बमबाजी कर दहशत फैलाने वाले अपराधी केंदुआडीह के एक खटाल में छिपे बैठे हैं।सूचना के आलोक में त्वरित पुलिस खटाल पहुंची व चरणजीत यादव और गोपाल पासवान को एक पिस्टल, दो मैगजीन व 7.55 एमएम की 4 जिंदा कारतूस के साथ धर दबोचा. पुलिस के अनुसार दोनों किसी अपराध को अंजाम देने की नीयत से छिपे हुए थे। दोनों पर पहले से केंदुआडीह सहित अन्य थाना में कई मामले दर्ज हैं।


केंदुआडीह पुलिस की गिरफ्त में दोनों अपराधी।

## न्यू नदखुरकी पैच में लगा धारा 144

**असामाजिक तत्वों के धरना-प्रदर्शन और अशांति फैलाने को लेकर लिया निर्णय**

**धनबाद।** अनुमंडल पदाधिकारी श्री प्रेम कुमार तिवारी ने न्यू नदखुरकी पैच (ब्लॉक टू क्षेत्र) के 500 मीटर क्षेत्रफल की परिधि में तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक धारा 144 द.प्र.सं. के तहत निषेधाज्ञा जारी की है। इस संबंध में उन्होंने कहा कि खेमका कैरियर द्वारा ब्लॉक 2 में किए जा रहे खनन कार्य में 28 अगस्त 2023 को बिना पूर्व सूचना के कन्हाई चौहान व कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा अनाधिकृत रूप से प्रवेश कर धरना प्रदर्शन कर अशांति फैलाई जा रही है। जिसके कारण कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ने एवं जान माल की क्षति होने की पूरी संभावना है। शांति व्यवस्था बहाल करने के लिए धरना प्रदर्शन करने वाले एवं प्रबंधन की एक बैठक बुलाई गई। वहीं अंचल अधिकारी बाघमारा ने भी बताया कि उपरोक्त मामले में एक कमेटी बनाकर जांच कराई गई। जिसमें 35 लोगों की जांच की गई। इसमें 75 प्रतिशत से अधिक कर्मी स्थानीय पाए गए। उक्त परिप्रेक्ष्य में विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न न हो तथा लोक परिशांति बनी रहे एवं आवश्यक सेवाओं को बनाए रखने व विधि व्यवस्था संधारण के उद्देश्य से न्यू नदखुरकी पैच (ब्लॉक टू क्षेत्र) के 500 मीटर क्षेत्रफल की परिधि में तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक धारा 144 द.प्र.सं. के तहत निषेधाज्ञा जारी की है। इस निषेधाज्ञा के जारी होने के बाद उक्त क्षेत्र में 5 या उससे अधिक व्यक्तियों का आंदोलन के उद्देश्य से एकत्रित होना, किसी प्रकार का धरना, रैली, सभा, प्रदर्शन, लाउडस्पीकर का उपयोग करना, हरवे हथियार एवं अग्नियास्त्र के साथ चलने अथवा उसके प्रयोग करने पर प्रतिबंध रहेगा। यह प्रतिबंध कार्य पर उपस्थित पदाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों, पुलिस बलों के आने वाले छोटे एवं बड़े वाहन पर लागू नहीं रहेगा। साथ ही विद्यार्थियों के स्कूल आने-जाने, शव यात्रा, वैवाहिक एवं धार्मिक कार्य से जाने वाले लोगों पर भी यह प्रतिबंध लागू नहीं होगा।

## नया बाजार दुर्गा पूजा कमेटी मनायेगी हीरक जयंती

**धनबाद।** बैंक मोड़, नया बाजार सर्वजनिन दुर्गोत्सव कमेटी की सार्वजनिक बैठक का आयोजन किया गया। कमेटी के सचिव एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेश्वर सिंह यादव ने बताया बैठक में नई कमेटी का पुनर्गठन किया गया एवं वर्ष 2022 का आय व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया गया। एवं इस वर्ष सर्वसम्मति 75 वां हीरक जयंती बहुत धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। जिसमें सर्व समिति से रामकुमार अग्रवाल को अध्यक्ष, शैलेश गुटगुटिया एवं विंध्याचल यादव को कार्यकारी अध्यक्ष एवं राजेश्वर सिंह यादव को सचिव एवं शिवकुमार यादव एवं संजयानंद गोस्वामी को कोषाध्यक्ष एवं राजीव कुमार साव विपिन चौरसिया नीरज जायसवाल विमलेश सिंह ओम प्रकाश सिंह का चयन किया गया।

# वाटर ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण में विलंब से बढ़ेगा वित्तीय बोझ

- झारखंड विस की सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति ने की अधिकारियों के साथ बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** झारखंड विधानसभा की सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति ने माननीय सभापति सह जमशेदपुर पूर्व के विधायक श्री सरयू राय की अध्यक्षता में उप विकास आयुक्त श्री शशि प्रकाश सिंह सहित जिले के सभी विभागों के पदाधिकारियों के साथ सर्किट हाउस में बैठक की। बैठक के समापन के बाद माननीय सभापति ने कहा कि धनबाद में जुडको द्वारा बन रहे वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट को समय पर पूरा करने का निर्देश दिया है। कार्य में विलंब होने से राज्य सरकार पर वित्तीय बोझ पड़ेगा। उन्होंने बताया कि जुडको ने 2024 तक कार्य को पूरा करने का आश्वासन दिया है। इसके अलावा जुडको द्वारा दो फेज में पेयजल परियोजना चल रही है। पांच सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाए जाने हैं। पेयजल परियोजना वैश्विक महामारी कोविड-19 के कारण लक्ष्य से पीछे है। इस योजना के डीपीआर पर चर्चा की गई। साथ ही बताया कि जुडको को धनबाद में पांच सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाने हैं। परंतु अभी तक उसका काम शुरू नहीं हुआ है। सभापति ने कहा कि सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाना जितना महत्वपूर्ण है उतना ही महत्वपूर्ण उसे चलाना है। इसके बन जाने से प्रदूषित पानी दामोदर नदी में नहीं पहुंचेगा और नदी सुरक्षित रहेगी। इसका बनना धनबाद जिले एवं दामोदर नदी के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। योजना को लेकर इसके कंसल्टेंट के साथ पूरी रिपोर्ट पर चर्चा की गई। सभापति ने झारखंड विद्युत संचरण निगम लिमिटेड एवं झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड की समीक्षा की।


सरकारी उपक्रम संबंधी समिति संग बैठक करते अधिकारी।

### डीवीसी की दोहरी नीति से उपभोक्ताओं को होता है नुकसान

उन्होंने बताया कि धनबाद में विद्युत विभाग द्वारा डीवीसी से बिजली लेकर घरेलू उपभोक्ताओं को दी जाती है। जबकि औद्योगिक इकाइयों को डीवीसी द्वारा डायरेक्ट बिजली दी जाती है। डीवीसी की दोहरी नीति से घरेलू उपभोक्ताओं को नुकसान होता है। इस दिशा में वे सरकार का ध्यान आकर्षित करेंगे और डीवीसी से स्पष्टीकरण भी मांगेंगे। माननीय सभापति ने कहा कि जब डीवीसी उद्योगों को बिजली मुहैया करा सकती है तो घरेलू उपभोक्ताओं को भी बिजली उपलब्ध कराने के लिए बाध्य है। डीवीसी का यह रवैया अनुचित है और किसी भी दृष्टिकोण से सही नहीं है।

# घर-घर में लगे तिरंगे का हो रहा अपमान

**अमृत महोत्सव कार्यक्रम में लगाया गया था तिरंगा**

खबर मन्त्र संवाददाता

**देवीपुर।** अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत हर घर तिरंगा अभियान में सरकारी स्तर पर बड़े पैमाने पर पंचायत जनप्रतिनिधियों के माध्यम से घर-घर तिरंगा झंडा लगाए गए हैं और राजनीतिक पार्टी बीजेपी के द्वारा भी गांव गांव तिरंगा झंडा मुहैया विभिन्न गावों के घरों में किए हैं। लेकिन अनदेखी और लापरवाही के कारण तिरंगा झंडा का अपमान हो रहा है। देवीपुर प्रखंड के झुमरबाद पंचायत अन्तर्गत झुमरबाद गांव में मुख्य सड़क किनारे एक घर में तीन दिनों से उल्टा झंडा फहराया जा रहा है। इस और किसी जनप्रतिनिधियों, राजनितिक पार्टी के कार्यकताओं, ग्रामोणों या सरकारी कर्मियों को ध्यान नहीं दिया गया। इस संबंध में मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, पंचायत सेवक, वार्ड सदस्य, ग्रामीण या राजनितिक पार्टी के कार्यकर्ता आदि अनजान हैं और जिम्मेवारी से दूर रहे।



जानकारी की सरकार कि ओर से अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत हर घर तिरंगा अभियान में मात्र तीन दिनों तक हर घर झंडा लगाने का निर्देश दिया गया था। जिसके तहत प्रखंड कार्यालय से मुखिया पति सह प्रतिनिधि मनोज ठाकुर को झंडा उपलब्ध कराया गया और उनके द्वारा पंचायत के सभी वार्डों को और फिर उसके सभी घरों में तिरंगा झंडा उपलब्ध कराया गया। लेकिन झंडा लगाने और लगवाने का कोई जिम्मा नहीं लिया और घरवालों को एक-एक झंडा देकर अपना काम खत्म कर लिया। इस बाबत मुखिया के मोबाइल पर बात करने पर मुखिया पति सह मुखिया प्रतिनिधि मनोज ठाकुर ने बताया कि पंचायत समिति सदस्य को भी कार्यालय से झंडा मिला था, यह किसके द्वारा लगाया है, हमें मालूम नहीं है। हम सभी वार्डों को दे दिए हैं। जबकि पंचायत समिति सदस्य राजाउल अंसारी ने कहा कि ऐसा होना गलत हुआ है मुखिया पर कार्रवाई होनी चाहिए। वहीं वार्ड सदस्य प्रतिनिधि सफीक अंसारी ने बताया कि मुखिया द्वारा सिर्फ ग्रामीणों झंडा को दे दिया ग्रामीण जैसे तैसे डंडा लगाया। पंचायत सेवक दिनेश सिंह ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान के तहत बीजेपी पार्टी एवं मुखिया और पंचायत समिति के द्वारा झंडा उपलब्ध कराया है। कोन कहां और कैसे लगाया इसकी जानकारी मुझे नहीं है। प्रखंड कर्मी रोहित कुमार ने बताया कि प्रखंड स्तर पर कार्यालय से झंडा मुखिया पति सह प्रतिनिधि मनोज ठाकुर ने रिसीव किया जो अपने पंचायत क्षेत्र के हर घर में झंडा लगाने का निर्देश दिया गया। जबकि बीजेपी कार्यकर्त्ता जय प्रकाश सिंह ने बताया कि जहां उल्टा झंडा फहराने की बात कही जा रही है हमलोग वहां झंडा नहीं दिए है। सरकारी स्तर से लगा होगा।

## छात्र-छात्राओं ने बाल विवाह नहीं करने की ली शपथ

**कतरास।** झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट एवं कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेंस फाउंडेशन के द्वारा जी.एन.एम.+2 विधालय कतरासगढ़ में बाल विवाह एवं यौन हिंसा के खिलाफ जागरूकता पर सेमिनार आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में उपस्थित ट्रस्ट के परियोजना समन्वयक नईमुद्दीन अंसारी ने ट्रस्ट द्वारा बाल विवाह एवं यौन शोषण के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा किया। बाल विवाह क्या है और बाल विवाह के कारण एवं दुष्परिणामों पर खुल कर चर्चा किया। तत्पश्चात समन्वयक ने छात्र छात्राओं से मुखातिब होकर यौन शोषण पर बात रखते हुए कहा कि यौन हिंसा को समझने से पहले गुड टच एवं बेड टच को समझना होगा। इस मामले को लेकर उन्होंने बालिकाओं को सचेत भी किया।

## गोमिया : गोनियाटो के प्रवासी मजदूर की मुंबई में मौत, मातम

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** प्रवासी मजदूरों की मौत का सिलसिला थम नहीं रहा है। नावाडीह थाना क्षेत्र के गोनियाटो के मजदूर की मुंबई में मंगलवार की सुबह मौत हो गयी। बताया जा रहा है कि नावाडीह के गोनियाटो निवासी खैटा महतो के 36 वर्षीय पुत्र सनु महतो की मौत हो गयी। मौत की सूचना मिलते ही परिजन सकते में हैं। घटना के कारणों के बारे में अभी तक कोई जानकारी नहीं है। मृतक मुम्बई के कल्याण में कपडा मिल में मजदूरी करता था। मृतक अपने पीछे पुत्री पूनम कुमारी (15 वर्ष), पुत्र अमन कुमार (12 वर्ष) व संदीप कुमार (08 वर्ष) को छोड़ गया।

इस घटना को लेकर प्रवासी मजदूरों के हित में कार्य करने वाले समाजसेवी सिकंदर अली संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि झारखंड के नौजवानों की मौत के मुंह में समाने की यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी कई लोगों की मौत हो चुकी है। रोजी-रोटी की तलाश में परदेश गये प्रवासी झारखंडी मजदूरों की मौत का सिलसिला जारी है। हर रोज झारखंड के किसी न किसी इलाके से प्रवासी मजदूर की दूसरे राज्यों या विदेश में मौत की खबरें आ रही है। प्रवासी मजदूरों की सबसे ज्यादा तादाद बोकारो, गिरिडीह और हजारीबाग जिले की है।

## लायंस क्लब ऑफ कैपिटल कोल का स्थापना दिवस

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** लायंस क्लब ऑफ कैपिटल कोल के द्वितीय पदस्थापना समारोह का आयोजन शगुन बैंक्विटहॉल, कोलाकुसमा में सम्पन्न हुआ। पदस्थापना समारोह में मुख्य अतिथि के रूप मे धनबाद के जानेमाने व्यवसायी ऐमजेएफ लायन आइ.एम मेनन, इनस्टलेशन अधिकारी के रूप मे ऐम.जे. एफ. लायन मधुकर सिन्हा, इनडेक्शन अधिकारी लायन एलसि राठी , कीनोट स्पीकर के रूप मे आर. पी. सरिया अपस्थित थे। इनके अलावा रीजनल चेयरपर्सन लायन ऐम.जे.एफ. लायन मदन मोहन तथा जोनल चेयरपर्सन लायन रोशन अग्रवाल कार्यक्रम में उपस्थिति थे।क्लब के मेन्टर के रूप मे लायन प्रशान्त पाण्डेय एवं लायन सुनिल कुमार सिंह उपस्थित थे। क्लब के पुर्व अध्यक्ष लायन प्रज्वल भट्टाचार्य ने अपने स्वागत भाषण मे मुख्य अतिथि तथा अन्य अतिथि एव सभी क्लब से आये हुए आमंत्रित सदस्यो, मित्रो एवं नये सदस्यों का हार्दिक स्वागत किया।उन्हे गुलदस्ता शॉल एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग आठ नये सदस्यों को क्लब का सदस्यता शपथ दिलाया गया । चाटर्ड प्रेसिडेंट प्रज्जवल भट्टाचार्य ने अपने कार्यकाल 2022-23 में सभी का सहयोग के लिए क्लब के सभी लायन मेम्बरो का आभार वयक्त किया। मौके पर लायन मधुकर सिन्हा ने उनके पद की शपथ दिलाई।


स्थापना दिवस में शामिल क्लब के सदस्य।

# कतरास : रानी दादी सती मंदिर से निकली निशान शोभा यात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता

**कतरास।** मंगलवार को श्री श्री रानी दादी सती मंदिर के लिए निशान शोभायात्रा भगत सिंह चौक से पचगढ़ी बाजार के लिए निकल गया। सैकड़ो की संख्या में समाज के लोगों ने हाथ में ध्वज निशान लेकर यात्रा में निकले पूरा क्षेत्र श्री श्री दादी रानी सती के जयकारे से गुंजयमान हो गया लायंस क्लब ऑफ कतरास के डॉक्टर बी एन चौधरी और महेश अग्रवाल की निगरानी में निशान यात्रा भगत सिंह चौक से शुरू किया गया। मैं कतरास की सामाजिक संस्था डॉ राजेंद्र प्रसाद सेवा संस्थान राजेंद्र क्लब के अध्यक्ष अशोक चौरसिया के नेतृत्व में संस्था के बाहर शरबत एवं पानी का स्टाल भक्तों के लिए लगाया गया साथ ही लायंस क्लब ऑफ कतरास के तरफ से एलआईसी ऑफिस के पास ठंडा पानी और शरबत का व्यवस्था सभी के लिए किया गया था। जिसमें लायन सदस्यों ने अपनी सेवा देकर अहम भूमिका निभाई।


संस्था ने स्टॉल लगाकर लोगों को शरबत पिलायी।

### शोभायात्रा में ये लोग थे शामिल

मौके पर मुख्य रूप से वरीय नेता पंकज सिंह राजेंद्र क्लब कार्यकारिणी सदस्य शैलेंद्र सिंह राखी पटवा गणेश मोदक एवं लायंस क्लब ऑफ कतरास से रितेश दुबे, कृष्ण कन्हैया राय,संजय अग्रवाल, डॉ स्वतंत्र कुमार,सुरेश रजक, डॉ मधुबाला, विभूति सिंह, शैलेश बर्मन इत्यादि लायन सदस्यों ने सभी निशान और शोभायात्रा में सम्मिलित लोगों पानी और शरबत पिलाया जिसमे कतरास के सामाजिक कार्यकर्ता गण बंटी कुलवाल, सुनंदा,जीत, अनुज प्रजापति, देवराज विश्वकर्मा, अनुराग बजरंगी, अरविंद ठाकुर, ब्रजेश सिंह इत्यादि ने भी पानी और शरबत बांटने में अहम भूमिका निभाई।

एक नजर में

## कसमार के स्वयंसेवक संघ ने दिया धरना



**बोकारो/कसमार ।** राज्य स्तरीय पंचायत सचिवालय स्वयं सेवक संघ झारखंड प्रदेश के तत्वाधान में 67 दिनों से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन राज भवन रांची में बोकारो जिला पंचायत सचिवालय स्वयं सेवा संघ के दर्जनों स्वयंसेवक शामिल हुए। पंचायत सचिवालय संघ अपनी 5 सूत्री मांगों को लेकर स्वयं सेवक 8 जुलाई से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन कर रहे हैं । उनलोगो ने बताया कि 20 सितंबर को ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के आवास का संघ के द्वारा नंग धड़ंग प्रदर्शन कर घेराव किया जाएगा। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष चन्द्रदीप कुमार युगल किशोर अकबर खान मिडिया प्रभारी दीपक कुमार महतो हेमंत कुमार महतो विवेक शर्मा राकेश कुमार महतो शुभम झा संजू कुमारी साबन प्रवीन रीना देवी आदि शामिल थे।

## महावीर मंदिर भूत बंगला में अखंड हरिकीर्तन



**बेरमो।** फुसरो बाजार के बहुत ही प्राचीन मंदिरों में से एक महावीर मंदिर भूत बंगला में हर वर्ष की तरह कृष्णा जन्माष्टमी की छठी पर 24 घंटा का अखंड हरिकीर्तन किया गया। जिसमे बेरमो क्षेत्र के प्रसिद्ध कृष्ण भक्त शामिल हुए और 24 घंटा हरे रामा .हरे कृष्णा के गूंज से वातावरण को भक्ति मय बना दिया। दूसरे दिन मंगलवार को हवन पूजन के पश्चात खिचड़ी भोग प्रसाद का वितरण कर समापन किया गया। अखंड हरिकीर्तन में निवर्तमान वार्ड पार्षद भरत कुमार वर्माए वैभव चौरसियाए लक्ष्मण वर्माए सुरेश कुमारए विक्की यादवए रोहित पंडित एचंदन कुमारए विनोद रजकए सुरेश कुमारए अनिल कुमार आदि उपस्थित थे।

## पेज 3 का शेष

### झारखंड को मिली पहली...

लोगों ने इसके लिए केंद्र सरकार को धन्यवाद दिया है। लोग इसे मोदी सरकार का तोहफा मान रहे है। इस ट्रेन को केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री के साथ-साथ स्थानीय सांसद और विधायक ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया है। **विस्टाडोम कोच की क्या है खासियत :** न्यू गिरिडीह रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस में एक विस्टाडोम कोच लगाया गया है। इस कोच के शीशे पूरी तरह से पारदर्शी हैं और छत भी खुली कांच के हैं। इस कोच की सीट 90 डिग्री तक खिड़की की तरफ घूमती है। इससे यात्री प्राकृतिक नजारे का भरपूर आनंद ले सकें। इस कोच की सबसे बड़ी खासियत है कि इसमें यात्रा करते समय लोगों को खिड़की की साइड के साथ-साथ ऊपर की ओर का दृश्य भी भरपूर नजर आता है। इसके यात्री तिलैया डैम और हजारीबाग की मनोरम वादियों का लुत्फ उठा सकेंगे। बरकाकाना से रांची जाने के दौरान चार सुरंगें मिलेंगी। यह दृश्य काफी रोमांचक होगा। अंबा प्रसाद ने कहा कि हेमंत सरकार की सकारात्मक पहल के कारण जनता को यह सौगात मिली है। कम पैसे में लोग आ जा सकेंगे।

### केंद्र अब आवास नहीं देता...

सीएम ने कहा राज्य के विकास को गति देने का काम निरंतर जारी रहेगा। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में मेडल जीतने वालों की सीधी नियुक्ति हो रही है। इस मौके पर उन्होंने 11 लाख 14 हजार लाभुकों के बीच 757 करोड़ की परिसंपत्ति का वितरण किया। हर हाल में राज्य को आगे बढ़ायेंगे : मुख्यमंत्री ने कहा कि जब से उनकी सरकार बनी है, लगातार कई चुनौतियां झेलनी पड़ रही हैं। कोरोना से जंग में जीते ही थे कि कम बारिश की वजह से सुखाड़ की परिस्थितियां पैदा हो गयी है। पर सरकार इन सबका सामना करते हुए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से राज्यवासियों को मजबूती देने का काम कर रही है। हम इस बात के लिए प्रतिबद्ध हैं कि परिस्थितियां चाहे कैसी भी हो, राज्य के विकास को गति देने का काम निरंतर जारी रहेगा। बच्चों को उच्च और गुणवत्तायुक्त शिक्षा मिले, इसके लिए स्कूलों में सुविधा और इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत किया जा रहा है। **खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा दे रही सरकार :** मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए कई निर्णायक कदम उठाये हैं। खेल नीति के तहत राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में पदक हासिल करने वालों की सरकारी नौकरियों में सीधी नियुक्ति की जा रही है। शहीद पोटो हो योजना के तहत खेल मैदान विकसित किया जा रहे हैं। इस अवसर पर मंत्री चम्पाई सोरेन और बन्ना गुप्ता, विधायक रामदास सोरेन, सविता महतो, मंगल कालिंदी, समीर मोहंती, झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष हिदायतुल्ला खान, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, डीआईजी के अलावा पूर्वी सिंहभूम जिले के उपायुक्त एवं वरीय पुलिस अधीक्षक समेत जिला प्रशासन के कई अधिकारी मौजूद थे।

### लालू का संकट बढ़ा...

सीबीआई ने कोर्ट को बताया कि उसे एक सप्ताह में मामले के अन्य आरोपितों के खिलाफ भी केस चलाने की अनुमति मिल जायेगी। केंद्र ने सीबीआइ को यह अनुमति लालू यादव सहित अन्य आरोपियों के खिलाफ दाखिल की गयी नयी चार्जशीट के आधार पर केस चलाने को लेकर दी है। इसी चार्जशीट में आरोपित लालू के पुत्र तेजस्वी यादव के खिलाफ संज्ञान लेने के लिए कोर्ट अगली तारीख पर विचार करेगा।

### इडी के समन को...

**क्या है पूरा मामला :** दरअसल, चेशायर होम के पास की जमीन के अलावा बरियातू और सिरमटोली स्थित सेना की जमीन से जुड़े घोटाला मामले में हुए मनी लॉन्ड्रिंग का हवाला देते हुए इडी लगातार कार्रवाई कर रही है। इन मामलों में कारोबारी विष्णु अग्रवाल, अमित अग्रवाल, रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन समेत कई ब्रोकर गिरफ्तार कर जेल भेजे जा चुके हैं। पूछताछ के लिए सीएम पहला समन मिलते ही उन्होंने आपत्ति जतायी है। ईडी को पत्र लिखकर कहा था कि अवैध खनन मामले में पूछताछ के दौरान उनसे प्रोपर्टी के सारे डिटेल लिए जा चुके हैं। ऐसे में बार-बार समन करना सही नहीं है। इसके बावजूद ईडी ने दोबारा समन जारी कर दिया। इसके खिलाफ सीएम की ओर से सुप्रीम कोर्ट में रिट याचिका दायर की गयी है।

### चाईबासा में फिर धमाका...

दोनों को सोनुवा पुलिस और सीआरपीएफ की मदद से सोनुवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद दोनों को चक्रधरपुर अनुमंडल अस्पताल रेफर कर दिया गया। गौरतलब है कि नक्सलियों के हमले से नवंबर 2022 से मई 2023 तक 18 जवान घायल हो गये थे। वहीं इस हमले में 10 गांव वालों की जान चली गयी थी। पुलिस लगातार नक्सलियों पर नकेल कसने को लेकर प्रयास कर रही है। बावजूद नक्सली रह-रह कर घटनाओं को अंजाम देते आये हैं। नक्सली खुद को पुलिस से बचने के लिए जंगल का सहारा लेते हैं। वहीं गांव वालों की आड़ में नक्सल गतिविधियों को अंजाम देते रहते हैं।

### साइबर, नक्सल जैसे मुद्दों...

पांचों राज्यों में नक्सल गतिविधियों और उससे जुड़ी कार्रवाई को लेकर साझा रणनीति बनायी जायेगी। वहीं सीमावर्ती इलाकों में जहां एक राज्य की सीमा दूसरे राज्य से सटी हुई है, वहां नारकोटिक्स कारोबार, स्मगलीन और अवैध शराब के रास्तों को चिह्नित कर उसकी निगरानी को लेकर भी रणनीति तैयार होगी।

स्पीड न्यूज

## हाइकोर्ट में विश्वेश्वर-ज्ञानवापी केस की सुनवाई 18 को

**प्रयागराज।** वाराणसी के विश्वेश्वर–ज्ञानवापी मामले में मंगलवार को इलाहाबाद हाइकोर्ट में होने वाली सुनवाई वकीलों के कार्य बहिष्कार के चलते नहीं हो सकी। चीफ जस्टिस की बेंच में आज मामले की सुनवाई होनी थी। अब इस केस की सुनवाई 18 सितंबर को होगी।

## बाबा रामदेव को थाने में पेश होने का आदेश

**बाड़मेर।** राजस्थान हाइकोर्ट ने योगगुरु बाबा रामदेव के धर्म विशेष पर टिप्पणी करने पर उनके खिलाफ बाड़मेर के चौहटन थाने में दर्ज मामले में पांच अक्टूबर को पेश होने के निर्देश दिये है। इसके अलावा, बाबा रामदेव की ओर से पेश विविध आपराधिक याचिका पर सुनवाई के बाद गिरफ्तारी पर 13 अप्रैल को लगायी गयी अंतरिम रोक 16 अक्टूबर तक बढ़ा दी है।

## राजद्रोह कानून का मामला संविधान बेंच को रेफर

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने राजद्रोह कानून के मामले को संविधान बेंच को रेफर कर दिया है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ बेंच का गठन करेंगे। ये बेंच 1962 के केदारनाथ फैसले की समीक्षा करेगी। केदारनाथ के फैसले में भारतीय दंड संहिता की धारा 124ए को वैध ठहराया गया था।

## डीजल वाहन पर अतिरिक्त कर लगाने का प्रस्ताव नहीं : गडकरी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि डीजल वाहनों और जेनसेट पर अतिरिक्त जीएसटी लगाने का कोई प्रस्ताव नहीं है। इससे पहले मीडिया के एक वर्ग में इस आशय की खबर आयी थी कि गडकरी वायु प्रदूषण कम करने के लिए डीजल वाहनों पर अतिरिक्त 10 फीसदी जीएसटी लगाने को लेकर वित्त मंत्रालय को एक प्रस्ताव सौंपने वाले हैं।

## विमान ठीक होने के बाद कनाडा रवाना हुए जस्टिन ट्रूडो

**नयी दिल्ली।** कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो मंगलवार को अपराह्न एक बजे दिल्ली से रवाना हो गये। उनका विमान तकनीकी गड़बड़ी के कारण पिछले दो दिनों से उड़ान भरने में असमर्थ था। जस्टिन ट्रूडो के प्रेस सचिव मोहम्मद हुसैन ने एक वक्तव्य में कहा कि तकनीकी गड़बड़ी को ठीक कर लिया गया है। केंद्रीय मंत्री राजीव चन्द्रशेखर उन्हें विदा करने के लिए एयरपोर्ट पहुंचे। एक्स पर उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री और अपने साथी मंत्रियों की ओर से जी20 में उनकी भागीदारी के लिए धन्यवाद दिया। वे उनकी सफल एवं सुरक्षित कनाडा वापसी की कामना करते हैं।

# फसल विविधता के सच्चे संरक्षक कृषक : द्रौपदी मुर्मू

## राष्ट्रपति ने किसानों के अधिकारों पर पहली वैश्विक संगोष्ठी का किया उद्घाटन

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को नयी दिल्ली में राष्ट्रीय कृषि विज्ञान केंद्र परिसर में किसानों के अधिकारों पर पहली वैश्विक संगोष्ठी का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में 59 देशों के प्रख्यात वैज्ञानिक और किसान शामिल हुए। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि दुनिया का कृषक समुदाय फसल विविधता का सच्चा संरक्षक है। इस दिशा में किसानों के पास असाधारण शक्ति और जिम्मेदारी है। उन्होंने पौधों और प्रजातियों की कई किस्मों की रक्षा और उन्हें पुनर्जीवित करने के किसानों के प्रयास की सराहना की।

राष्ट्रपति ने कहा कि भारत विशाल विविधता वाला देश है। इसका क्षेत्रफल भले ही विश्व का केवल 2.4 प्रतिशत लेकिन दुनिया की 7 से 8 प्रतिशत जैव प्रजातियां यहीं है। भारत की समृद्ध कृषि-जैव विविधता वैश्विक समुदाय के लिए एक खजाना रही है। उन्होंने कहा कि हमारे किसानों ने कड़ी मेहनत और उद्यमिता से पौधों की स्थानीय किस्मों का संरक्षण किया है। जंगली पौधों को घरेलु उपयोगी बनाया है और पारंपरिक किस्मों का पोषण किया है।

राष्ट्रपति ने कहा कि कृषि अनुसंधान और प्रौद्योगिकी विकास से भारत 1950-51 के बाद से खाद्यान्न, बागवानी, मत्स्य पालन, दूध और अंडे के उत्पादन को कई गुना बढ़ा पाया है। इसका राष्ट्रीय खाद्य और पोषण सुरक्षा पर स्पष्ट प्रभाव पड़ा है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि कृषि-जैव विविधता संरक्षकों और मेहनती किसानों, वैज्ञानिकों और नीति निमार्ताओं के प्रयासों ने सरकारी समर्थन के साथ मिलकर देश में कई कृषि क्रांतियों को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रौद्योगिकी और विज्ञान विरासत ज्ञान के प्रभावी संरक्षक और संवर्द्धक के रूप में काम करते रहेंगे।




किसानों के अधिकारों पर आयोजित वैश्विक संगोष्ठी में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू एवं अन्य।

### राष्ट्रपति आज करेंगी 'आयुष्मान भवः' अभियान का शुभारंभ

**नयी दिल्ली।** देश में स्वास्थ्य देखभाल की पहुंच और समावेशिता को फिर से परिभाषित करने के मकसद से केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय बुधवार को आयुष्मान भवः अभियान की शुरुआत करने जा रहा है। इसका उद्घाटन आभासी माध्यम से राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू करेंगी। इस अभियान को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन यानी 17 सितंबर से लागू किया जायेगा।

### लहरी बाई पादप जीनोम संरक्षक किसान सम्मान से पुरस्कृत

**भोपाल।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को मध्य प्रदेश के डिंडोरी जिले की कृषक लहरी बाई को श्रीअन्न प्रजातियों के संरक्षण और संवर्धन के लिए वर्ष 2021–22 के 'पादप जीनोम संरक्षक किसांन सम्मान' से सम्मानित किया। लहरी बाई को कृषक अधिकार वैश्विक संगोष्ठी के अलंकरण समारोह में सम्मान स्वरूप 1,50,000 रुपये की नकद राशि, प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिह्न प्रदान किया गया। कार्यक्रम का आयोजन नयी दिल्ली के सी. सुब्रामण्यम ऑडिटोरियम में हुआ। इस मौके पर केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर उपस्थित थे।

### कृषि-जैव विविधता का संरक्षण इको सिस्टम के लिए जरूरी : तोमर

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि कृषि–जैव विविधता संरक्षण सिर्फ कर्तव्य नहीं है, बल्कि इको सिस्टम के अस्तित्व के लिए आवश्यकता है। भारत सरकार इस उद्देश्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पर कायम है। तोमर ने मंगलवार को किसानों के अधिकारों को लेकर पूसा में आयोजित चार दिवसीय संगोष्ठी के शुभारंभ सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत इस अंतरराष्ट्रीय संधि (आइटीपीजीआरएफए) के तहत सहमत सिद्धांतों के प्रति प्रतिबद्ध रहा है व इसके अक्षरशः पालन में विश्व में सर्वोपरि कार्य कर रहा है। तोमर ने खाद्य एवं कृषि के लिए पादप आनुवांशिक संसाधनों पर अंतरराष्ट्रीय संधि (आइटीपीजीआरएफए), खाद्य व कृषि संगठन (एफएओ), रोम एवं केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा आयोजित इस वैश्विक संगोष्ठी में कहा कि यह तथ्य, भारतीय संसद द्वारा पौधों की विविधता व किसानों के अधिकार संरक्षण अधिनियम–2001 के रूप में अधिनियमित राष्ट्रीय कानून से बहुत स्पष्ट रूप से रेखांकित है। इस कानून के अधिनियमन के बाद से भारत सरकार ने कानून में किये प्रावधानों के अनुरूप इसका पालन सुनिश्चित करने के लिए पूरी शिद्दत के साथ काम किया है।

# बुलेटप्रूफ ट्रेन से यात्रा कर रूस पहुंचे उ. कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन



बुलेटप्रूफ ट्रेन में उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन।

**मॉस्को (हि.स.)।** उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन बुलेटप्रूफ ट्रेन से दो दिन की यात्रा कर रूस पहुंच गये हैं। किम जोंग उन की इस रूस यात्रा के दौरान हथियार खरीदने का बड़ा समझौता होने की उम्मीद जतायी जा रही है।

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन और उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन के बीच 2019 के बाद पहली बार शिखर वार्ता होगी। इस वार्ता के लिए किम जोंग उत्तर कोरिया से हथियारबंद बुलेट ट्रेन पर सवार होकर दो दिन की यात्रा के बाद रूस के व्लादिवोस्तोक शहर पहुंचे हैं। उत्तर कोरिया की राजधानी प्योंगयांग से रविवार को अपनी निजी ट्रेन में सवार हुए किम के साथ सत्तारूढ़ दल, सरकार और सेना के सदस्य भी हैं। रूस गये किम के प्रतिनिधिमंडल में उत्तर कोरिया की विदेश मंत्री चो सन हुई और 'कोरियन पीपुल्स आर्मी' के मार्शल री प्योंग चोल और पाक जोंग चोन समेत उनके शीर्ष सैन्य अधिकारी भी शामिल हैं।

किम जोंग उन की इस यात्रा के दौरान उत्तर कोरिया और रूस के बीच हथियारों की बड़ी खरीद फरोख्त का समझौता होने की उम्मीद है। वार्ता के लिए पुतिन सोमवार को ही व्लादिवोस्तोक पहुंच चुके हैं। उत्तर कोरिया को उम्मीद है कि रूस संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंधों के बीच उनकी बड़ी मदद कर सकता है। पुतिन ने उत्तर कोरिया से वादा किया है कि वह चीन और अमेरिका के साथ मिलकर परमाणु बातचीत को लेकर जारी गतिरोध को तोड़ने की पूरी कोशिश करेंगे। वैसे, किम जोंग उन और पुतिन की इस मुलाकात को लेकर यूक्रेन में जारी युद्ध के मद्देनजर रूस के संभावित हथियार सौदे को लेकर पश्चिमी देशों की चिंताएं बढ़ गयी हैं।

## विवेक अग्निहोत्री की फिल्म 'द वैक्सीन वॉर' 28 को बड़े पर्दे पर




दुनिया की पहली कोरोना वैक्सीन के निर्माण के पीछे की कहानी फिल्म 'द वैक्सीन वॉर' 28 सितंबर को बड़े पर्दे पर सामने आने वाली है। इस फिल्म का नया पोस्टर हाल ही में रिलीज हुआ था। तभी से दर्शक इसके ट्रेलर का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। फिल्म का ट्रेलर हाल ही में रिलीज हुआ है और इसे दर्शकों का अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। कुछ महीने पहले निर्देशक विवेक रंजन अग्निहोत्री ने अपनी आने वाली फिल्म 'द वैक्सीन वॉर' की घोषणा की थी, जिसके बाद से यह फिल्म चर्चा का विषय बनी हुई है। इस फिल्म को लेकर हर कोई काफी उत्सुक है। यह फिल्म इस महीने के अंत में सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। फिल्म के तीन मिनट के ट्रेलर में हमें भारतीय वैज्ञानिकों ने पहली कोविड वैक्सीन कैसे बनायी, इसके पीछे का संघर्ष, उन वैज्ञानिकों की निजी जिंदगी, उनकी यात्रा में आने वाली बाधाओं का दृढ़ संकल्प देखने को मिलेगा।

# देश में अगस्त में खुदरा महंगाई दर घटकर 6.83 फीसदी पर आयी

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** महंगाई के मोर्चे पर आम आदमी को थोड़ी राहत मिली है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआइ) पर आधारित खुदरा महंगाई दर अगस्त में घटकर 6.83 फीसदी पर आ गयी है। हालांकि, पिछले महीने जुलाई में खुदरा महंगाई दर बढ़कर 15 महीने के उच्चतम स्तर 7.44 फीसदी पर पहुंच गयी थी।

सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने मंगलवार को जारी आंकड़ों में बताया कि सीपीआइ आधारित खुदरा महंगाई दर अगस्त में घटकर 6.83 फीसदी रही है। इससे पिछले महीने जुलाई में यह 15 महीने के उच्चतम स्तर 7.44 फीसदी थी, जबकि जून 2023 में खुदरा महंगाई दर 4.81 फीसदी रही थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के मुताबिक देश में खाने-पीने की चीजों की कीमतों में थोड़ी नरमी और टमाटर के भाव सामान्य होने की वजह से खुदरा महंगाई दर में कमी आयी है। आंकड़ों के अनुसार ग्रामीण इलाकों में अगस्त महीने के दौरान खुदरा महंगाई 7.02 फीसदी की दर से बढ़ी है, जबकि शहरों इलाकों में यह दर 6.59 फीसदी रही है। आंकड़ों के मुताबिक अगस्त में खाद्य महंगाई दर घटकर 9.94 फीसदी पर आ गयी है, जो जुलाई में 11.51 फीसदी रही थी। सब्जियों की महंगाई दर 26.14 फीसदी पर आ गयी है, जो जुलाई में 37.34 फीसदी रही थी। उल्लेखनीय है कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआइ) ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए खुदरा महंगाई दर 5.4 फीसदी रहने का अनुमान जताया है।

### औद्योगिक उत्पादन जुलाई महीने में 5.7 फीसदी बढ़ा

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** औद्योगिक उत्पादन की रफ्तार में तेजी आयी है। देश का औद्योगिक उत्पादन जुलाई में 5.7 फीसदी बढ़ा है। इससे पिछले महीने यह 3.7 फीसदी की दर से बढ़ा था। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने यह जानकारी दी। एनएसओ की ओर से मंगलवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आइआइपी) पर आधारित औद्योगिक उत्पादन जुलाई महीने में 5.7 फीसदी बढ़ा है। पिछले साल की समान अवधि में 2.2 फीसदी की वृद्धि हुई थी। वहीं, इससे पिछले महीने यह 3.7 फीसदी की दर से बढ़ा था। आंकड़ों के मुताबिक विनिर्माण क्षेत्र का उत्पादन जुलाई महीने में 4.6 फीसदी बढ़ा है। वहीं, खनन क्षेत्र के उत्पादन में 10.7 फीसदी और बिजली क्षेत्र के उत्पादन में आठ फीसदी की वृद्धि हुई है। एनएसओ ने बताया कि चालू वित्त वर्ष 2023–24 के पहले चार महीने अप्रैल–जुलाई में औद्योगिक उत्पादन में 4.8 फीसदी की वृद्धि हुई है।


वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
VERMA PRESS
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !


# बीआरओ ने नौ सौ दिनों में तीन सौ परियोजनाएं की : रक्षा मंत्री

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को जम्मू के सांबा जिले में सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) की 90 परियोजनाओं का उद्घाटन करने के मौके पर कहा कि पिछले नौ सौ दिनों में बीआरओ ने तीन सौ परियोजनाएं देश को समर्पित की हैं। इसके लिए बीआरओ की जितनी भी प्रशंसा की जाये कम है। रक्षा मंत्री ने अरुणाचल प्रदेश में बालीपारा-चार द्वार-तवांग (बीसीटी) रोड पर 500 मीटर लंबी 'नेचिफू सुरंग' का भी वर्चुअल उद्घाटन किया। यह सभी परियोजनाएं देश के 8 सीमावर्ती राज्यों और 3 केंद्रशासित प्रदेशों में हैं। इसके साथ ही उन्होंने दुनिया का सबसे ऊंचा लड़ाकू हवाई क्षेत्र का निर्माण करने के लिए लद्दाख के न्योमा एयरबेस को अपग्रेड करने का भी उद्घाटन किया। रक्षा मंत्री ने कहा कि एक समय था, जब बीआरओ के किसी प्रोजेक्ट की शुरुआत करने में ही काफी लंबा समय लग जाता था। प्रोजेक्ट शुरू होने के बाद भी उसमें ऐसी कागजी अड़चनें आती थीं, जिसे खत्म होने में बहुत लंबा समय लग जाता था। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि अब तो मुझे आये दिन यह सुनने को मिल जाता है कि बीआरओ ने फलां जगह पर प्रोजेक्ट शुरू किया है, तो वही फलां जगह पर प्रोजेक्ट पूरा कर दिया है। उन्होंने कहा कि प्रोजेक्ट का इतनी तेजी से पूरा होना, आप सभी कर्मयोगियों की मेहनत, लगन और हमारी सरकार की प्रतिबद्धता का परिणाम है। रक्षा मंत्री ने कहा कि अनेक राज्यों में अलग-अलग दल सत्ता में हैं, लेकिन सीमावर्ती इलाकों में आधारभूत संरचनाओं के निर्माण में हम सब एक दूसरे का साथ देते हुए आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक समय ऐसा था कि विकास कार्यों को पर्यावरण के विरोधाभास के रूप में देखा जाता था। ऐसा माना जाता था कि यदि कोई विकास कार्य होगा, तो पर्यावरण की शर्त पर ही होगा।








# अरगोड़ा पूजा पंडाल में दिखेगी झारखंड की संस्कृति की झलक

## खबर मन्त्र का अभियान : पूजा का बने भव्य पंडाल और समस्याओं का हो समाधान





पंकज साहू, श्री दुर्गा पूजा एवं रावण दहन समिति, अरगोड़ा, रांची।



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी में इस बार दुर्गापूजा में श्रद्धालुओं को एक पूजा पंडाल में झारखंड की सभ्यता, संस्कृति की झलक दिखेगी। यह झलक लाइटिंग के माध्यम से पूजा पंडाल में दिखेगा। अरगोड़ा स्थित श्री दुर्गापूजा एवं रावण दहन समिति के अध्यक्ष पंकज साहू ने बताया कि पंडाल के साथ रावण दहन का कार्यक्रम रखा गया है।

**पूजा में 35 लाख का खर्च :** पूजा में आयोजकों द्वारा लगभग 35 लाख का पंडाल बनाया जा रहा है। कोलकाता के कारीगर पंडाल के निर्माण में दिन रात जुटे हुए हैं। इस पूजा पंडाल में मां दुर्गे की प्रतिमा की लंबाई 16 फीट, ऊंचाई 14 फीट रहेगी। देवी मंदिर में चढ़ाई जाती है बलि जहां पूजा हो रही है, उसके सामने देवी मंदिर है, जहां नवमी के दिन सैकड़ों बकरों की बलि दी जायेगी। यह प्रथा प्राचीन काल से चली आ रही है, जिसमें आदिवासी समुदाय के लोगों की सहभागिता रहती है।

**मुख्य अतिथि में सीएम रहेंगे मौजूद :** दसवीं के दिन अरगोड़ा में रावण दहन का कार्यक्रम होता है। मुख्य अतिथि के तौर पर सीएम हेमंत सोरेन रहेंगें। विशिष्ट अतिथि के रूप में हटिया विधायक नवीन जायसवाल मौजूद रहेंगे।

### पंडाल के सामने लगे ट्रांसफार्मर से हादसे को निमंत्रण

पंडाल के सामने एक ट्रांसफार्मर लगा हुआ है, जो पंडाल निर्माण और पूजा के दौरान हादसे को निमंत्रण देता है। कई बार इसे यहां से हटाने के लिए बिजली विभाग व सरकार को लिखा है। लेकिन, अबतक कोई सुनवाई नहीं हुई है। पंडाल में हादसा नहीं हो, इसके लिए खुला तार को प्लास्टिक से कवर करवा दे।

# जी-20 की सफलता और भारतीय कूटनीति

दिल्ली घोषणा ने भारत और मोदी दोनों की इज्जत आफजाई की है। उदाहरण के लिए अफ्रीकी यूनियन को स्थायी सदस्यता देने की भारत की पहल का मान रखा गया। सन 1999 में शुरूआत के बाद पहली बार इस समूह की सदस्य संख्या बढ़ाई गई है। यूनियन के प्रमुख को पदासीन करने का मोदी का आमंत्रण भारत की उस महत्त्वाकांक्षा के पूरा होने की ओर संकेत करता है जिसके तहत वह दुनिया के विकासशील देशों खासकर प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर अफ्रीका का नेतृत्व करना चाहता है। सम्मेलन में चीन की विस्तारवादी रणनीति को करारा जवाब देने के लिए प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने दूसरे मित्र राष्ट्रों के साथ मिलकर भारत-मध्य पूर्व यूरोप आर्थिक कॉरिडोर स्थापित करने की बड़ी घोषणा की है और यह योजना वैश्विक परिदृश्य को बदलने वाली मानी जा रही है। यह व्यापार का सबसे बड़ा कॉरिडोर होगा जिसमें रेल लाइनों, सड़कों और बंदरगाहों का नेटवर्क होगा साथ ही स्वच्छ ईंधन के निर्यात की व्यवस्था भी होगी। सुरक्षित संचार व्यवस्था के लिए समुद्री केबलों का नेटवर्क भी तैयार होगा। माना जा रहा हे कि आगामी दिनों में यह कॉरिडोर चीन की विस्तारवाद की रणनीति को ध्वस्त कर देगा।

**मृत्युंजय दीक्षित**

**दिल्ली** में जी-20 शिखर सम्मेलन का आयोजन जिस सफलता के साथ संपन्न हुआ है उसकी चर्चा पूरे विश्व में हो रही है। वैश्विक मीडिया जगत इसको भारत की बड़ी कूटनीतिक उपलब्धि बताते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार व उनके नेतृत्व की जमकर सराहना कर रहा है। नई दिल्ली जी-20 सम्मेलन में रूस के राष्ट्रपति पुतिन यूक्रेन संकट के कारण नहीं आ सके, अपना प्रतिनिधित्व करने के लिए उन्होंने रूस के विदेश मंत्री को नामित किया। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग नहीं आये किंतु उन्होंने अपने प्रधानमंत्री को सम्मेलन में भाग लेने के लिए भेजा। सम्मेलन प्रारम्भ होने के पूर्व रूस और चीन के राष्ट्रपति के न आने के कारण का एक बड़ा वर्ग निराशा व्यक्त कर रहा था और कह रहा था कि कहीं इस सम्मेलन में भी कुछ विषयों को लेकर आम सहमति न बन पाये किंतु प्रधानमंत्री मोदी के कुशल आशावादी नेतृत्व ने सभी निराशावादियों के कथन और विचार को धूल-धूसरित करते हुए अपनी कूटनीति का लोहा मनवा लिया।

सम्मेलन के समापन पर जी-20 और अधिक विस्तार लेकर जी-21 के रूप में सामने आया। इसमें अफ्रीकी संघ को स्थायी सदस्य के रूप में शामिल कर लिया गया। अध्यक्ष देश के प्रधानमंत्री के नाते नरेन्द्र मोदी ने इसकी घोषणा की। अफ्रीकी संघ के लिए ये भावुक कर देने वाला पल था। अफ्रीकी संघ में अफ्रीकी महाद्वीप के 55 देश सदस्य हैं और इनमें से कई देश बहुत गरीब हैं। अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों का मत है कि अंतरराष्टीय मंचों पर चीनी विस्तारवाद की कूटनीति को जवाब देने के लिए यह जोरदार पहल की गई है। चीन समय -समय पर अपनी विस्तारवाद की नीति के तहत गरीब अफ्रीकी देशों की आतंरिक राजनीति में ताक झांक करता रहता है। अब जी-20 समूह का सदस्य बन जाने के बाद अफ्रीकी संघ का संपूर्ण विश्व के साथ संपर्क जुड़ गया है। भारत के दृष्टिकोण से अफ्रीकी संघ अब हमारे परिवार का एक सदस्य बन गया है। सम्मेलन के प्रथम दिन ही जब मोरक्को से भीषण भूकंप का समाचार आया तब प्रधानमंत्री मोदी ने अध्यक्षता करते हुए मोरक्को के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।

जी-20 के नई दिल्ली घोषणापत्र को सर्व सम्मति से स्वीकार किया जाना भारतीय कूटनीति की बड़ी सफलता है। सभी 83 बिन्दुओं पर सहमति वाले इस घोषणापत्र में सभी धर्मों की प्रतिबद्धता को स्वीकार करते हुए आतंकवाद के सभी रूपों की कड़े शब्दों में निंदा की गई है । इसमें विदेशियों से नफरत, नस्लवाद और असहिष्णुता के अन्य रूपों के आधार पर या धर्म, विश्वास के नाम पर आतंकवाद शामिल है। इन्हें अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए सबसे गंभीर खतरों में से एक बताया गया है। घोषणापत्र के अनुसार एक समग्र दृष्टिकोण ही आतंकवाद का प्रभावी ढंग से मुकाबला कर सकता है। आतंकवादी समूहों को सुरक्षित पनाहगाह, संचालन की स्वतंत्रता, आवाजाही और भर्ती के साथ साथ वित्तीय, भौतिक या राजनीतिक मदद से वंचित करने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग की प्रभावशीलता बढ़ाने को मजबूत करने सहित छोटे और हल्के हथियारों की तस्करी के विषय में भी चिंता व्यक्त करते हुए इस सम्बंध में अंतरराष्ट्रीय सहयोग को महत्वपूर्ण बताया गया है। घोषणापत्र में इस बात पर भी सहमति बन गई है कि परमाणु हमला या धमकी अस्वीकार्य है। घोषणा पत्र में आतंकवाद शब्द का उल्लेख नौ बार किया गया है।

जी-20 के घोषणापत्र में मानवीय पीड़ा की अनुभूति और विश्व भावना झलक रही है। सर्वजन हिताय के रास्ते पर चलते हुए दुनिया भर के देशों से भुखमरी मिटाने का संकल्प तो लिया ही गया है साथ ही पोषण सुरक्षा प्राप्त करने की प्रतिबद्धता भी दोहराई गई है। इस दिशा में प्रयास करते हुए प्रधानमंत्री मोदी पहले ही वर्ष 2023 को श्री अन्न वर्ष घोषित करा चुके हैं । सम्मेलन में वैश्विक समुदाय के लिए ऐसा कोई विषय नहीं रहा जो छूट गया हो। शिक्षा के सहयोग, कृषि संबंधी व्यापार को सुविधाजनक बनाने स्वास्थ्य प्रणाली में लचीलापन लाने सहित महिलाओं पर जलवायु परिवर्तन के कारण पड़ रहे परिवर्तनों पर भी चिंता व्यक्त की गई है और प्रस्ताव पारित हुए हैं। सम्मेलन में आर्थिक विकास के भारतीय एजेंडे पर भी मुहर लग गई है जिसके कारण गरीब व विकासशील देशों के आर्थिक विकास का मार्ग भी प्रशस्त हो गया है। शिखर सम्मेलन में अंतरराष्ट्रीय टैक्स प्रणाली विकसित करने पर भी सहमति बन गई है। ह्लबायो फ्यूल अलाएंसह्व की घोषणा भी एक बड़ा कदम है।

सम्मेलन में चीन की विस्तारवादी रणनीति को करारा जवाब देने के लिए प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने दूसरे मित्र राष्ट्रों के साथ मिलकर भारत-मध्य पूर्व यूरोप आर्थिक कॉरिडोर स्थापित करने की बड़ी घोषणा की है और यह योजना वैश्विक परिदृश्य को बदलने वाली मानी जा रही है। यह व्यापार का सबसे बड़ा कॉरिडोर होगा जिसमें रेल लाइनों, सड़कों और बंदरगाहों का नेटवर्क होगा साथ ही स्वच्छ ईंधन के निर्यात की व्यवस्था भी होगी। सुरक्षित संचार व्यवस्था के लिए समुद्री केबलों का नेटवर्क भी तैयार होगा। माना जा रहा हे कि आगामी दिनों में यह कॉरिडोर चीन की विस्तारवाद की रणनीति को ध्वस्त कर देगा।

भारत की स्थिति सुदृढ़ हुई है ओर यह भी तय हो गया है कि आगामी समय में विश्व पटल पर भारतीय कूटनीति का बड़ा प्रभाव रहने वाला है। शिखर सम्मेलन की थीम वसुधैव कुटुम्बकम रखी गई और एक पृथ्वी, एक कुटुंब, एक भविष्य इसका आदर्श रहा। इसके माध्यम से भारत ने यही संदेश दिया है कि वह विश्व कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। शिखर सम्मेलन में भारत विश्व को अपनी सांस्कृतिक विरासत और विविधता से भी परिचित कराने में सफल रहा है। शिखर सम्मेलन की सफलता यह दर्शा रही है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत का महत्व लगातार बढ़ रहा है और विश्व भारत की अत्यंत प्राचीन संस्कृति को समझ रहा है। भारत का वसुधैव कुटुम्बकम अब एक पृथ्वी, एक कुटुंब, एक भविष्य के रूप में संपूर्ण विश्व का विचार बन रहा है। जो भी इन विचारों के अनुरूप व्यवहार नहीं करेगा वह अलग-थलग पड़ जायेगा ।आयोजन की सफलता से राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत तथा नरेन्द्र मोदी के धुर विरोधी भी भारत की नेतृत्व क्षमता के कायल हो गए हैं। प्रधानमंत्री भारतीय विचारों को बढ़ावा देने तथा और राष्ट्रीय हितों को आगे रखने में सफल रहे हैं। यही कारण है कि शिखर सम्मेलन की समाप्ति के सयम भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा और विश्व बैंक जैसे अंतरराष्ट्रीय मंचों के सुधार पर बल दिया है। जी-20 ने सिद्ध कर दिया है कि विश्व राजनीति अब भारत के महत्व को नकार नहीं सकती है। भारत ने अपनी मेधा, कौशल, परिश्रम, सर्व समावेशी मानवतावादी विचारधारा और कूटनीति से यह स्थान बनाया है। (लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

# नरेंद्र मोदी के वैश्विक नेता के कद को और मजबूती मिली

**एस जयशंकर**

**तमाम** बाधाओं के बावजूद दो दिवसीय जी20 शिखर बैठक के पहले दिन नेताओं की घोषणा में सहमति बन गई जिसमें मौजूदा भू-राजनीतिक परिदृश्य को लेकर स्पष्ट संकेत नजर आया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वैश्विक नेता के कद को और मजबूती मिली। निश्चित तौर पर यूक्रेन युद्ध पर बहुप्रतीक्षित वक्तव्य में बाली घोषणा के निंदा के स्वर यहां काफी हद तक शिथिल हो गए।

यह बदले हुए भू-राजनीतिक हालात का नतीजा है। बाली घोषणा में संयुक्त राष्ट्र के बहुसंख्यक मत की भाषा को दोहराते हुए ह्यरूस द्वारा यूक्रेन पर हमले की कड़ी आलोचनाह्व की गई थी और मांग की गई थी कि वह यूक्रेन से बिना शर्त और पूरी तरह बाहर निकल जाए। दिल्ली घोषणा में एक स्वतंत्र राज्य के विरुद्ध क्षेत्र के अधिग्रहणह्व में बल प्रयोग से परहेज करने को लेकर परोक्षा भाषा का प्रयोग किया गया।

हालांकि कौशलपूर्ण कूटनीतिक जीत के लिए भारत की सराहना की जानी चाहिए लेकिन इसका श्रेय जी7 को भी जाता है। अमेरिका के नेतृत्व में दुनिया के सात सबसे अमीर लोकतांत्रिक देश ?ऐसा राजनीतिक निर्णय लेते नजर आ रहे हैं जिससे शिखर बैठक की सफलता सुनिश्चित हो। इसके लिए उन्होंने यूक्रेन पर एक पुनराकलित समझौता वक्तव्य पर सहमति जताई। यह बात तो भारत के प्रति अमेरिका की पहल से ही स्पष्ट थी।



राजकीय यात्रा के महज कुछ महीने बाद द्विपक्षीय बैठक और सैन्य तथा आर्टिफिशल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में सहयोग को लेकर एक और संयुक्त वक्तव्य जारी करके अमेरिका ने इस बात के मजबूत संकेत दिए हैं कि प ?श्चिम भारत को लेकर अत्य ?धिक सकारात्मक है और मोदी भी उस लक्ष्य को हासिल करने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने को तैयार हैं। दिल्ली घोषणा में धार्मिक सहिष्णुता को लेकर एक असाधारण पैराग्राफ शामिल किया गया है जो शायद इस विषय पर जी7 की किसी भी तरह की शंकाओं को संतुलित करने के लिए डाला गया हो।

सवाल यह है कि यह घटनाक्रम चीन और उसके राष्ट्रपति शी चिनफिंग के लिए क्या संदेश लिए हुए है जो इस आयोजन में शामिल नहीं हुए। शी का इस आयोजन से दूर रहने का निर्णय अस्वाभाविक था क्योंकि इससे पहले वह जी20 के हर आयोजन में शामिल हुए हैं। मोदी की पहल पर अफ्रीकी यूनियन को शामिल किया जाना भी चीन को रास नहीं आया होगा क्योंकि वह लंबे समय से अफ्रीका को अपने वि ?शिष्ट प्रभाव वाला क्षेत्र मानता रहा है। इसके साथ ही दिल्ली घोषणा में विकासशील देशों को कर्ज राहत के मामले में साझा जिम्मेदारी के रूप में बहुमत की राय रखने में कामयाब रहा जबकि चीन का जोर इस बात पर रहा है कि बहुपक्षीय कर्जदाता भी कटौती करें।

(विदेश मंत्री भारत सरकार)

# दिल्ली डिक्लेरेशन सही मायने में वन अर्थ, वन फैमिली, वन फ्यूचर का संदेश



**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

देखा जाए तो भारत की अध्यक्षता में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन हर मायने में अपनी छाप छोड़ने में सफल रहा। भारत की मेजबानी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के समावेशी विजन का ही परिणाम रहा कि एक ओर जहां जी-20 का कुनबा बढ़ाने में भारत कामयाब रहा तो दूसरी और दिल्ली डिक्लेरेशन को एक मत से स्वीकार कराने की बड़ी सफलता कूटनीतिक स्तर पर भारत की बढ़ती सक्रिय हिस्सेदारी और सोच समझ को दशार्ती है। कोई माने या ना माने पर अब यह साफ होता जा रहा है कि भारत आज अपनी बात मनवाने व दुनिया के देशों के सामने लोहा मनवाने में सफल रहने लगा है। ज्यादा पुरानी बात नहीं है जब इंडोनेशिया के बाली में आयोजित जी-20 सम्मेलन में बने मसौदे पर दुनिया के देश एकमत नहीं हो पाये थे। रूस और चीन के प्रमुखों के नहीं आने और उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति के बावजूद भारत दिल्ली डिक्लेरेशन के सभी 83 बिन्दुओं को एक मत से पारित कराने में सफल रहा। यह सब तो तब है जब जी-20 के सभी देशों के पास बिन्दु विशेष पर वीटो करने के अधिकार हैं यह पहले के सम्मेलनों में देखा जा चुका है। सबसे बड़ी बात यह कि जी-20 के सेशन वन फैमिली के दौरान दिल्ली डिक्लेरेशन पर सर्वसम्मति की घोषणा से वन फैमिली का वास्तविक संदेश दुनिया के देश देने में सफल रहे हैं। सही मायने में यह दुनिया के देशों के वन फैमिली की दिशा में बढ़ता कदम है।

देखा जाए तो भारत के सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास और इसके साथ ही वन अर्थ, वन फैमिली, वन फ्यूचर का संदेश ही वसुधैव कुटुम्बकम को चरितार्थ करता है। इसे कालचक्र का ही फेर कहा जाएगा कि जिस कालचक्र के सामने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी-20 के दिग्गजों की अगवानी कर रहे थे। उस कालचक्र ने ही संदेश दे दिया कि भारत 2500 साल पहले भी दुनिया का नेतृत्व कर रहा था तो आज भी वह दुनिया के देशों से किसी भी मायने में कम कर नहीं रह गया है। यूं तो जी-20 का यह सम्मेलन कई मायनों में याद किया जाएगा तो लाख कमियां गिनाई भी जा सकती हैं पर इस सम्मेलन ने जो ऊंचाइयां छुई है उन्हें सालों याद रखा जाएगा। इस सम्मेलन की ही देन है कि अब जी-20 में 55 देशों के संघ अफ्रीकी यूनियन को स्थाई सदस्यता दिलाने में सफलता मिल गई है। यानी की जी-20 का कुनबा बढ़कर अब जी-21 हो गया है तो दूसरी और इसकी ताकत में भी बढ़ोतरी हुई है।

वैसे भी देखा जाए तो 1999 में जी-20 की स्थापना हुई तो आर्थिक सहभागिता एक प्रमुख ध्येय रहा। दुनिया के देशों की 85 फीसदी जीडीपी, 75 फसीदी वैश्विक व्यापार और दो तिहाई आबादी इस कुनबे की ताकत थी। अब अफ्रीकी यूनियन के शामिल होने से इसकी ताकत और पहुंच और अधिक बढ़ गई है। बारी-बारी से अध्यक्षीय जिम्मेदारी के बीच भारत की एक वर्ष की अध्यक्षीय अवधि जी-20 के इतिहास में इसलिए महत्वपूर्ण हो जाती है कि भारत द्वारा इस तरह की कार्ययोजना बनाई गई कि सभी अंतरराष्ट्रीय विषय पर चर्चा तय की गई तो दूसरी और गंभीर चिंतन मनन हुआ। इसके साथ ही भारत के कोने-कोने से सदस्य देशों को रूबरू होने का अवसर मिला वह अलग। यानी कि भारत के बारे में दुनिया के देशों के सामने समग्र तस्वीर रखी जा सकी। देश के 60 शहरों में जी 20 की बैठकें आयोजित हुईं। यहां तक कि कश्मीर में भी जी-20 की बैठक आयोजित कर एक संदेश देने का प्रयास किया गया। 200 घंटों की अथक मेहनत और करीब 300 बैठकों का परिणाम है दिल्ली डिक्लेरेशन। सबसे बड़ी बात कि भारत ने सबके भरोसे की बात की और सबका भरोसा जीतना ही इसकी सबसे बड़ी सफलता माना जा सकता है।

कोरोना ने दुनिया के देशों के सामने एक अलग तरह के हालात रखे तो सोच और समझ में भी बदलाव आया। हालांकि कोरोना त्रासदी के बाद भी रूस- यूक्रेन युद्ध, वैश्विक आर्थिक संकट, आतंकवाद के नित-नए रूप, भ्रष्टाचार, जलवायु परिवर्तन के कारण गर्मी बढ़ने, अनियमित मानसून, तूफान और अनचाही बाढ़ जैसे हालात, समुद्री सतह का बढ़ना, करेंसी को लेकर संकट जैसे अनेक संकट तेजी से उभरे हैं। दिल्ली डिक्लेरेशन में इन सभी मुद्दों और चुनौतियों के प्रति गंभीरता दिखाई गई। यहां तक कि सबसे अधिक मतभेद की संभावना रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर होने के बावजूद डिक्लेरेशन में युद्ध का विरोध, दुनिया के देशों की संप्रभुता की रक्षा और यूक्रेन का चार बार जिक्र करने के साथ ही रूस का जिक्र न करके इशारों-इशारों में ही बहुत कुछ कहने में सफलता मिली। इसी तरह से चीन को भी संदेश देने का प्रयास किया गया । नया कारिडोर बनाने और फ्यूल संकट को लेकर ग्लोबल बायो फ्यूल की वैश्विक समझ बनाना किसी सफलता से कमतर नहीं है। जलवायु परिवर्तन, आर्थिक विकास, डिजिटल इकॉनोमी, विकासशील देशों को आर्थिक सहायता जैसे मुद्दों के साथ ही युद्ध और स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएं, महंगाई और आतंकवाद, कार्बन उत्सर्जन सहित चुनौतियों का मिलकर हल खोजने का सार्थक प्रयास माना जा सकता है। सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस का सम्मेलन में आना और एक दिन अधिक रुकना पाकिस्तान के लिए किसी तेज झटके से कम नहीं है।

इन सबसे इतर यह कि जी-20 सम्मेलन भारतीय कला, शिल्प, सभ्यता और संस्कृति, गौरवशाली इतिहास से रूबरू कराने में भी सफल रहा । भारत नाम को लेकर पक्ष-विपक्ष में मतभेद हो सकते हैं पर भारतीय संस्कृति की झलक दिखाने में यह सम्मेलन सफल रहा है। सबसे खास कि इस सम्मेलन में शाकाहारी भोजन परोसा गया तो दूसरी और मोटे अनाज को भी व्यंजनों में शामिल किया गया। सबसे खास और बड़ी बात यह कि भारत ने वन अर्थ, वन फैमिली, वन फ्यूचर की बात केवल कागजी नहीं कर उसे दुनिया के देशों के सामने प्रभावी तरीके से पूरी प्रतिबद्धता के साथ रखा है। सबका साथ, सबका विकास, सबका भरोसा संदेश दिल्ली डिक्लेरेशन सहित बिन्दुओं पर आम सहमति बनाने में सफलता प्राप्त कर भरोसे को कायम किया है। दुनिया के देश अब भारत की ओर आशा भरी नजरों से देखने लगे हैं। आने वाला समय भारत का होगा इसमें अब किसी तरह का संदेह नहीं होना चाहिए।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

# मैक्रों की भारत और राहुल की फ्रांस यात्रा

**डॉ. दिलीप अग्निहोत्री**




जी-20 शिखर सम्मलेन में दुनिया के दिग्गज नेता सहभागी हुए। सभी ने एक स्वर में भारत के विचार प्रस्ताव और सत्कार को विलक्षण बताया। इन विदेशी मेहमानों को ऐसा उदार चिंतन पहले किसी अन्य सम्मेलन में देखने को नहीं मिला था। यह संयोग था कि इसी समय राहुल गांधी विदेश यात्रा पर थे। इसके पहले नरेन्द्र मोदी की अमेरिका यात्रा के पहले भी राहुल गांधी ने संयोग बनाया था। मोदी की यात्रा से ठीक पहले वह अमेरिका गए थे। उनकी प्रत्येक विदेश यात्रा में भारत की प्रतिष्ठा के अनुरूप कोई बयान नहीं होता। हर बार, हर जगह एक जैसे बयान। इस बार भी उन्होंने फ्रांस में वही दोहराया। कहा कि भारत में लोकतंत्र, संविधान पर हमला हो रहा है, आवाज को दबाया जाता है, मुसलमानों दलितों को निशाना बनाया जा रहा है, केरोसिन छिड़क दिया गया है...आदि।

इतना ही नहीं राहुल ने मणिपुर पर आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में भी विचार व्यक्त किए। उसका भी लब्बोलुआब वही जो वह लोकसभा में बोल चुके थे। लेकिन जब प्रधानमंत्री मोदी जवाब दे रहे थे तो राहुल अपने समर्थकों के साथ बहिर्गमन कर गए थे, क्योंकि मोदी उनको आईना दिखा रहे थे। वस्तुतः राहुल गांधी भारत और नरेन्द्र मोदी के विरोध का अन्तर समझने में असमर्थ हैं। इसलिए विदेशों में उनके बयान भारत की छवि के प्रतिकूल हो जाते हैं। एक तरफ राहुल अपने उसी अंदाज में बयान दे रहे थे, दूसरी तरह जी-20 सम्मेलन में भारत की जय-जयकार हो रही थी। सभी विदेशी नेता मोदी के मुरीद बन गए थे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जब आपदा में अवसर का विचार दिया, तब आत्मनिर्भर भारत अभियान का शुभारंभ हो गया। भारत ने कोरोना की दो वैक्सीन सबसे पहले बना कर विकसित देशों को भी चौंका दिया। पहले विकसित देश वैक्सीन बनाते थे। दशको बाद वह भारत को नसीब होती थी। भारत का पिछला चन्द्रयान अभियान विफल हुआ था। नरेन्द्र मोदी इसरो के वैज्ञानिकों से मिलने पहुंचे। उन्होंने विफलता में अवसर का विचार दिया। वैज्ञानिकों ने कमियों को दूर किया। इसके बाद चन्द्रयान अभियान सफल हुआ। इसी प्रकार नरेन्द्र मोदी ने जी-20 की अध्यक्षता को अवसर में बदल दिया। भारतीय विचार और संस्कार की दुनिया में गूंज हुई। वसुधैव कुटुम्बकम जी-20 का ध्येय वाक्य बन गया। ब्राजील को अध्यक्षता की कमान सौंपी गई।

नरेन्द्र मोदी ने घोषणा पत्र से लेकर जितने भी प्रस्ताव किए, उन सभी को सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया। यह अध्यक्षता में अवसर का बेमिसाल प्रमाण है। राहुल गांधी ने पेरिस में छात्रों और शिक्षाविदों को संबोधित किया। राहुल ने कहा कि मैंने गीता पढ़ी है, कई उपनिषद पढ़े हैं, मैंने कई हिंदू धर्म से जुड़ी किताबें पढ़ी हैं, भाजपा जो करती है उसमें हिंदू धर्म जैसा कुछ भी नहीं है। विपक्षी दलों का गठबंधन भारत के लोकतांत्रिक ढांचों को बचाने के लिए लड़ रहा है। विपक्ष भारत की आत्मा के लिए लड़ने को लेकर प्रतिबद्ध है। देश मौजूदा उथल-पुथल से सकुशल बाहर आ जाएगा। निचली जातियों, अन्य पिछड़ी जातियों, आदिवासियों और अल्पसंख्यक समुदायों की अभिव्यक्ति और भागीदारी को रोका जा है। प्रधानमंत्री यह फैसला कर लें कि भारत में कोई अहंकारपूर्ण आचरण या कोई हिंसा नहीं करेगा, तो यह रुक जाएगा। राहुल ने ब्रसेल्स में यूरोपीय संसद के कुछ सदस्यों के साथ बंद कमरे में बैठक भी की।

दूसरी ओर जी-20 के सभी देश नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की सराहना कर रहे हैं। भारत के साथ साझेदारी बढ़ाने के समझौते कर रहे हैं। जब राहुल गांधी फ्रांस में भारत की छवि के प्रतिकूल बयान दे रहे थे, उसी समय फ्रांस के राष्ट्रपति नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और भारत की प्रगति की प्रशंसा कर रहे थे। जी-20 समिट से इतर फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। मैक्रों ने बताया कि फ्रांस भारत के साथ रक्षा सहयोग को और विकसित करेगा। भारत ने विभाजित माहौल के बाद भी जी-20 केअध्यक्ष के रूप में बेहतर प्रदर्शन किया है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर पीएम मोदी के साथ फोटो शेयर करते हुए वसुधैव कुटुम्बकम् लिखा। कहा कि जी-20 शिखर सम्मेलन ने एकता का संदेश दिया।

दोनों नेताओं ने इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में उन्नत रक्षा प्रौद्योगिकियों और प्लेटफार्म के डिजाइन, विकास और निर्माण में साझेदारी के जरिये भारत-फ्रांस रक्षा संबंधों को मजबूत करने की प्रतिबद्धता जताई। एक संयुक्त बयान में कहा गया कि दोनों नेताओं ने रक्षा संबंधी औद्योगिक रूपरेखा को शीघ्र अंतिम रूप देने का भी आह्वान किया। डिजिटल, विज्ञान, तकनीकी नवाचार, शिक्षा,संस्कृति,स्वास्थ्य और पर्यावरण सहयोग बढ़ाया जाएगा। हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए इंडो-फ्रेंच कैंपस के मॉडल पर इन क्षेत्रों में संस्थागत संबंधों को मजबूत किया जाएगा।

# 'वसुधैव कुटुम्बकम का हमारा मूल मंत्र देश में भी लागू हो

**'वसुधैव कुटुम्बकम** से लेकर महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने, जलवायु परिवर्तन सम्बन्धी चिंताओं से लेकर ग्लोबल साऊथ पर काम करने के निश्चयों के साथ भागीदार हुए देशों के राष्ट्राध्यक्ष लौट तो गये हैं परन्तु कुछ सवाल भी लेकर गये हैं।

इनमें सम्भवतः सबसे प्रमुख यही होगा कि विश्व का नेतृत्व करने का आकांक्षी भारत क्या इन अच्छी-अच्छी बातों का स्वयं अपने देश में अमल कर रहा है। बेशक, सारे मुद्दों का संबंध देश की आंतरिक नीति व प्रणाली से नहीं है लेकिन एक अच्छे समाज के जो अनिवार्य गुण हैं क्या उन्हें पाने का प्रयास यह महादेश कर रहा है? दिल पर हाथ रखकर अगर जवाब टटोला जाये तो शायद वहां बहुत बड़ा 'ना' ही मिलेगा। खासकर, भारत को कई तरीकों से और अनेक अवसरों पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 'लोकतंत्र की जननी' कहा जाना कितना विश्वसनीय रह गया है, यह भी इस मौके पर देखा जाना चाहिये।

'वसुधैव कुटुम्बकम पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का काफी जोर रहता है पर उसका अमलीकरण पहले देश के भीतर तो हो। भारतीय जनता पार्टी के शासन काल में जहां एक ओर वर्णवाद बढ़ा है वहीं साम्प्रदायिकता में भी बेतहाशा इजाफा हुआ है। अगड़े-पिछड़ों का झगड़ा जो मोदी राज में देखा गया है वह कम से कम आजाद भारत में तो कभी भी नहीं देखा गया था। बेशक, भारतीय समाज में वर्ण व्यवस्था के कारण बड़ा विभाजन पहले से है जहां कथित ऊंची-निचली जातियों के बीच टकराव होते रहे हैं लेकिन सरकारों ने कभी उसे बढ़ावा नहीं दिया व उन्हें खत्म करती आई हैं। विश्व देख रहा है कि भारत की सरकार में सत्तारुढ़ पार्टी इन्हें बढ़ावा देती है तथा संरक्षित भी करती है।

बहुत शोर-शराबा किये बगैर भारत की इसलिये वैश्विक स्वीकार्यता थी क्योंकि उसका केन्द्रीय भाव मानवीय संवेदना थी।पिछले कुछ समय से देश को 'मदर ऑफ डेमोक्रेसी' साबित करने पर आमादा पीएम शायद इस बात को नहीं जानते कि दुनिया का सबसे बड़े बड़ा लोकतंत्र धीरे-धीरे दम तोड़ रहा है। समतामूलक एवं न्यायपूर्ण समाज क्षरित हो गया है। बन्धुत्व और धर्मनिरपेक्षता लापता हो गई है। आर्थिक, सामाजिक तथा राजनैतिक तीनों ही स्तरों पर गैर बराबरी चरम पर है; और इसके लिये जिम्मेदार सरकार ही है। इसके पीछे वह विचारधारा है जो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा प्रवर्तित एवं संपोषित है। सुनियोजित तरीके से अमीरी-गरीबी की खाई को बढ़ाया गया है। समाज बदहाल है और विभाजित भी। राजनैतिक वर्चस्व के लिये वे सारे हथकण्डे अपनाये जाते हैं जो वास्तविक मायनों में जनतंत्र में भरोसा रखने वाली कोई सरकार नहीं अपना सकती।

जिस वसुधैव कुटुम्बकम के सिद्धांत का बारंबार उल्लेख होता आया है, यदि उसके अमल की अपने देश में ही मंशा नहीं है तो यही माना जायेगा कि यह बेहद खचीर्ली कवायद सिर्फ इसलिये की गई है कि इससे ब्रांड मोदी को और दमकाया जाये ताकि उसका उपयोग केन्द्र सरकार की आगामी चुनावों में कर सके।

ऐसा नहीं कि भारत में पहले कोई बड़ा अंतरराष्ट्रीय आयोजन न हुआ हो। इंदिरा गांधी के प्रधानमंत्री रहने के दौरान हुए गुट निरपेक्ष देशों के सम्मेलन में भारत का कूटनयिक दबदबा बुलंदियों पर था। आपस में टकराते दो देश भी उसके एक जैसे कायल थे। अपनी आंतरिक कमजोरियों के बावजूद भारत की ताकत अंतरराष्ट्रीय मंचों पर बड़े रूप में पहचानी जाती थी। मौजूदा वैदेशिक नीति केवल बड़े देशों से हथियारों व कबाड़ बनती टेक्नालॉजी की खरीदी, मेहमानों को झप्पी से गले लगना, उन्हें सोने-चांदी के बर्तनों में खाना खिलाने तक रह गई है। भारत की बातों को दुनिया नतमस्तक होकर सुने, इसके लिये जरूरी है कि वह बड़े देशों का पिछलग्गू न बने।

# मजदूरों के सुरक्षित पलायन पर कार्यशाला आयोजित

## बंधुआ मजदूर, बाल मजदूर, महिला हिंसा, सुरक्षित पलायन, मजदूरों के निबंधन पर चर्चा

**मेदिनीनगर।** स्वयसेवी संस्था जन साहस पलामू के द्वारा जिले के स्थानीय संस्था, सिविल सोसाइटी/अन्य एनजीओके साथ प्रवासी मजदूरों के सुरक्षित पलायन पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन चियांकी स्थित साधना सदन भवन रांची रोड में किया गया। प्रशिक्षण में मुख्य रूप से एमआरसीकार्यक्रम का प्रस्तुतिकरण/ वर्कर प्रोटेक्शन एवं सुरक्षित पलायन से संबंधित कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। प्रशिक्षण में मानव तस्करी, बंधुआ मजदूर, बाल मजदूर, महिला हिंसा, सुरक्षित पलायन, मजदूरों का निबंधन आदि समस्याओं पर विस्तार से चर्चा किया गया। प्रशिक्षण में कहा गया कि प्रवासी मजदूर पलायन करने से पूर्व अपना पंजीयन पंचायत, जिला समाधान पोर्टल अथवा जन साहस में सुनिश्चित करें। किसी तरह की समस्या होने पर जन साहस मजदूर हेल्प लाइन और महिला हेल्प लाइन से संपर्क कर या कॉल कर अपना शिकायत दर्ज करा सकते हैं। जन साहस का राज्य समन्वयक स्वेता गुड़िया ने जन साहस का विजन एवं मिशन पर विस्तार से जानकारी दिया गया। जिला समन्वयक जहूर अंसारी के द्वारा एमआरसी कार्यक्रम का संक्षिप्त रिपोर्ट प्रस्तुत किया गया। कार्यशाला में 24 स्थानीय संस्था के द्वारा बाल मजदूर, स्पॉन्सरशिप बच्चो की शिक्षा, स्वास्थ्य, कामगार मजदूरों एवं प्रवासी श्रमिको के लिए सुरक्षित पलायन, रोजगार तथा महिला एवं बाल हिंसा की रोकथाम समेत कई बिंदुओं पर प्रशासन के साथ मिलकर कार्य करने की जानकारी दी गई। मौके पर वीएसके के जवाहर मेहता, सहभागी शिक्षण केंद्र कृष्णा, फिया फाउंडेशन के धर्मपाल मिंज, नेफ्रो से बनारसी सिंह, मेदनी सोसाइटी से सुबास चंद्र बोस, कौशल विकास के समन्वयक सहित अन्य प्रतिभागियों ने भी अपना अपना अनुभव शेयर किया। कार्यक्रम में जान साहस टीम के जेएसएफ सुप्रिया तिर्की, एफओ जितेन्द्र उराँव, अनिल कुमार विश्वकर्मा, आरसीएफ आरती टोप्पो एवं स्थानीय संस्था सहित 60 प्रतिभागियों ने कार्यशाला में भाग लिया।




## श्रीकृष्ण के छठियारी उत्सव का आयोजन

**रामगढ़।** राधा कृष्ण कॉलोनी स्थित आनद साईं दरबार में भगवान श्रीकृष्ण के छठियारी उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इस मौके पर पुजारी राजेश पांडे द्वारा विधि पूर्वक यजमान झारखंड विकास समाज के अध्यक्ष नंदू गुप्ता सपत्निक के हाथो पूजा अर्चना संपन्न करवायी गई। इसके उपरांत श्रद्धालुओं के बीच महा भोग प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया तथा भगवान श्री कृष्ण को झूला झुलाया। कार्यक्रम में अध्यक्ष अमित सिन्हा, अजीत जायसवाल,सुबोध सिन्हा, आनंद प्रताप सिंह, संतोष सिंह, गोलू, सनी सिंहा, सलमान सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

## नमो फुटबॉल टूनामेंट को लेकर बैठक

**बड़कागांव।** विधायक मनीष जायसवाल के नेतृत्व में आयोजित नमो फुटबॉल टूनामेंट 2023 को लेकर नामांकित टीम के कप्तानों के साथ बड़कागांव पश्चिम पंचायत भवन सभागार में मुखिया रंजीत कुमार की अध्यक्षता में की गई । जिसका संचालन समिति सचिव विजय यादव ने किया। बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा करते हुए फुटबॉल मैच के आयोजन को अंतिम रूप दिया गया। साथ ही साथ कोर कमेटी के द्वारा बड़कागांव प्लस टू विद्यालय फुटबॉल मैदान का जायजा लिया गया । वही क्षेत्र के तमाम बुद्धिजीवियों खेल प्रेमियों को आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया जिसके लिए रणनीति तैयार की गई और भव्य आयोजन को अंतिम रूप दिया गया।

## ब्रिजट के योगदानों को हमेशा याद रखेगा विद्यालय परिवार : विजयंत

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बिरसा चौक भुरकुंडा स्थित ए ला एंगलाइज विद्यालय में शिक्षिका ब्रिजट एक्का के सेवानिवृत्त पर सोमवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन के सचिव डॉ. गजाधर महतो प्रभाकर, प्राचार्य विजयंत कुमार, विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं सहित विद्यार्थी मौजूद थे। समारोह में शिक्षिका ब्रिजट एक्का को अंगवस्त्र व उपहार देकर विद्यालय परिवार द्वारा भावभीनी विदाई दी गई। मौके पर शिक्षिका गीता प्रसाद ने बताया कि ब्रिजट एक्का विद्यालय के उत्थान में सहयोग करते हुए विद्यालय के साथ खड़ी रही और बच्चों को पढ़ाने का जुनून हमेशा से उनके दिल में बसा रहा। आज हम लोगों के बीच से एक फूल कम हो रहा है। लेकिन इसकी महक कभी कम नहीं होगी। प्राचार्य विजयंत कुमार ने कहा कि विद्यालय उनके अतुलनीय सहयोग और शैक्षणिक सेवा के लिए आभार प्रकट करता है। उन्होंने बताया कि ब्रिजट द्वारा पढ़ाये गए हजारों बच्चे आज अपने जीवन को नई दिशा दे रहे हैं। प्राचार्य श्री कुमार ने कहा कि विद्यालय परिवार इनके योगदानो को हमेशा याद रखेगा। सचिव डॉ. गजाधर महतो प्रभाकर ने कहा कि आज का दिन बहुत दुखद है कि आज हम एक अपना अनुभवी और कर्मठ शिक्षिका को विदाई दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में उनके द्वारा किए गए योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। मंच संचालन गीता प्रसाद ने किया। मौके पर समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं व विद्यार्थी मौजूद थें।

## प्रखंड स्तरीय खेलो में दिखा खिलाड़ियों का दमखम

**मेदिनीनगर।** सी.एम.एक्सीलेंस जिला स्कूल मैदान में मेदिनीनगर प्रखंड स्तरीय खेलो झारखंड का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन बीस सूत्री अध्यक्ष तेजु साव, बी.पी.ओ नीरज सिन्हा, प्राचार्य रोहित तिवारी,बी.आर.पी. सत्येन्द्र पाठक व पलामू ओलंपिक एसोसिएशन के सचिव संजय कुमार त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से किया। संचालन रजवाडीह मध्य विद्यालय के शिक्षक परशुराम तिवारी ने किया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में मेदिनीनगर प्रखंड के खिलाड़ियों ने पूरा दमखम दिखाया। खिलाड़ियों के बेहतर प्रदर्शन पर लोगों ने हौसला आफजाई किया। विभिन्न खेलों के बालक-बालिका वर्ग में खो-खो, कबड्डी,100मीटर, 200 मी., 400मी, 600मीटर, 800मी. व 1500मी., 3000मीटर, 5000 मीटर तथा ऊंची कूद, लंबी कूद, जेवेलिन थ्रो, शाटपुट व डिस्कस थ्रो का आयोजन किया गया। अंतिम सत्र में सदर बी.डी.ओ अमिताभ भगत एवं क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी,सदर हरेन्द्र तिवारी ने विजेताओं को ट्राफी एवं मेडल देकर पुरस्कृत किया और अग्रेतर सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं।

## झारखंड के खिलाड़ी देश-विदेश में नाम रोशन कर रहे हैं : प्रमुख



**मनातू पलामू।** प्रखंड स्तरीय खेलो झारखंड के तहत आज कस्तूरबा बालिका उच्च विद्यालय के प्रांगण में खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उदघाटन प्रमुख गीता देवी , मनातू जिला परिषद प्रदीप कुमार चावला, विधायक प्रतिनिधि उद्देश्य यादव ,उप प्रमुख ,प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी परमेश्वर साहू ,भाजपा मंडल अध्यक्ष सत्येंद्र यादव ने किया। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि मनातू प्रमुख गीता देवी ने कहा कि खेल खुद को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार प्रयासरत है । ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन कर आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि झारखंड के खिलाड़ी देश विदेश में अपना नाम रौशन कर रहे हैं। इस खेल प्रतियोगिता में प्रखंड के अलग-अलग विद्यालयों के छात्र-छात्राएं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मौके पर प्रखंड के सभी प्रधानाध्यापक , शिक्षक बीपीएम सोभया कुमारी, माधुरी कुमारी, संजीव कुमार, कुंदन कुमार, एमडीएम के ऑपरेटर अमित कुमार सिंह समेत कई लोग शामिल थे।

## आयुष्मान कार्ड बनाने को ले डीसी ने की बैठक

▸▸ सभी राशन कार्ड धारियों के आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता




**मेदिनीनगर।** जिले के योग्य लाभुकों का आयुष्मान कार्ड बनाने को लेकर उपायुक्त शशि रंजन ने मंगलवार को संबंधित अधिकारियों संग बैठक की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से जिले में सभी छुटे हुए योग्य लाभुकों का आयुष्मान कार्ड कैसे बनाया जाये इस पर कार्य योजना बनाया। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारी को इस कार्य में सक्रियता से काम करने हेतु निर्देशित किया। इस कार्य हेतु उपायुक्त श्री रंजन ने ट्रेनी आईएएस रवि कुमार को नोडल पदाधिकारी के रूप में नियुक्त किया। उपायुक्त ने बैठक में डीएसओ को राशन डीलर वार कार्डधारियों की सूची हेल्थ विभाग को सौंपने के निर्देश दिये । साथ ही यह सूची बीडीओ व संबंधित प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी को भी देने की भी बात कही। इसी तरह सभी पंचायत के कार्डधारी को चिन्हित करते हुए सभी का आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिये। जिले में कार्ड बनाने में तेजी लाने हेतु डीसी ने छः सदस्यीय टीम भी गठित किया जो मिशन मोड में कार्ड बनाने को लेकर कार्य करेगी। इसके साथ ही जिले की सभी सहियाओं को प्रखण्डवार प्रशिक्षण देने की भी बात कही। उन्होंने सभी को टीम वर्क के साथ सभी योग्य लाभुकों का आयुष्मान कार्ड बनाने पर बल दिया। उपायुक्त ने ब्लॉक सप्लाई ऑफिसर, प्रज्ञा केंद्र व अन्य सभी को आपस में बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए शत-प्रतिशत लाभुकों का कार्ड बनाने की बात कही। एनआईसी के साभार में उपायुक्त के अलावा उप विकास आयुक्त, सहायक समाहर्ता, डीएसओ, सिविल सर्जन, डीआईओ, डीपीएम हेल्थ व आयुष्मान भारत के डिस्ट्रिक्ट को-ऑर्डिनटोर मौजूद थे। वहीं वर्चुअल मोड से सभी बीडीओ व प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी जुड़े रहे।

## संकल्प यात्रा की सफलता को ले भाजयुमो नेता ने जनसंपर्क किया



**हरिहरगंज पलामू।** आगामी 14 सितंबर को हुसैनाबाद कपूर्री मैदान में आयोजित भारतीय जनता पार्टी की संकल्प यात्रा को सफल बनाने के लिए भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन ने मंगलवार को विभिन्न क्षेत्रों में जनसंपर्क किया। इस दौरान अररुआ, सतगांवा, डेमा, सियरभुका गांव में जाकर संकल्प यात्रा को सफल बनाने का आह्वान करते हुए हजारों की संख्या में कपूर्री मैदान में पहुंचने की अपील की। उन्होंने कहा कि झारखंड में चल रहे भ्रष्टाचारी सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प लेने का समय आ गया है।मौके पर विकास पासवान, शंकर चौधरी, विनोद पासवान, हरिशंकर सिंह, शंभू सिंह, शंभू यादव, दिनेश स्वर्णकार, विजय प्रजापति, राजेश रंजन मिश्रा, गोपाल प्रसाद, पप्पू चौधरी, चंदन पासवान, अनुज कुमार, उदय विश्वकर्मा सोनू कुमार, दिनेश पासवान, अजीत कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे

## जगनारायण पांडेय ने चंडीगढ़ जा कर दिलीप सिंह नामधारी को दी जन्म दिन की बधाई



**मेदिनीनगर।** समाजसेवी जगनारायण पांडेय चंडीगढ़ पहुंचकर अस्वस्थ्य चल रहे युवा नेता दिलीप सिंह नामधारी के जन्म दिन पर पुष्प गुच्छ भेंटकर शुभकामनाएं दिया और उनके स्वास्थ्य लाभ की कामना की। उन्होंने श्री नामधारी का हालचाल लिया। श्री नामधारी ने कहा कि विगत दो महीने के बाद अस्पताल से छुट्टी मिली है। अब काफी हद तक स्वास्थ्य ठीक है। इसके बावजूद भी अभी सुबह शाम चिकित्सकों की निगरानी में रहना पड़ रहा है। मैं भगवान की कृपा एवं अपने शुभचिंतकों के आशीर्वाद से स्वस्थ्य हो चुके हैं। बहुत जल्द की डालटनगंज पहुंचकर अपने लोगों के बीच रहूंगा। उन्होंने लोगों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि आपलोगों की दुआएं मेरे लिए दवा बनकर काम किया।

## गर्ल्स चाइल्ड ट्रैफिकिंग विषय पर विलेज कार्यक्रम का आयोजन



**बोकारो ।** पेटरवार प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय पोरदाग में सहयोगिनी संस्था द्वारा गर्ल्स चाइल्ड ट्रैफिकिंग की रोकथाम कों लेकर सुरक्षित गांव कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित बालक बालिका एवं शिक्षको को बाल तस्करी के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गईं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सहयोगिनी के समन्वयक रवि कुमार राय ने बताया कि बाल तस्करी एक गंभीज मुद्दा है जिसको रोकने के लिए संस्था द्वारा बोकारो जिला के विभिन्न स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इस दौरान संस्था कि मंजू देवी ने बताया कि बाल विवाह कानूनन अपराध है। बाल विवाह के कारण लड़कियों का बौद्धिक विकास नहीं हो पाता है। विद्यालय के शिक्षक रंजीत कुमार ने कहा बाल विवाह को रोकने हेतु ग्रामीण स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम चलाने की जरूरत है। इस दौरान गांव में विभिन्न स्टेट होल्डर को बाल तस्करी बाल यौन हिंसा तथा घरेलू हिंसा के बारे में जानकारी भी दी गई। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से मो सोयब रजा विजय लक्ष्मी सुभाष कुमार चौहान अमित कुमार सिंह पंकज रजवार उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन सहयोगिनी के प्रवीण कुमार ने किया।

# प्रबंधन संग वार्ता के बाद मंदिर के शिवलिंग विसर्जन का कार्य शुरू

**3 माह से बंद कारो खदान से आज से होगा कोयला उत्पादन**



**बेरमो।** बीते तीन महीनों से कारो गांव के वाशिंदों और सीसीएल बी एंड के प्रबंधन के बीच विस्थापन को लेकर चला आ रहा विवाद मंगलवार को समाप्त हो गया। ग्रामिणों की ओर से प्रबंधन के अधिकारियों को 22 सूत्री मांग पत्र सौंपा जिसे प्रबंधन ने स्वीकार करते उस पर सहमति जताई। इसके बाद शिव मंदिर के विसर्जन हेतु पूजापाठ प्रारंभ कर दिया गया। करगली गैट के घुटियाटांड सैलरी पाउंड के आरएनआर साईड विस्थापन एवं पुनर्वास में प्लॉट आवंटन कर प्रमाण पत्र के साथ दिया जाये। इसके बाद कारो बस्ती के मकान को ध्वस्त किया जाये। आउटसोर्सिंग कंपनी में 75 प्रतिशत रोजगार, अलग से लोडिंग प्वाइंट सेल से जुडे सभी लाभ दिया जाये। अधिग्रहण के पहले से रह रहे लोगो को 5 डिसमिल जमीन आवंटित किया जाये। शिक्षा व स्वास्थ्य की व्यवस्था सीसीएल कर्मी को जिस प्रकार मिलता है दिया जाए। अजय गंझू को नौकरी में दो माह के अंदर फिर से बहाल किया जाय। ग्रामीणों को जो प्रबंधन द्वारा केश मुकदमा किया गया है वह वापस ले एवं सारा खर्चा दिया जाये। स्लरी पौंड को विकसत कर मकानो को तोडा जाए सहित 22 मांग पत्र शामिल है। बताते चले की पिछले 17 जून से कारो से कोयला उत्पादन ठप है। अब मंदिर शिफ्ट होने से 6 माह तक कोयला उत्पादन और ओबी निस्तारण का काम चलता रहेगा। चालू वित्तीय वर्ष में परियोजना का उत्पादन कोयला उत्पादन लक्ष्य 30 लाख टन तक निर्धारित है। जीएम एमके राव ने कहा कि खदान विस्तार से हजारों लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा। मौके पर प्रभारी सीओ मधु कुमारी, मजिस्ट्रेट डॉ अजय कुमार व सत्येंद्र नारायण पासवान, सीआई जमील अख्तर सहित पीओ सत्येंद्र कुमार, एसओ पीएडपी एसके झा, एरिया सेल ऑफिसर मनोज कुमार सिंह, एरिया सेफ्टी ऑफिसर कुमार सौरभ सिंह, एसओसी सतीश कुमार, मैनेजर जीएन सिंह, डिस्पैच आफिसर बीसी शुक्ला, कांटा इंचार्ज शंकर झा, इंजीनियर अनुपम कुमार, दीपक वर्मा सहित ग्रामीणों में संजय भोक्ता, अशोक महतो, रंजीत महतो, चंद्रदेव महतो, संजय गंजू, अजय गंजू, मेघनाथ सिंह, जीवू विश्वकर्मा, परशुराम सिंह, राजू सिंह, सोहनलाल मांझी, श्रमिक नेता विकास सिंह व अशोक अग्रवाल आदि मुख्य उपस्थित थे।

## राजकुमार राम प्रदेश उपाध्यक्ष बने

खबर मन्त्र संवाददाता

▸▸ बोकारो थर्मल निवासी राजकुमार राम को मोर्चा का झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष चुना गया है

**बेरमो।** हजारीबाग के निमंत्रण पैलेस हाल में आयोजित झारखंड राज्य अनुसूचित जाति अधिकार मोर्चा का एक दिवसीय सम्मेलन हुआ। जिसमें में बोकारो थर्मल निवासी राजकुमार राम को मोर्चा का झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष चुना गया है। जिनका स्वागत फूलों का माला पहना कर अनुसूचित जाति अधिकार मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने किया एवं इनके नेतृत्व में अनुसूचित जाति का पूर्ण विकास व उद्धार होने की उम्मीद जताई। वहीं नवचयनित प्रदेश उपाध्यक्ष बोकारो थर्मल निवासी राजकुमार राम ने लोगों सहित संगठन के वरीय नेताओं का आभार प्रगट करते हुवे कहा की जो जिम्मेवारी मुझे दी गई है। उसे मैं ईमानदारीपूर्वक निभाऊंगा एवं अपने कर्तव्य का निर्वहन करूंगा। मोर्चा के द्वारा दलितों के हक व अधिकार की जो संघर्ष का अभियान चलाए जा रहे हैं उसे और आगे बढ़ने की बात कही। कहा कि हजारीबाग के संत कोलंबो कॉलेज के निकट निमंत्रण पैलेस हॉल में रविवार को झारखंड राज्य अनुसूचित जाति अधिकार मोर्चा का एक दिवसीय सम्मेलन हुआ था, जिसमें मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष माननीय राजेश रामए प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश कुमार पासवान, मोर्चा के संरक्षक जय राम, सेवानिवृत डीएसपी जगदीश राम सहित मुख्य अतिथि भारत सरकार के पूर्व वित्त मंत्री एवं विदेश मंत्री यशवंत सिन्हा उपस्थिति थे।

## प्रखंड स्तरीय खेलो झारखंड खेलकूद प्रतियोगिता की हुई शुरूआत

खबर मन्त्र संवाददाता


दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता का शुभारंभ करते अतिथि।

**बरवाडीह।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के द्वारा प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी स्कूली बच्चों के लिए प्रखंड स्तर पर खेलो झारखंड 2023-24 खेलकूद प्रतियोगिता की दो दिवसीय शुरूआत मंगलवार को रेलवे स्पोर्ट्स क्लब में की गई। जिसका विधिवत उद्घाटन जिला परिषद की सदस्य संतोषी शेखर, प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय, उप प्रमुख वीरेंद्र जायसवाल, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी नागेंद्र प्रसाद और सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद समेत अन्य लोगों के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर और दीप प्रज्वलित करके किया गया। खेलकूद प्रतियोगिता की शुरूआत बालक और बालिका वर्ग के 200 मीटर दौड़ से की गई। जिसमें प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में पढ़ने वाले सीनियर वर्ग के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में विभिन्न दूरी की दौड़ के अलावा ऊंची कूद, लंबी कूद, भाला फेंक, चक्का फेंक, लांग जंप, हाई जंप, कबड्डी, खो खो समेत कुल दो दर्जन से अधिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें पूरे प्रखंड क्षेत्र के संचालित सभी सरकारी विद्यालय से चयनित छात्र-छात्राएं हिस्सा ले रहे हैं। जिसका समापन समारोह आज बुधवार की देर शाम रेलवे क्लब में होगा। इस दौरान मौके पर अशफाक अहमद मुन्ना, काजमी अनवर, नंनदेव राम, कन्हाई राम, विश्वनाथ राम, श्याम मनोहर यादव, रामनाथ राम, दिनेश मेहरा, सत्येंद्र कुमार, अजीत सहाय, नीलम कुमारी, सुनीता टोप्पो, भाजपा नेता सुनील कुमार सिंह, विकास कुमार सिंह और राजू कुमार समेत काफी संख्या में स्कूली शिक्षक और खिलाड़ी मौजूद थे।

## डीवीसी कर्मियों ने मजदूर संघ की सदस्यता ली



**बोकारो।** डीवीसी चंद्रपुर ताप विद्युत केंद्र में पदस्थापित आधा दर्जन से अधिक डीवीसी कर्मियों ने डीवीसी मजदूर संघ की सदस्यता ग्रहण की। डीवीसी गेस्ट हाउस के कॉन्फ्रेंस हाल में आयोजित डीवीसी मजदूर संघ की बैठक में नए सदस्यों को डीवीसी मजदूर संघ में सम्मिलित किया गया। बैठक में मजदूर संघ के महामंत्री तपन कुमार दास चंदपुरा यूनिट के अध्यक्ष अखिलेश सिंह सचिव सत्यनारायण सिंह रविभुषण मिश्रा उपस्थित थे । मंच का संचालन रणविजय तिवारी ने किया। नये सदस्यो में जीएस राय अनिमेष गिरीं तपन माहतो संजय सेन जितेन्द्र तिवारी श्रीकृष्ण प्रसाद आनंद कुमार दिलीप परमानिक आदि को डीवीसी मजदूर संघ में सम्मिलित किये गए। मजदूर संघ के अधिकारियों ने उन्हें हार्दिक बधाई दी है।

## विहारों ने मंझगावां जयनगर को हराया



**बरही।** प्रखंड के भंडारों पंचायत अंतर्गत आजाद मोहल्ला के आजाद क्लब के सौजन्य से फुटबॉल टूनामेंट का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 25 टीमों ने भाग लिया। उद्घाटन मैच का फाइनल मुकाबला विहारो जयनगर व मंझगावां जयनगर के बीच खेला गया। बतौर मुख्य अतिथि बरही पश्चिमी जिला परिषद् सदस्य प्रतिनिधि सह सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, पूर्व जिला परिषद् सदस्य प्रतिनिधि मो कयूम, स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि सकलदेव यादव, सामाजिक कार्यकर्ता पप्पू खान, भाजपा मंडल अध्यक्ष बंधन यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं कीक मारकर इसकी शुरूआत की गयी। यह मैच बहुत ही रोमांचक रहा। प्लेंटी शूटआउट में विहारों जयनगर ने फाइनल मुकाबला मैच में जीत दर्ज किया। प्रथम पुरस्कार ड्रेसिंग टेबल एवं कप देकर विहारों जयनगर को सम्मानित किया गया। वहीं सेकंड रनर रहे मंझगावां जयनगर टीम को साइकिल और कप देकर सम्मानित किया गया। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए जीप प्रतिनिधि सह सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव ने कहा कि खेल से भी जीवन संवारा जा सकता है। पैसा व यश दोनों कमाया जा सकता है। वहीं पूर्व जीप प्रतिनिधि मो क्यूम ने कहा कि खेल से हमेशा सीखने का अवसर प्राप्त होता है। जिन लोगों में खेल की भावना समाहित हो, वह कभी भी समाज विरोधी गतिविधि में शामिल नहीं हो सकता। खेल से सामाजिक भावनाओं को बल मिलता है। उनमें भाईचारगी की भावना प्रबल होती है। फुटबॉल टूनामेंट में रेफरी की भूमिका मो तासीर, अलाउंसर शौकत अली, राजू यादव, पॉल जज सरफराज अंसारी, कबीर अंसारी उपस्थित रहे। मौके पर मो ताहिर, विक्रम जी, अनिल कुमार यादव, रवि यादव, मो ताजुद्दीन, सफदर अंसारी, साजिद अंसारी, शौकत अंसारी, मिन्हाज सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# अमानत नदी पर पुल निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने किया बैठक





**नीलांबर पितांबरपुर पलामू।** प्रखंड के सांगबार में अमानत नदी पर पुल निर्माण को लेकर मंगलवार को सांगबार अमानत नदी के तट पर दर्जनों गांव के लोग शामिल हुए। जिसमें अधिकतर महिलाएं थी। बैठक की अध्यक्षता जबिता देवी ने की। बैठक में अमानत नदी पर पुल निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने विस्तार से चर्चा करते हुए अमानत नदी पर पुल नहीं होने की वजह से आ रही समस्याओं को रखा। जिला परिषद सदस्य व पंचायत के मुखिया को ध्यान आकृष्ट कराते हुए पुल निर्माण को लेकर पंचायत स्तर पर हस्ताक्षर करते हुए आवेदन तैयार किया गया जो कि उपायुक्त पलामू एवं स्थानीय विधायक डॉ० कुशवाहा शशि भूषण मेहता को पुल के बारे में स्थिति से अवगत कराया जाएगा। बैठक में शामिल पंचायत के मुखिया गीता देवी ने बताया कि नदी उस पार रहने वाले लोग बरसात के दिन में एक टापू की तरह मुख्य सड़क से कट जाते हैं जिससे वजह से सांगबार स्कूल में पढ़ने आने वाले बच्चों को काफी कठिनाइया के सामना करना पड़ता है । बरसात के दिनों में चार माह विद्यालय आने से वंचित हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि यह पुल बन जाने से दो प्रखंड का मुख्य पथ जुड़ जाएगा जिससे लगभग 20 गांव के लोगों को आने-जाने में काफी सहुलीयत होगी। बैठक में मुख्य रूप से नीलांबर पीतांबर पुर पश्चिमी जिला परिषद सदस्य आशा देवी बताया कि हम अपने जिला परिषद की बोर्ड के बैठक में इस पुल के बारे में मजबूती के साथ प्रस्ताव रखूंगी उसके साथ-साथ उपायुक्त पलामू से भी मिलकर पुल निर्माण के बारे में अवगत कराऊंगी।अमानत नदी पर सांगबार घाट पर पुल निर्माण हो जाने से पाटन प्रखंड व नीलांबर पितांबरपुर प्रखंड के दर्जनों गांव के लाभ मिलेगा तथा आवागमन काफी सुर्लभ हो पाएगा। बैठक में मुख्य रूप से भगवान शर्मा ,भरदुल सिंह, सरजू राम, सविता देवी ,रूबी देवी, प्रमिला देवी, सोनी देवी, सुनीता देवी, कुंती देवी ,नीलम देवी, सरोज देवी, अनीता देवी, सुरेंद्र राम, कुलदीप राम शैलेंद्र कुमार सिंह अमित कुमार सिंह ,वीरेंद्र राम, कृष्णा राम ,मनोज सिंह, जगत राम, बेबी देवी ,रूपा देवी, प्रियंका देवी, पुष्पा देवी ,निर्मला देवी ,चंदा देवी, चांदनी देवी, सहित सैकड़ो महिला पुरुष शामिल थे।

स्पीड न्यूज

## लाभुकों का पैसा हड़पने बिचौलिया को दो साल की सजा

**दुमका।** प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी विजय कुमार यादव की अदालत ने सोमवार को इंदिरा आवास के चार लाभुक से 1.10 लाख रुपया लेकर काम पूरा नहीं करने वाले मसलिया के बिचौलिया रूपधन हेम्ब्रम को दोषी करार दिया। अदालत ने नौ साल के बाद अभियुक्त को दो साल कारावास और पांच लाख रुपया जुमार्ना अदा करने की सजा सुनाई। सरकार की ओर से अपर लोक अभियोजक खुशबूददीन अली ने छह गवाह का बयान दर्ज कराया। 14 अगस्त 14 को मसलिया के बीडीओ के निर्देश पर पंचायत सचिव राजीव कुमार ने पुलिस को दिए आवेदन में कहा कि टोंगरा के हुंजा गांव का रूपधन बिचौलिया है। उसने आपराधिक साजिश के तहत इंदिरा आवास के लाभुक बाबूधन हेम्ब्रम से मकान को पूरा कराने के नाम पर 35 हजार, रूपलाल हेम्ब्रम से 20 हजार, पेरडो हेम्ब्रम से 35 और गुपीन किस्कू से 20 हजार रुपया ले लिया। रुपया लेने के बाद भी चारों लाभुक का आवास पूरा नहीं कराया। काफी दबाव के बाद भी पैसा वापस नहीं किया। पुलिस ने अमानत में ख्यानत का मामला दर्ज किया। अदालत ने छह गवाह के बयान और सबूत के आधार पर रूपधन को दोषी पाकर सजा सुनाई।

## एसकेएमयू के एलएलबी सेमेस्टर - 2 और 5 की परीक्षा परिणाम हुई प्रकाशित

**दुमका।** सिदो-कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय का एलएलबी सेमेस्टर - 2 परीक्षा 2020, सत्र 2019-22 एवं एलएलबी सेमेस्टर - 5 परीक्षा 2020, सत्र 2018-21 का परीक्षाफल मंगलवार को घोषित हुआ। इसकी जानकारी विश्वविद्यालय पदाधिकारी दीपक कुमार दास ने दी। उन्होंने बताया कि एलएलबी सेमेस्टर - 2 के कुल 104 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। जिसमें 69 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। इस प्रकार उत्तीर्णता का प्रतिशत 66.35 रहा। एलएलबी सेमेस्टर - 5 के कुल 78 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। जिसमें 74 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। इस प्रकार उत्तीर्णता का प्रतिशत 94.87 है। यहाँ बताते चले कि एलएलबी सेमेस्टर - 2 में लगभग 30 छात्र-छात्राओं का परिणाम परीक्षा विभाग द्वारा रजिस्ट्रेशन में त्रुटि रहने के कारण पेंडिंग रहा। इस सम्बंध में परीक्षा नियंत्रक डॉ राजीव रंजन सिन्हा ने कहा रजिस्ट्रेशन संबंधित त्रुटि दूर होते ही रिजल्ट प्रकशित कर दिया जाएगा। रिजल्ट को बुधवार विश्विद्यालय के आधिकारिक वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

## बिहार में बढ़ रही डेंगू के मरीजों की संख्या

**पटना।** बिहार में उमस भरी गर्मी और बीच-बीच में हल्की बारिश के बीच डेंगू पांव फैलाता जा रहा है। दो दिनों में डेंगू मरीजों की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। राजधानी पटना में डेंगू मरीजों की संख्या 308 तक पहुंच गयी है जबकि भागलपुर जिले में डेंगू से अब हुई दो मौतों के बीच मरीजों की संख्या 168 पहुंच चुकी है। पटना के जिलाधिकारी डॉक्टर चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि डेंगू मरीजों के लिए पटना के सभी सरकारी अस्पतालों में दवा, ब्लड प्लेटलेट्स आदि की पर्याप्त व्यवस्था है। सरकारी अस्पतालों में भर्ती मरीजों के लिए सरकारी ब्लड सेंटरों में प्लेटलेट्स नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। निजी अस्पतालों के मरीज यदि सरकारी ब्लड बैंक से प्लेटलेट्स या ब्लड लेते है तो उनसे प्रोसेसिंग शुल्क लिया जाएगा।

## लूट की योजना बनाते दो बदमाश गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण।** पिपरा थाना क्षेत्र के चिंतामनपुर मंगलवारी बाजार के समीप लूट के प्रयास में पुलिस ने दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। जिसमे पिपरा थाना क्षेत्र का कुंदन कुमार व राजन कुमार शामिल है। एसपी कांतेश कुमार मिश्र ने मंगलवार को बताया है कि उक्त दोनों एक व्यवसाई की लूट करने के फिराक में थे,तभी थाने की गश्ती टीम ने दोनो का पीछा कर दोनो बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। जिसके पास से 01 देशी कट्टा,01जिंदा कारतूस व बिना नम्बर की बाइक जब्त की है।

# गंगा जमुनी तहजीब की रक्षा के लिए राजद को करे मजबूत : डा. अनवर



**पूर्वी चंपारण (हि.स.)।** जिला राष्ट्रीय जनता दल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन मंगलवार नगर भवन में किया गया।जिसकी अध्यक्षता राजद अल्पसंख्यक सेल के जिला अध्यक्ष शाहिद अख्तर साहब ने किया,जबकि मंच संचालन लालबाबू खान ने किया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद राजद अल्पसंख्यक सेल के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक डॉ अनवर आलम ने कार्यक्रम को संबोधित करते कहा कि चंपारण का नाम हिंदुस्तान के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में लिखा जाता है,ऐसे में यहां के राजद कार्यकर्ता गंगा जमुनी तहजीब की रक्षा के लिए संगठन को धारदार और मजबूत बनाये और 2024 के चुनाव में मिलकर गरीब,किसान और दलित शोषित विरोधी भाजपा सरकार को हटाये।राजद पार्टी हमेशा अल्पसंख्यकों की हमेशा हिमायती रही है।अंबानी और अदानी जैसे पूँजीपतियो की गोद बैठी यह सरकार संविधान को खत्म करना चाहती है। इस अवसर पर बिहार के कानून मंत्री डॉ शमीम अहमद ने कहा कि अल्पसंख्यको व सामाजिक न्याय के पुरोधा लालू यादव को सीबीआई व ईडी के माध्यम से प्रताड़ित किया जा रहा है 2019 लोकसभा में 34 परसेंट वोट बीजेपी को मिली जबकि विरोध में 76% पड़ा देश में भाजपा की बी टीम घूम रही है जिससे हमे सावधान रहना है।वही राजद जिला अध्यक्ष विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि हम लोग को आपसी प्रेम भाईचारा बनाकर रखे और राम मनोहर लोहिया,कपूर्री ठाकुर एवं जयप्रकाश नारायण के बताए रास्ते पर चलते हुए देश से नफरत की राजनीति को समाप्त करे। उन्होने मोतिहारी के भाजपा सांसद कोई काम नहीं करने का आरोप लगाते कहा कि भाजपा सबसे झूठा पार्टी है।मौके पर पूर्व विधायक अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष राजेंद्र राम, पूर्व विधायक डॉ राजेश कुशवाहा मेयर प्रीति कुमारी,मदरसा बोर्ड के सदस्य रियाजुल अंसारी,राजद नेता रामबाबू यादव, सुरेश सहनी बच्चा यादव मीडिया प्रभारी जावेद अहमद, असरार आलम साहब हातिम खान बदरुल हक मोइन अख्तर नूर आलम खान मोहम्मद रियाजउल्लाह जफर रशीदी मुमताज अहमद, पप्पू सोनी ,मुमताज कादरी, सद्दाम हुसैन एजाज अहमद, मुनीलाल यादव, इनामुल हक सहित अन्य राजद नेता उपस्थित थे।

## मोदी का न कोई विकल्प न कोई मुकाबला करने लायक : सुशील मोदी

**पटना।** राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी ने मंगलवार को बयान जारी कर कहा कि जी-20 के सफल नेतृत्व और 30 करोड़ लोगों की गरीबी दूर करते हुए तेज विकास के साथ भारत को विश्व की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का न कोई विकल्प है, न विपक्ष में कोई उनसे मुकाबला करने लायक है। मोदी ने कहा कि नीतीश कुमार एक तरफ कहते हैं कि पीएम बनने की उनकी कोई इच्छा नहीं और दूसरी तरफ अपनी दावेदारी के पक्ष में समर्थकों से नारे लगवाते हैं। उन्होंने कहा कि यदि नीतीश कुमार दागदार नहीं हैं तो उनकी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह पीएम-पद के लिए उनका बायोडाटा क्यों जारी कर रहे हैं? कई बार सांसद-मंत्री-मुख्यमंत्री रहने वाले ईमानदार-सक्षम लोग तो बहुत हैं लेकिन भारत को प्रभावी नेतृत्व और कड़े फैसले लेकर उसे लागू करने वाली स्थायी सरकार देना सबके बूते की बात नहीं। देश फिर से चंद्रशेखर, देवगौड़ा, गुजराल जैसे प्रधानमंत्री नहीं चाहता। नीतीश की पार्टी विपक्षी गठबंधन में द्रमुक के बाद चौथे नंबर पर है और पीएम पद के लिए उनसे पहले तीन बड़े दावेदार हैं।

# बस व टेलर की चपेट में आने से तीन बाइक सवार की मौत



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** जिले के जामा थाना क्षेत्र के कमार दुधानी लकड़जोरिया बायपास मार्ग पर आमझर पॉवर सबस्टेशन के पास मंगलवार को तीखे मोड़ के समीप चांदनी यात्री बस के चपेट में आने से दो बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गये। स्थानीय ग्रामीणों और पुलिस की मदद से दोनों को फुलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया। जहां डॉक्टरों ने शिवकुमार सोरेन (20) एवं राजेश हेम्ब्रम (22 को मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार दोनों बाइक सवार दुमका की तरफ से जामा थाना क्षेत्र के भूटोकोड़िया एवं लेदापेसा गांव स्थित अपने घर जा रहे थे। इसी दौरान आमझार गांव के तीखा मोड़ के पास धनबाद से आ रही चांदनी बस के चपेट में आ जाने से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये। गंभीर अवस्था मे फुलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। दूसरी घटना सोमवार की देर शाम दुमका भागलपुर मार्ग के लकड़दीवानी गांव के पास घटी। जिसमें एक ट्रक टेलर के चपेट में आने से बाइक सवार 20 वर्षीय अरबिंद हेम्ब्रम की मौत अस्पताल ले जाने के क्रम में हो गयी। मृतक युवक घर में खाना खाने के बाद बाइक से कहीं निकला था। इसी दौरान टेलर के चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गयी। स्थानीय ग्रामीणों ने रात में ही दुमका भागलपुर मार्ग को डेढ़ घंटे जाम कर दिया। पुलिस के समझाने बुझाने पर जाम हटाया गया। पुलिस शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दी है। ज्ञात हो कि चार पांच दिनों के अंदर जामा थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में 6 युवक की मौत हो गयी है। सभी युवकों की उम्र 25 वर्ष से कम बतायी जा रही है। चार दिन पूर्व थाना क्षेत्र के बलमडीह गांव के पास ट्रेक्टर पलटने से तीन मजदूरों की मौत इंजन के नीचे दब जाने से हो गयी थी। थाना प्रभारी उत्तम कुमार पासवान ने बताया कि चांदनी बस को दुमका में जब्त कर लिया गया है।

## डीआईजी ने विधि व्यवस्था को लेकर पुलिस पदाधिकारियों को दिए निर्देश




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** पुलिस अधीक्षक पीतांबर सिंह खेरवार ने जिले के सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक, पुलिस निरीक्षक एवं सभी थाना प्रभारियों के साथ मंगलवार को अपराध समीक्षा की बैठक किये। बैठक में संथाल परगना क्षेत्र, दुमका पुलिस उप-महानिरीक्षक सुदर्शन प्रसाद मंडल शामिल हुए। डीआईजी ने सभी थाना प्रभारी को संगठित अपराध की रोकथाम के लिए क्या-क्या कार्रवाई की जानी चाहिए, विधि व्यवस्था की समस्या से निपटने के टिप्स एवं कई कानूनी जानकारियां दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारी को लंबे समय से लंबित चले आ रहे हैं कांडों को त्वरित गति से निष्पादन करने का लक्ष्य निर्धारित कर निर्देशित किए। पुलिस अधीक्षक ने विधि व्यवस्था संबंधित विषयों पर समीक्षा कर सभी पुलिस पदाधिकारी को दिए विशेष दिशा निर्देश दिए। वाहन चोरी की घटना को रोकने के लिए गस्ती पार्टियों को लगातार गस्ती करने का निर्देश दिए। महिला सुरक्षा से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिए एवं सभी थाना प्रभारियों को अपने क्षेत्र के स्कूल एवं कॉलेजों में सेमिनार आयोजित कर पोक्सो एक्ट, साइबर अपराध की रोकथाम से संबंधित जागरूकता अभियान चलाने के लिए निर्देशित किया।

## कौशल प्रशिक्षण के उपरांत स्पेशल ड्राइव कैंप का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के तत्वावधान में झारखण्ड कौशल विकास मिशन सोसाईटी के अंतर्गत कौशल विभाग, गोड्डा द्वारा कौशल प्रशिक्षण के उपरांत अप्रेंटिस में निबंधन के लिए स्पेशल ड्राइव कैम्प का आयोजन आज दिनांक 12/ 09/2023 को आईटीआई, सुंदरपहाड़ी परिसर में सुश्री पदमा कुमारी, जिला नियोजन पदाधिकारी, गोड्डा एवं सलीम अंसारी, प्राचार्य आईटीआई सुंदरपहाड़ी की उपस्थिति में किया गया। कौशल विकास विभाग से श्री श्रवण कुमार, महात्मा गाँधी राष्ट्रीय फेलो, गोड्डा द्वारा मुख्यमंत्री सारथी योजना अंतर्गत विभिन्न ट्रेडों दिए जा रहे लघु अवधि के कौशल प्रशिक्षण एवं आईटीआई में दी जा रहे दीर्घ अवधि कौशल प्रशिक्षण के महत्व के बारे में बताया गया.वही जिला नियोजन पदाधिकारी द्वारा अप्रेंटिस एक्ट, नियोजनालय में निबंधन, रोजगार मेला, भर्ती कैम्प की जानकारी दी गई साथ ही, आईटीआई और कौशल प्रशिक्षित अभ्यर्थियों को नियोजनालय और अप्रेंटिस पोर्टल पर निबंधन करके रोजगार के अवसर की जानकारी प्रदान की गई।

स्पेशल ड्राइव कैम्प कुल लगभग 104 आईटीआई और कौशल प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षणार्थियों द्वारा भाग लिया गया. मौके पर एरोसोफ्ट एवं एक्सेल डाटा सर्विस से कौशल प्रशिक्षण पूर्ण किये कुल 12 अभ्यर्थियों को जिला नियोजन पदाधिकारी, गोड्डा एवं आईटीआई प्रिंसिपल, सुंदरपहाड़ी द्वारा संयुक्त रूप से नियुक्ति पत्र वितरण किया गया एवं उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी गयी।

## विधानसभा की प्रश्न एवं ध्यानाकर्षण समिति ने अधिकारियों के साथ की बैठक



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** आज झारखंड विधानसभा की प्रश्न एवं ध्यानाकर्षण समिति विधायक, गोड्डा अमित मंडल, कांके विधायक समरी लाल तथा खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने सदर अस्पताल, गोड्डा के सभागार में बैठक कर स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारियों को दिया आवश्यक दिशा- निर्देश। विधायक अमित मंडल ने बैठक के दौरान कहा कि विशेषज्ञ डॉक्टरों की सूची तैयार एवं इमरजेंसी डॉक्टर की सूची प्रतिदिन डिस्प्ले बोर्ड पर प्रकाशित करने का निर्देश दिया एवं अस्पताल में आए रोगियों के परिवार वालों के साथ अस्पताल के कर्मियों को अच्छा व्यवहार करने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि अस्पताल आए हर एक पीड़ित परिवार पहले ही से ही काफी परेशान रहते हैं, उन्हें अस्पताल में एक अच्छा माहौल देने के लिए अस्पताल के कर्मियों को अच्छा व्यवहार अवश्य करना चाहिए। विधायक, खिजरी राजेश कच्छप ने सिविल सर्जन, गोड्डा से सदर अस्पताल में पदस्थापित चिकित्सकों की संख्या/नर्सों की संख्या की जानकारी ली एवं रिक्त पदों को जल से जल्द भरने का निर्देश दिया। आगे,विधायक श्री राजेश कच्छप ने सीएस को अस्पताल में जीवन रक्षक दवाइयां सुनिश्चित कराने का निर्देश देते हुए कहा की किसी भी हाल में अस्पताल में इलाज कराने आए मरीजों को किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो वही विधायक, कांके समरी लाल ने निर्देश दिया कि अस्पताल की सफाई नियमित रूप से होनी चाहिए और आमलोगों को समुचित स्वास्थ्य सेवाएं मिलनी चाहिए, ताकि सदर अस्पताल की एक अच्छी छवि बने । इस दौरान बैठक में उप विकास आयुक्त सह अपर समाहर्ता, गोड्डा श्रीमती स्मिता टोप्पो, सिविल सर्जन गोड्डा, डॉ अनंत कुमार झा एवं स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मी गण मौजूद थे।

# गोड्डा विधायक अमित मंडल ने अस्पताल का निरीक्षण किया



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** आज गोड्डा विधायक अमित मंडल ने सदर अस्पताल गोड्डा का किया निरीक्षण । गोड्डा के विधायक गोड्डा में रहते हुए प्रोग्राम बनाकर अस्पताल का निरीक्षण करने पहुंचे ।सूचना तंत्र काफी मजबूत होती है अस्पताल को पहले ही खबर मिल जाती है सभी को पता रहता है आज विधायक ,मंत्री ,अधिकारी का निरीक्षण होने वाला है अमुक तारीख को इतने बजे , और अस्पताल प्रबंधक से लेकर हर कर्मचारी तक अलर्ट मोड में रहते हैं अतिथि आयेंगे विधायक, सांसद, अधिकारी जी जल्दी आये निरीक्षण कर जाएं । कोई शिकायत का मौका उस वक्त न मिले । उसके बाद फिर अपनी मनमर्जी और अपनी कार्यशैली है। एक मुद्दा अवश्य गोड्डा विधायक ने अपने वक्तव्य में सामने लाई जो अस्पताल में वर्तमान सिविल सर्जन के आने पर कंस्ट्रक्शन ही कंस्ट्रक्शन दिख रहे हैं । महिला प्रसूति के चिकित्सकों की कमी की वजह से लगातार शिकायतें आती हैं, पुरुष चिकित्सक ही कई बार महिला चिकित्सकों का इलाज करते हुए दिखाई देते हैं । पुराने चिकित्सक स्थानांतरण के वाबजूद भी गोड्डा छोड़कर नहीं जाते । इनकी शिकायतों का तो प्रश्न ही नहीं उठता क्योंकि दिन भर प्रेस मीडिया इनकी आंखों के सामने ही आंखों के तारे बने घूमते हैं भ्रष्टाचार का खुला अखाड़ा अस्पताल में नजर आता है । कई विभाग ऐसे हैं बहाने बना कर गरीब मरीजों को निजी अस्पताल पहुंचाने का कार्य करते हैं जिनमे दलाल की भूमिका होती है और कमीशन का आदान प्रदान होता है । साफ सफाई रहती है इसमें कोई दो राय नहीं । परिसर में गार्ड की तैनाती होते हुए भी मोटर साइकिल की चोरी होती है और गार्ड एक जगह बैठ कर टाइम पास करता है उसकी कोई जिम्मेदारी तय नहीं होती है । सबकुछ चल रहा है इस अस्पताल के अंदर जो भ्रष्टाचार को बढ़ावा देता हो । कोई शराब पीकर रात में हंगामा करता है कोई दिन ने रंगदार बनकर । सीएस को मीटिंग और कार्यक्रम से फुर्सत नही होती और कुछ अपनी ड्यूटी में तल्लीन कोई अपने निजी क्लीनिक में व्यस्त ।स्थानीय प्रतिनिधि का निरीक्षण विधान सभा और विधान परिषद में प्रश्न काल में उठाए गए प्रश्न के बगैर भी निरीक्षण का दायित्व बनता है ।ड्यूटी के बदले अगर सिर्फ अस्पताल में खानापूर्ति हो तो ये अरबों खरबों रुपए सरकार के दरिया में डालने जैसा होता है । प्रबंधन और कर्तव्य की मेहनत की जुगलबंदी के साथ प्रशासनिक सहायता और निगरानी से ही जनसेवा केंद्र या संस्थान की कार्यशैली से ही उच्चस्तरीय परिणाम मिलते हैं ।अन्यथा सभी अपनी इज्जत बचाकर निकलने में ही अपनी भलाई समझते हैं । अस्पताल में रात्रि सुरक्षा एक प्रश्न है जिसका निदान होना भी आवश्यक है ।

एक नजर में

## एसकेएमयू के रजिस्ट्रार डॉ संजय सिन्हा का दो माह और हुआ सेवा विस्तार

**दुमका।** सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय के वर्तमान रजिस्ट्रार डॉ. संजय कुमार सिन्हा को राजभवन से दो माह का सेवा विस्तार हुआ। इसकी जानकारी विश्वविद्यालय प्रवक्ता दीपक कुमार दास ने दी। उन्होंने बताया कि रजिस्ट्रार डॉ. संजय कुमार सिन्हा को राजभवन से दो माह का सेवाविस्तार दिया गया है। इस बाबत राजभवन ने एक चिट्ठी विश्वविद्यालय को भेजा है। चिट्ठी के आलोक में विश्वविद्यालय ने 12 सितम्बर को अधिसूचना जारी कर दिया है। प्राप्त आदेश के अनुसार विश्वविद्यालय के वर्तमान रजिस्ट्रार डॉ. संजय कुमार सिन्हा को 7 सितम्बर से दो माह के लिए सेवाविस्तार दिया गया है। बताते चले डॉ. सिन्हा विश्वविद्यालय के बॉटनी विभाग के सह प्राध्यापक है और विगत दो वर्षो से विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार के पद पर कार्यरत हैं। इनसे पूर्व भी उन्हें राजभवन से 2 माह का सेवा विस्तार मिला था। जिसका कार्यकाल 6 सितम्बर को समाप्त हो रहा था और अब एक बार पुनः उन्हें दो माह का सेवा विस्तार दिया गया है।

## सेवानिवृत्त फौजी ने हत्या के नीयत से दंपति पर धारदार हथियार से किया हमला, चल रहा इलाज

**भागलपुर।** जिले के सुलतानगंज थाना क्षेत्र के मसदी गांव में एक सेवानिवृत्त फौजी ने मंगलवार को एक दंपति पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। फौजी ने पहले पति के आंख में मिर्ची का पाउडर डाला फिर धारदार हथियार से वार किया। बचाव में पत्नी सामने आई तो उसे भी घायल कर दिया। खेत में काम कर रहे उचित लाल मंडल और उनकी पत्नी सावित्री देवी की हत्या करने का प्रयास गांव के ही सेवानिवृत्त फौजी जमादार मंडल के द्वारा किया गया है। उल्लेखनीय है कि खेत में उचित लाल मंडल कम कर रहे थे। इसी दौरान आरोपी जमादार मंडल वहां पहुंचा और पहले उचित लाल मंडल की आंखों में मिर्ची का पाउडर डाल दिया और उसके बाद तलवार से गले पर वार करने लगा। वहीं पति पर वार होता देख जब पत्नी सावित्री देवी वहां पहुंची और पतिको बचाने का प्रयास किया तब आरोपी के द्वारा पत्नी के गला को भी काटने का प्रयास किया गया और गले के साथ-साथ शरीर के अन्य हिस्सों में तलवार से हमला कर बुरी तरह से घायल कर दिया। दोनों पति-पत्नी को गला पर तलवार से हमला करने के बाद दोनों को खेत में ही घायल अवस्था में छोड़ कर वहां से आरोपी फरार हो गया। घायल का कहना है कि जमादार मंडल के द्वारा सरकारी जमीन पर घर बनाया गया था। जिसकी शिकायत उनके बेटे ने विभाग में की थी। विभाग के द्वारा उसका मकान तोड़कर वहां पर सड़क बना दिया गया। जिसको लेकर वह गुस्से में था। इसके बाद आज उसने हत्या करने का प्रयास किया है। वहीं घायल पति-पत्नी का इलाज जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा अस्पताल में किया जा रहा है।

## रेलवे स्टेशन पर गुटखा खाकर थूकने एवं सिगरेट पीने वालों के विरुद्ध आरपीएफ चला रही है अभियान

**किशनगंज।** रेलवे स्टेशन में गुटखा खाकर थूकने, स्टेशन को गंदा करने व सिगरेट पीने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है।आरपीएफ के निरीक्षक बीएम धर के नेतृत्व में टीम स्टेशन परिसर में जांच अभियान चला रही है। अभियान की शुरूआत सोमवार से की गई। मंगलवार को भी कार्रवाई की गई। अब तक एक दर्जन लोगों से जुमार्ना वसूला गया है। रेलवे स्टेशन को साफ सुथरा रखने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है। इसके अलावे स्टेशन पर जहां तहां फुटपाथ पर दुकान लगाने वालों को भी खाली करवाया जा रहा है। आरपीएफ के अनुसार स्टेशन परिसर में जहां तहां दुकान लगाने से यातायात बाधित होने की समस्या उत्पन्न हो जाती है। कई लोग तो रेलवे स्टेशन के मुख्य द्वार के पास वाहन के आवागमन वाले रास्ते मे भी दुकान लगा देते हैं। इससे अवरोध उत्पन्न हो जाता है। आरपीएफ निरीक्षक बीएम धर ने कहा कि रेलवे स्टेशन को साफ सुथरा रखना पहली प्राथमिकता है। रेलवे आयुक्त का भी निर्देश है कि रेलवे स्टेशन परिसर को साफ सुथरा रखना है। कई लोग ऐसे भी होते हैं जो गुटखा खाकर स्टेशन में जहां तहां थूक देते हैं। ऐसे लोगों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है ।धूम्रपान करने वालों पर भी जुमार्ना लगाया जा रहा है।

## जी-20 : भारत मंडपम में आयोजित भारत की संगीत यात्रा का बेगूसराय के लाल ने किया सह निर्देशन

बेगूसराय। राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की जन्मभूमि और बिहार केसरी डॉ. श्रीकृष्ण सिंह की कर्मभूमि बेगूसराय अपने ऐतिहासिक समय से ही राष्ट्रवाद को बुलंद कर रहा है। आजादी के बाद भी राष्ट्र को प्रगति के पथ पर ले जाने के लिए लगातार प्रयास करता रहा है। इसी कड़ी में अब बीते दिनों संपन्न जी-20 के बैठक में बेगूसराय के लाल ने भारत मंडपम में पारंपरिक वाद्य यंत्रों का ऐसा कमाल दिखाया कि ना केवल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, बल्कि ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक सभी अतिथि मंत्र मुग्ध हो गए। यह कमाल किया है बेगूसराय के बिहट निवासी प्रो. संतोष ने। जी-20 की समाप्ति के बाद जानकारी मिलते लोग अपने लाल पर गर्व महसूस कर रहे हैं। नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित जी-20 के शिखर-सम्मेलन में देश-विदेश के मेहमानों एवं विभिन्न देशों के राष्ट्राध्यक्षों एवं उनकी पत्नी का स्वातम भारत की पारंपरिक वाद्य-यंत्रों के माध्यम से रात्रिभोज के दौरान भारत की संगीत यात्रा का आयोजन कर बेगूसराय के लाल अंतरराष्ट्रीय बांसुरी वादक प्रो. संतोष कुमार के सह निर्देशन में सम्पन्न हुआ। विदेशी मेहमानों के मनोरंजन के लिए एकमात्र सांस्कृतिक आयोजन भारत वाद्य दर्शनम् गांधर्व आतोद्यम यानी भारत की संगीत यात्रा से राष्ट्राध्यक्षों को प्रफुल्लित, आनंदित करने वाले इस कार्यक्रम का सह निर्देशन बेगूसराय जिला के बीहट जागीर टोला निवासी राजेन्द्र मालाकार के ज्येष्ठ पुत्र प्रोफेसर संतोष कुमार ने किया।

## दहेज के लिए गर्भवती पत्नी की हत्या मामले में डीजे ने पति को सुनाई आजीवन कारावास की सजा

**अररिया(हि.स.)।** अररिया जिला एवं सत्र न्यायाधीश हर्षित सिंह के कोर्ट ने दहेज के लिए गर्भवती पत्नी की हत्या कर देने के मामले में आरोपी बनाए गए पति मो.हाफिज तनवीर को दोषी करार देते हुए आज आजीवन कारावास की सजा सुनाई।साथ ही आजीवन कारावास के साथ 25 हजार रुपये आर्थिक दंड की भी सजा सुनाई है। न्यायालय ने सत्र वाद संख्या 347/2021 में अपना फैसला सुनाया। सजा पाए जाने वाले दोषी 35 वर्षीय मो. हाफिज तनवीर पिता - मो. ताजुद्दीन सिमराहा के अहमदपुर के रहने वाले हैं। मामला अररिया थाना प्राथमिकी कांड 773/2014 से संबंधित है।जिसके सूचक अररिया के हृदयपुर निवासी मो. शाकिर पिता - सेदूर रहमान हैं। जिन्होंने अपने प्राथमिकी में बताया था कि आरोपित पति मो.हाफिज तनवीर ने 02 नवम्बर 2014 को अररिया के मिल्लतनगर सैयद कॉलोनी में दहेज की मांग की पूर्ति नहीं होने पर गला दबाकर अपनी पत्नी सबिया नाज की हत्या कर दी।जिस समय विवाहिता की हत्या की गई थी,उस समय वह गर्भवती थी। सजा की बिंदु पर सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष के अधिवक्ता लक्ष्मी प्रसाद नायक ने न्यायालय से कम से कम सजा सुनाई जाने की गुहार लगाई। जबकि सरकार की ओर से अभियोजन पक्ष रखते हुए लोक अभियोजक लक्ष्मी नारायण यादव ने फाँसी की सजा सुनाई जाने का पक्ष न्यायालय के समक्ष रखा। जिस पर न्यायालय ने मामले में मो.हाफिज तनवीर को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास और 25 हजार रुपैये के आर्थिक दंड कीसजा मुककरर की।

## एसएसबी जवान का हत्यारा गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण।** जिला पुलिस ने बीते सात सितंबर को चिरैया थानाक्षेत्र में हुए एसएसबी जवान की हत्याकांड का उद्भेदन करते हुए एक शूटर को हथियार और कारतूस समेत गिरफ्तार किया है। इसकी जानकारी देते मंगलवार को एसपी कांतेश कुमार मिश्र ने बताया कि जवान की हत्या मामले को लेकर सिकरहना डीएसपी अशोक कुमार के नेतृत्व में ढाका इंस्पेक्टर विजय कुमार,चिरैया थानाध्यक्ष सुनील कुमार,कुंडवा चैनपुर थानाध्यक्ष मनोज कुमार पासवान,जिला आसूचना ईकाई के अखिलेश कुमार मिश्र,मनीष कुमार व परिपुअनि आशीष कुमार की विशेष टीम जांच में जुटी थी।